शर्मा হার্ডওৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 172 | गुवाहाटी | शनिवार, 20 जनवरी, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर असम में व्यापक तैयारियां पेज 3
रामराज्य से मिली सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका ... पेज 4
योगी सरकार ने गरीब बेटियों को शादी अनुदान देने के लिए आनलाइन... पेज 5
अपने वालों को खूबसूरत बनाने के लिए अपनाएं पपीते का ये हेयर मास्क पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*वन की अग्नि चंदन की लकड़ी को भी जला देती है, अर्थात दुष्ट व्यक्ति किसी का भी अहित कर सकते हैं।*

– आचार्य चाणक्य

# मोदी सरकार के 10 साल पूर्वोत्तर के लिए स्वर्ण युग : अमित शाह




**शिलांग।** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि मोदी सरकार के तहत पिछले 10 साल पूर्वोत्तर के लिए स्वर्ण युग रहे हैं। इस दौरान बुनियादी ढांचे के विकास और संघर्ष के समाधान पर अभूतपूर्व ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर आज नाकेबंदी और अशांति के अपने इतिहास से हटकर शांति और विकास की ओर बढ़ रहा है। उत्तर-पूर्वी परिषद (एनईसी) के 71वें पूर्ण अधिवेशन को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में बुनियादी ढांचे के निर्माण से न केवल पूर्वोत्तर से दिल्ली और शेष भारत की दूरी कम हो गई है, बल्कि मन का अंतर भी कम हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के तहत पिछले 10 साल पूर्वोत्तर के लिए सबसे महत्वपूर्ण दशक रहे हैं, क्योंकि इस दौरान आजादी के बाद यहां सबसे अधिक विकास हुआ है। पूर्वोत्तर किसी समय जातीय, भाषाई, सीमावर्ती और चरमपंथी समूहों के कारण होने वाली विभिन्न समस्याओं से जूझ रहा था। इन 10 वर्षों में शांति के एक नए और टिकाऊ युग की शुरुआत भी हुई है। गृह मंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में एक्ट ईस्ट नीति के तहत एनईसी की भूमिका और दायरा बढ़ा। शांति और समृद्धि जब साथ होती है, तभी विकास होता है और इसके लिए मोदी सरकार ने अनेक शांति समझौते किए हैं। मोदी सरकार के कार्यकाल में पूर्वोत्तर में हिंसक घटनाओं में 73 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले कुछ वर्षों मे मोदी सरकार ने इस क्षेत्र में कानून-व्यवस्था, उग्रवाद और सीमाओं की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। शाह ने कहा कि हमने हमेशा पूर्वोत्तर को भारत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा माना है। अटल जी के समय पूर्वोत्तर के लिए एक अलग मंत्रालय -शेष पृष्ठ दो पर

# भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल लोगों पर केस दर्ज



**जोरहाट।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा से जुड़े कुछ लोगों पर आज असम की जोरहाट पुलिस ने एक्शन लिया है। जोरहाट के पुलिस अधीक्षक मोहन लाल मीणा ने कहा कि पुलिस ने स्वत: संज्ञान लेते हुए, कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के संबंध में कुछ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दरअसल, कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में जारी यात्रा ने अपने मूल मार्ग को बदल लिया था, जिसकी पुलिस को जानकारी नहीं थी, इसके चलते यात्रा से जुड़े कुछ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अपनी यात्रा के छठे दिन, राहुल गांधी ने शुक्रवार को नाव से ब्रह्मपुत्र नदी पार की और असम के एक द्वीप माजुली के लिए रवाना हुए। पार्टी ने राहुल की एक तस्वीर साझा की, जिसमें वह साथी कांग्रेस -शेष पृष्ठ दो पर

## अरुणाचल : न्याय यात्रा से पहले कई कांग्रेसी भाजपा में

**इटानगर (हि.स.)।** अरुणाचल प्रदेश में कांग्रेस को आज बड़ा झटका लगा। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के अरुणाचल प्रदेश पहुंचने की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को बड़ी संख्या में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। इनमें कांग्रेस के महासचिव समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं। ईटानगर में राज्य भाजपा कार्यालय में आयोजित एक सामूहिक कार्यक्रम में कांग्रेस, एनपीपी और पीपुल्स पार्टी -शेष पृष्ठ दो पर

# असम राइफल्स के मुख्यालय का गृहमंत्री ने किया दौरा



**शिलांग (हि.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज शिलांग के लाइटकोर स्थित असम राइफल्स के मुख्यालय का दौरा किया। इस दौरान गृहमंत्री ने असम राइफल्स मुख्यालय में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने असम राइफल्स के जवानों के मनोबल की सराहना की। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा के लिए असम राइफल्स के बहादुर जवानों द्वारा दिया गया बलिदान अद्वितीय है और -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी


### प्राण-प्रतिष्ठा पर छुट्टी देने को लेकर माकपा का सवाल

**नई दिल्ली।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा सोमवार (22 जनवरी) को होना है। केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को आधे दिन की छुट्टी दी है। सीपीआई (एम) ने सरकार के इस फैसले का विरोध किया है। सीपीआई (एम) पोलित ब्यूरो का कहना है कि यह संविधान और सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के खिलाफ है कि राज्य को किसी भी धार्मिक रंग से मुक्त होना चाहिए। भारत सरकार ने राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा को देखते हुए पूरे भारत में केंद्र सरकार के सभी -शेष पृष्ठ दो पर

### डरें नहीं सीएम हिमंत विश्व : जयराम रमेश

**माजुली (हि.स.)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता जयराम रमेश ने मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा पर कटाक्ष करते हुए कहा है कि वे राहुल गांधी की *भारत जोड़ो न्याय यात्रा* से डरें नहीं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश शुक्रवार को यहां पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब भी राहुल गांधी और भारत जोड़ो न्याय यात्रा की चर्चा होती है तो मुख्यमंत्री डॉ शर्मा अपना मानसिक संतुलन खोकर उलू-जुलूल बातें करने लगते हैं। रमेश ने कहा कि -शेष पृष्ठ दो पर

# भाजपा आपको जंगलों तक सीमित रखना चाहती है : राहुल



**माजुली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शुक्रवार को भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा आदिवासियों को जंगल तक सीमित रखना चाहती है और आदिवासियों को शिक्षा और अन्य सुविधाओं से दूर रखना चाहती है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान असम में अपनी पहली जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों को अधिकार दिए और मूल निवासी होने के नाते संसाधनों पर उन्हें पहला अधिकार दिया। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि हम आपको -शेष पृष्ठ दो पर

# प्राण-प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक फैसला सुनाने वाले जजों को न्योता



**नई दिल्ली।** अयोध्या राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। इस समारोह में शामिल होने के लिए कइयों को आमंत्रण भेजे गए हैं। इनमें सुप्रीम कोर्ट के वे जज भी शामिल हैं, जिन्होंने 2019 में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। एक रिपोर्ट के अनुसार, राम मंदिर को लेकर ऐतिहासिक फैसला सुनाने वाले पांच न्यायाधीशों के अलावा पूर्व मुख्य न्यायाधीशों, न्यायाधीशों और प्रमुख वकीलों सहित 50 से अधिक न्याय क्षेत्र से जुड़े हस्तियों को 22 जनवरी के लिए आमंत्रित किया गया है। बता दें कि नौ नवंबर, 2019 को तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई, पूर्व सीजेआई एसए बोबडे, वर्तमान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ और पूर्व न्यायाधीश अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर की पांच सदस्यीय बेंच ने राम मंदिर के निर्माण के पक्ष में फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने अपने आदेश में श्रीराम जन्म भूमि (विवादित भूमि) राम लला को दी थी और मुस्लिम पक्ष को मस्जिद बनाने के लिए सरकार को पांच एकड़ वैकल्पिक जमीन देने का आदेश दिया था। तत्कालीन सीजेआई रंजन गोगोई वर्तमान में राष्ट्रपति द्वारा नामित राज्यसभा सांसद हैं। न्यायमूर्ति एसए बोबड़े 18 नवंबर, 2019 से 23 अप्रैल, 2021 तक भारत के 47वें मुख्य न्यायाधीश थे। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ वर्तमान में भारत के मुख्य न्यायाधीश हैं। न्यायमूर्ति अशोक भूषण जुलाई 2021 में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश से सेवानिवृत्त हुए। न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर -शेष पृष्ठ दो पर

## प्राण-प्रतिष्ठा : क्यूआर कोड के मिलान के बाद ही मिलेगा प्रवेश

**अयोध्या (हि.स.)।** भगवान श्री रामलला सरकार के प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव में 22 जनवरी को प्रवेश केवल श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा जारी की गई प्रवेशिका के माध्यम ही संभव हो सकेगा। इतना ही प्रवेशिका पर बने क्यूआर कोड का मिलान होगा, उसके बाद ही अतिथियों को श्रीराम मंदिर परिसर में प्रवेश मिल सकेगा। जिनके पास केवल निमंत्रण-पत्र होगा, ऐसे आगंतुकों को प्रवेश नहीं हो पाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अपने -शेष पृष्ठ दो पर

# एक राष्ट्र, एक चुनाव के लिए भारत नहीं : खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने *एक राष्ट्र, एक चुनाव* के विषय पर सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति को पत्र लिखकर कहा है कि संसदीय शासन व्यवस्था को अपनाने वाले देश में एक साथ चुनाव की अवधारणा के लिए कोई स्थान नहीं है तथा उनकी पार्टी एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार का पुरजोर विरोध करती है। समिति के सचिव नीतेन चंद्र को भेजे सुझाव में खड़गे का यह भी कहना था कि एक साथ चुनाव कराने का विचार संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध है और यदि एक साथ चुनाव की व्यवस्था लागू करनी है, तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की आवश्यकता होगी। उन्होंने पत्र में कहा कि जिस देश में संसदीय शासन प्रणाली अपनाई गई हो, वहां एक साथ चुनाव की अवधारणा के लिए कोई -शेष पृष्ठ दो पर

## दलजीत सिंह चौधरी को एसएसबी की कमान

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने वरिष्ठ भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी दलजीत सिंह चौधरी को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिदेशक की कमान सौंपी है। इस सम्बंध में केंद्र सरकार ने एक आदेश जारी कर शुक्रवार को बताया कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने 30 नवंबर, 2025 तक के लिए दलजीत सिंह चौधरी को एसएसबी के महानिदेशक के तौर पर नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि दलजीत सिंह चौधरी उत्तर प्रदेश के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।

# लालू यादव एवं तेजस्वी को फिर से ईडी का समन



**नई दिल्ली/पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जमीन के बदले रेलवे में नौकरी के कथित घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) प्रमुख लालू प्रसाद और उनके बेटे और बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को अपने पटना कार्यालय में पूछताछ के लिए पेश होने को लेकर फिर से समन जारी किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लालू प्रसाद यादव को जहां 29 जनवरी को पेश होने के लिए कहा गया है, वहीं तेजस्वी को 30 जनवरी को बुलाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एक टीम समन देने के लिए लालू प्रसाद की पत्नी और बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के पटना स्थित आधिकारिक आवास पर गई थी। लालू प्रसाद और तेजस्वी को पटना के बैंक रोड स्थित ईडी कार्यालय में उपस्थित -शेष पृष्ठ दो पर

## भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होंगी सभी कोर्स की डिजिटल अध्ययन सामग्री : शिक्षा मंत्रालय



**नई दिल्ली (हि.स.)।** भारत सरकार ने सभी स्कूल और उच्च शिक्षा संस्थानों को अगले तीन वर्षों के भीतर भारतीय भाषाओं में हर पाठ्यक्रम के लिए अध्ययन सामग्री डिजिटल रूप से उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। शिक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि छात्रों को अपनी भाषा में अध्ययन करने का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से, भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि स्कूल और उच्च शिक्षा के तहत सभी पाठ्यक्रमों के लिए अध्ययन सामग्री संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल भारतीय भाषाओं में डिजिटल रूप से उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षा मंत्रालय द्वारा आज जारी एक आदेश में, सरकार ने सभी स्कूल और उच्च शिक्षा नियामकों जैसे यूजीसी, -शेष पृष्ठ दो पर

# टीएमसी और कांग्रेस में बढ़ती तकरार ममता लड़ेंगी 42 सीटों पर




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में इंडिया गठबंधन के घटक दल तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस के बीच तकरार बढ़ती दिख रही है। तृणमूल कांग्रेस ने राज्य की सभी 42 सीटों पर उम्मीदवार खड़ा करने का संकेत दिया है। अगर टीएमसी यह फैसला लेती है, तो बंगाल में इंडिया गठबंधन टूटना लगभग तय है। बता दें कि ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने अभी तक कांग्रेस को साल 2019 के लोकसभा में कांग्रेस की जीती दो सीटें बहरामपुर और मालदा दक्षिण देने की पेशकश कर रही थी, लेकिन कांग्रेस इस पर राजी नहीं है। बता दें कि टीएमसी ने पहले ही इंडिया गठबंधन के अन्य घटक दल माकपा के लिए सीट छोड़ने से इनकार कर दिया था। बंगाल में माकपा और टीएमसी के बीच पहले से ही लड़ाई तय है। शुक्रवार को ममता बनर्जी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने मुर्शिदाबाद के टीएमसी नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में ममता बनर्जी ने साफ कहा कि अधीर रंजन चौधरी कोई फैक्टर नहीं हैं और उन्होंने संकेत दिया कि टीएमसी -शेष पृष्ठ दो पर

# इंडिया की जगह नहीं लिखा जाएगा भारत



**तिरुवनंतपुरम।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्कूली किताबों में इंडिया के जगह पर भारत करने की राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) पैनल की हालिया सिफारिश पर पुनर्विचार करने की केरल सरकार की मांग को खारिज कर दिया है। धर्मेंद्र प्रधान ने केरल के शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी को इस बारे में एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा कि संविधान दोनों नामों के उपयोग को मान्यता देता है और उसमें दोनों का जिक्र है। शिवनकुट्टी को लिखे अपने पत्र में धर्मेंद्र प्रधान -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. ARTCLE WORLD, S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, Ph. : 94350-48866, 94018-06952


# उत्तर कछार हिल स्वायत्त परिषद के निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**डिमा हसाओ ( हि.स. )।** उत्तर कछार हिल स्वायत्त परिषद के निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आज हाफलोंग पुस्तकालय सभागार में आयोजित किया गया। डिमा हसाओ जिला आयुक्त सीमांत कुमार दास ने 28 सदस्यीय उत्तर कछार हिल स्वायत्त परिषद के सभी निर्वाचित सदस्यों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह आज दोपहर बाद शुरू हुआ था। भाजपा के 25 निर्वाचित सदस्यों और तीन निर्दलीय सदस्यों ने अपनी-अपनी मातृभाषा में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के बाद उत्तर कछार हिल स्वायत्त परिषद के पूर्व मुख्य कार्यकारी सदस्य और उत्तर कछार हिल स्वायत्त परिषद के दिहांगी निर्वाचन क्षेत्र से जीते भाजपा उम्मीदवार देबलाल गार्लोसा ने पत्रकारों को बताया कि उत्तर कछार हिल स्वायत्त परिषद के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव आगामी कल तक होगा। विधायी परिषद के अध्यक्ष पद के लिए आज पार्षदों की बैठक होगी, इसके अलावा भाजपा पार्टी के अंदर और पार्टी के आलाकमान के साथ इस संबंध में चर्चा के बाद मेंबर आफ काउंसिल लेजिस्लेटिव एसेंबली (एमसीएलए) के चेयरमैन का नाम तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चेयरमैन जो भी होगा, वह निर्विरोध चुना जाएगा। देबलाल गार्लोसा ने इशारा किया कि संभवतः 13वीं उत्तर कछार हिल स्वायत्त परिषद के अगले अध्यक्ष मोहित होजाई हो सकते हैं। क्योंकि, मोहित होजाई पहले उत्तर कछार हिल स्वायत्त परिषद के मुख्य कार्यकारी पार्षद थे, ऐसे में मोहित होजाई फिर से मुख्य कार्यकारी पार्षद हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसके बाद दूसरे चरण में एमसीएलए की बैठक में परिषद का नेता चुना जाएगा, उसके बाद चेयरमैन के लिए उनका नाम राज्यपाल की मंजूरी के लिए, राजभवन भेजा जाएगा। उसके बाद 26 जनवरी के अंदर नयी परिषद का गठन हो जाने की संभावना है। देबलाल गार्लोसा ने कांग्रेस पार्टी की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए कहा कि इस बार उत्तर कछार हिल स्वायत्त परिषद में कांग्रेस शून्य हो गई है। उन्होंने कहा कि परिषद में इस बार को कोई विरोधी नहीं है। 1952 के बाद से हर चुनाव जीतकर उत्तर कछार हिल्स स्वायत्त परिषद में कांग्रेस के सत्ता में आती रही है लेकिन इस बार कांग्रेस का हाल बेहद बुरा हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा के साथ किसी भी तरह से लड़ाई में सामने नहीं आ पाई। देबलाल गार्लोसा ने कहा कि आने वाले दिनों में जितने भी चुनाव होंगे उनमें कांग्रेस शून्य ही रहेगी।

## हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** एक पुख्ता सूचना के आधार पर असम पुलिस की स्पेशल टॉस्क फोर्स (एसटीएफ) द्वारा की गई छापेमारी के दौरान दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से काफी मात्रा में हेरोइन बरामद की गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया है कि गुवाहाटी के दिसपुर थानांतर्गत खानापाड़ा स्थित सार्वजनिक शौचालय के पास से ड्रग्स तस्कर एवं पेशेवर दो चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों की पहचान मुकुट मंडल (26) और राजदीप चुंगक्रांग (22) के रूप में की गई है। दोनों कामरूप (मेट्रो) जिला के रहने वाले बताए गए हैं। दोनों के पास से प्लास्टिक के छोटे-छोटे 23 कंटेनरों में छुपाए गए 40.1 ग्राम हेरोइन, 2960 रुपये नकद, दो चोरी के मोबाइल फोन, एक सिरिंज, एक विरला एयरोकॉन 59 मिली का नशीले पदार्थ युक्त सिलिंज बरामद किया गया है।

## अनुसूचित जाति के हितों की रक्षा के लिए समिति गठित

**नई दिल्ली।** सरकार ने अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। यह समित मदिगा जैसे अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जाने वाले प्रशासनिक कदमों को परखने का काम करेगी। इस समिति की पहली बैठक 23 जनवरी को होगी। सूत्रों के अनुसार, यह समिति प्रशासनिक कदमों की जांच करेगी। अनुसूचित जाति के अंतर्गत सबसे वंचित समुदायों द्वारा शिकायत की गई है कि उन्हें लाभों का उचित हिस्सा समान रूप से नहीं मिल रहा है। समिति यह सुनिश्चित करेगी कि सभी लाभार्थियों को लाभ मिल सके। मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि प्रधानमंत्री के निर्देश पर कैबिनेट सचिव की अध्यक्षता में सचिवों की एक समिति गठित की गई है। यह अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जाने वाले कदमों की जांच करेगी। उन्होंने बताया कि समिति उन प्रशासनिक कदमों को परखेगी, जो मदिगा जैसे अनुसूचित जाति समुदायों के हितों की रक्षा के लिए उठाए जा सकते हैं। समिति में गृह मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, जनजातीय मामलों के मंत्रालय, कानूनी मामलों के विभाग और सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के सचिव शामिल हैं।


अपोलो विशेषज्ञों से परामर्श

नेफ्रोलॉजी क्लिनिक

**डॉ. वेंकटेश राजकुमार**

MD (Gen Medicine), DM (Nephrology) FISN (Interventions)

**28 जनवरी, 2024 को गुवाहाटी में**

पेशाब में अनियमितता, ब्लैडर समस्याएं, यूरिया एवं क्रियटिनाइन के उच्च स्तर पर होने, क्रोनिक रेनाल फेलियर, किडनी संबंधी समस्याओं के लिए संपर्क करें

**APOLLO HOSPITAL INFORMATION CENTER**
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane-10
Ph : 8404037649, 0361-3102669, 0361-3102166

अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई

हृदय रोग / कार्डियक इलेक्ट्रोफिजियोलॉजिस्ट

**डॉ. ए.एम. कर्थिगेसन**

Cardiac Electrophysiologist & Pacing Specialist

**गुवाहाटी में 28 जनवरी, 2024 को केवल परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे**

हृदय धड़कन / नाड़ी (पल्स) से संबंधित समस्याओं (तेज या धीमी हृदय धड़कन) दिल का दौरा / सांस लेने में परेशानी छाती में दर्द, उच्च रक्तचाप (हाइ प्रेशर) / छाती में कड़ापन, बैचेनी साइनकोप पेसमेकर इम्प्लांटेशन और चेकअप इलेक्ट्रोफिसियोलॉजी स्टडी और आरएफ अब्लेसन आईसीडी या सीआरटी डिवाइस इम्प्लांटेशन और चेक अप्स के लिए अपना-अपना नाम रजिस्टर करा सकते हैं।

**APOLLO HOSPITAL INFORMATION CENTER**
Bora Commercial Complex, Housing Bus Stop, Bashisthapur By Lane No-4 Beltola, Survey Guwahati
Contact : 03612223663/9678769107/8134095156

अपोलो हॉस्पिटल्स चेन्नई

जनरल सर्जन

**डॉ. आर वेंकट सुब्रैमैनियम,** MS, DNB, MNAMS, MRCS, FNB (Laparoscopic Surgery)

गुवाहाटी में केवल परामर्श के लिए उपलब्ध होंगे

**06 जनवरी, 2024 को**

जिस मरीज को जौंडिस अलसर्स, पेट में जल, लीवर समस्या, गोलब्लाडर स्टोन, खून की उल्टी, ब्लड इन मोशन एवं सर्जन / लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की आवश्यकता है, वे अपना अपना नाम रजिस्टर करा सकते हैं।

**APOLLO HOSPITALS REGIONAL OFFICE**
Rajgarh Main Road, Opp-By Lane-10
Ph : 8404037649, 0361-3102669, 0361-3102166


## जंगली सुअर के हमले में महिला समेत दो घायल

**मोरीगांव ( हि.स. )।** मोइराबाड़ी के विभिन्न हिस्सों में पिछले कई दिनों से जंगली सुअर तबाही मचा रहे हैं। जंगली सुअर के हमले में पहले ही कई लोग घायल हो चुके हैं, इसी कड़ी में आज फिर से जंगली सुअर के हमले में एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान मोइराबारी के हातिमुरिया गांव निवासी सजेरा खातून और हेलाल उद्दीन के रूप में हुई है। घायल हेलाल उद्दीन की हालत गंभीर होने पर उसे नगांव सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## मणिपुर में चार नागरिकों की हत्या, एक अन्य शव बरामद

**इंफाल ( हि.स. )।** मणिपुर के विष्णुपुर जिले के निंगथौखोंग खा खुनौ इलाके में अज्ञात हमलावरों ने चार नागरिकों की हत्या कर दी। मणिपुर पुलिस द्वारा आज दी गई औपचारिक सूचना के अनुसार यह हत्या बीती रात को की गई। बीती रात इन चारों शवों की हुई बरामदगी के बाद सुरक्षा बल हत्यारों की तलाश में जुट गए हैं। वहीं, मणिपुर पुलिस द्वारा दी गई एक जानकारी के अनुसार कआंगचउप चिंगखोंग के नजदीकी बंकर हिल्स से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि गुरुवार की रात अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा की गई फायरिंग के दौरान व्यक्ति की मौत हुई होगी। इस सिलसिले में पुलिस आगे की कार्रवाई करने में जुट गई है। उल्लेखनीय है कि बीते कल मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा था कि कुकी उग्रवादी स्थानीय नागरिकों तथा सुरक्षा बलों को लगातार निशाना बना रहे हैं।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कांग्रेस ने नहीं दिया निमंत्रण : टीएमसी





**कोलकाता।** राहुल गांधी की *भारत जोड़ो न्याय यात्रा* असम के बाद 25 जनवरी को पश्चिम बंगाल पहुंचेगी। राहुल की इस यात्रा में तृणमूल कांग्रेस के शामिल होने की पुष्टि अभी तक नहीं की गई है। दरअसल, इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे की खींचतान के बीच टीएमसी अपना रुख स्पष्ट नहीं कर पाई है। मौजूदा समय में भारत जोड़ो न्याय यात्रा असम में जारी है। 25 जनवरी को यह बंगाल पहुंचेगी। 27 जनवरी को बिहार जाने से पहले यह यात्रा जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, उत्तर दिनाजपुर और दार्जिलिंग से होकर गुजरेगी। 31 जनवरी को बंगाल से रवाना होने से पहले राहुल मालदा और मुर्शिदाबाद की यात्रा करेंगे। बता दें कि इन दोनों स्थानों पर ही कांग्रेस की मजबूत पकड़ है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा से जुड़ने के सवाल पर एक वरिष्ठ टीएमसी नेता ने कहा कि इस मार्च में हिस्सा लेने पर फैसला होना अभी बाकी है। कांग्रेस की तरफ से कोई औपचारिक निमंत्रण भी नहीं मिला है। जैसे ही हमें निमंत्रण मिलेगा हम अपने निर्णय की घोषणा करेंगे। मुर्शिदाबाद में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी आज शाम को संगठनात्मक बैठक के दौरान इस मामले पर अपनी राय दे सकती है। ममता बनर्जी समेत कई टीएमसी नेताओं ने कहा है कि बंगाल में केवल उनकी पार्टी ही भाजपा से मुकाबला कर रही है। पार्टी प्रवक्ता कुंतल घोष ने कहा कि यह ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व में तृणमूल कांग्रेस ही है, जिसने 2021 में बंगाल में साबित कर दिया कि भाजपा को हराया जा सकता है। राज्य में वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप भट्टाचार्य ने कहा कि टीएमसी को इस कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए, क्योंकि इससे इंडिया गठबंधन के पक्ष में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि अब टीएमसी को तय करना चाहिए कि उन्हें क्या करना है। बता दें कि टीएमसी और कांग्रेस अभी तक पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव के लिए सीट-बंटवारा समझौते के करीब नहीं पहुंच पाई है। पिछले लोकसभा चुनाव में राज्य में टीएमसी ने 22 सीटें हासिल की थीं, कांग्रेस ने दो और भाजपा के हिस्से में 18 सीटें आई थीं।

## गणतंत्र दिवस में विभिन्न राज्यों की साड़ियों का होगा प्रदर्शन

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** कर्तव्य पथ पर होने वाले इस वर्ष गणतंत्र दिवस परेड का एक आकर्षण होगा *अनंत सूत्र* जिसके अंतर्गत भारत के विभिन्न प्रदेशों और केंद्र शासित प्रदेशों की साड़ियों का शानदार प्रदर्शन किया जा रहा है। विभिन्न राज्यों के बुनकरों द्वारा तैयार की साड़ियों को दर्शक दीर्घा के पीछे प्रदर्शित किया जाएगा। यह भारत की नारी शक्ति और भारत के लाखों बुनकरों के प्रति पूरे देश की आदरांजलि है। शुक्रवार को संस्कृति मंत्रालय ने एक्स पर वीडियो और जानकारी साझा करते हुए बताया कि अनंत सूत्र के रूप में प्रस्तुत भारत के विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की साड़ियों और कपड़ों का प्रदर्शन एक भारत-श्रेष्ठ भारत का अनूठा अनुपम उदाहरण है। अनंत सूत्र के माध्यम से भारत की एकता, सद्भाव, समरसता और समावेशिकता का प्रदर्शन इस बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर किया जा रहा है। अनंत सूत्र भारत के सांस्कृतिक वैभव और विरासत के प्रतीक है, जिसमें अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के उन लाखों बुनकरों की कला कि प्रदर्शन है, जिन्होंने पीढ़ियों से इस विरासत को संजो कर रखा है।

# पृष्ठ एक का शेष

### मोदी सरकार के ...

बनाया गया। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट और एक्ट फ ?र्स्ट के तीन मंत्रों के साथ भारत सरकार के सभी मंत्रालयों में पूर्वोत्तर को प्राथमिकता देकर इसे गति देने का काम किया जा रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि एनईसी ने अपनी स्थापना के 50 साल में पूर्वोत्तर के सभी राज्यों को नीति विषयक मंच देकर इस क्षेत्र के विकास की गति को बढ़ाने और उनकी समस्याओं के समाधान को सरल बनाने का काम किया है। इन 50 वर्षों में इस क्षेत्र में लगभग 12 हजार किलोमीटर से अधिक लंबी सड़कों का निर्माण हुआ और 700 मेगावाट के बिजली संयंत्रों की स्थापना भी हुई। सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को शिलांग में असम राइफल्स के महानिदेशालय का दौरा किया और अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले *बहादुर जवानों* को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक्स पर एक पोस्ट में गृह मंत्री ने कहा कि हमारे राष्ट्र की सुरक्षा के लिए असम राइफल्स के बहादुरों द्वारा किए गए बलिदान अद्वितीय हैं। असम राइफल्स के मुख्यालय महानिदेशालय में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और कर्तव्य का पालन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। गृह मंत्री ने शुक्रवार को यहां ऐतिहासिक महाभैरव मंदिर का दौरा किया और पूजा-अर्चना की। इसके अलावा मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान में भाग लिया। शाह शाम को शिलांग से यहां पहुंचे और उनका *गायन और बायन* (ड्रम और झांझ के साथ धार्मिक नृत्य) के साथ पारंपरिक स्वागत किया गया। गृह मंत्री ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना की और बाद में सफाई अभियान के लिए प्रांगण में आए।

### भारत जोड़ो न्याय...

नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ शुक्रवार को ब्रह्मपुत्र में नाव पर सवार थे। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि हिमंत विश्व शर्मा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार भारत जोड़ो यात्रा को असफल बनाने में लगी है। उन्होंने कहा कि हम 25 जनवरी तक असम में हैं और राज्य सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए, सभी प्रयास कर रही है कि भारत जोड़ो यात्रा यहां सफल न हो। जयराम ने कहा कि असम सरकार यात्रा में बाधाएं पैदा कर रही है, लेकिन हमें विश्वास है कि असम के सभी वर्ग, जिनमें युवा और महिलाएं भी शामिल हैं, वो राहुल गांधी की बात सुनेंगे। राहुल ने भी हिमंत सरकार पर निशाना साधते हुए दावा किया कि देश की *सबसे भ्रष्ट सरकार* राज्य में काम कर रही है। राहुल ने भाजपा और आरएसएस पर नफरत फैलाने का भी आरोप लगाया।

### असम राइफल्स के ...

राष्ट्र हमेशा उनके बलिदान का ऋणी रहेगा। इस दौरान गृहमंत्री ने असम राइफल्स मुख्यालय में साइबर सुरक्षा संचालन केंद्र का भी उद्घाटन किया, जो बल को साइबर हमलों के खतरों से बचाने में सहायक सिद्ध होगा। उल्लेखनीय है कि गृहमंत्री पूर्वोत्तर के तीन दिनों के दौरे पर आए हुए हैं। इस दौरान वे शिलांग, तेजपुर तथा गुवाहाटी में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे।

### भाजपा आपको जंगलों ...

आदिवासी कहते हैं, इसका मतलब है कि मूल निवासी। भाजपा आपको वनवासी कहती है, मतलब जो लोग जंगलों में रहते हैं। कांग्रेस नेता ने राज्य की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा, आदिवासियों को वनों तक ही सीमित करना चाहती है और उनके बच्चों को स्कूल तथा विश्वविद्यालय जा कर शिक्षा ग्रहण करने, अंग्रेजी सीखने एवं कारोबार करने के अवसरों से वंचित करना चाहती है। राहुल गांधी ने असम के द्वीपीय जिले माजुली में आदिवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम चाहते हैं कि जो आपका है, वो आपको लौटाया जाए। आपका जल, भूमि, वन आपका ही रहना चाहिए। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाल रही है। यह यात्रा 6713 किलोमीटर की है, जो 14 जनवरी से मणिपुर से शुरू हुई थी। यह 20 या 21 मार्च को मुंबई में समाप्त होगी। राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेता शुक्रवार सुबह नौका से जोरहाट से माजुली पहुंचे। राहुल गांधी के साथ महासचिव जयराम रमेश, प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया सहित कई शीर्ष मौजूद रहे। माजुली में राहुल गांधी प्रमुख वैष्णव स्थल औनियाती सत्र भी जाएंगे।

### अरुणाचल : न्याय यात्रा ...

ऑफ अरुणाचल के तीन सौ से अधिक नेता एवं कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए। इनमें कांग्रेस समेत इन सभी दलों के जिला अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष समेत प्रदेश स्तर के नेता हैं। उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी अपने भारत जोड़ो न्याय यात्रा अभियान के तहत 20 जनवरी को ईटानगर पहुंचेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार राहुल गांधी शनिवार दोपहर 2 बजे से गुम्टो गेट-दोईमुख-निर्जुली-नाहरलागुन होते हुए ईटानगर पहुंचेंगे। वे एसडीओ ग्राउंड, दोईमुख में एक रैली को संबोधित करेंगे। उसके बाद *जीरो* प्वाइंट तिनाली, से जाकर ईटानगर मट्टो तारिन हायर सेकेंड्री स्कूल ग्राउंड, ईएसएस सेक्टर में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

### प्राण-प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक ...

वर्तमान में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल हैं। बता दें कि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सात हजार से अधिक लोगों को आमंत्रित किया गया है। इनमें तीन हजार से अधिक वीवीआईपी, पुजारी, दानदाता और राजनेता शामिल हैं।

### प्राण-प्रतिष्ठा : क्यूआर ...

सोशल मीडिया प्लेटफार्म *एक्स* के जरिए शुक्रवार को यह जानकारी दी है। ट्रस्ट की ओर से प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव में आमंत्रित महानुभावों को दी गई जानकारी में बताया गया है कि भगवान श्री रामलला सरकार के प्राण-प्रतिष्ठा उत्सव में प्रवेश केवल श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र द्वारा जारी की गई प्रवेशिका (एंट्री पास) के माध्यम से ही संभव है। केवल निमंत्रण पत्र से आगंतुकों को प्रवेश सुनिश्चित नहीं हो पाएगा। प्रवेशिका पर बने क्यू. आर. कोड के मिलान के बाद ही परिसर में एंट्री हो पाएगी। ट्रस्ट ने एक नमूना प्रवेशिका का एक प्रारूप अपलोड किया है।

### एक राष्ट्र, एक ...

जगह नहीं है। सरकार द्वारा एक साथ चुनाव के ऐसे प्रारूप संविधान में निहित संघवाद की गारंटी के खिलाफ हैं। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की ओर से सुझाव के लिए पिछले साल 18 अक्टूबर को कांग्रेस अध्यक्ष को पत्र लिखा गया था। कांग्रेस अध्यक्ष ने 17 बिंदुओं में अपने सुझाव समिति के पास भेजे हैं। खड़गे ने कहा कि सरकार और इस समिति को शुरू में ही इसको लेकर ईमानदार होना चाहिए था कि वे जो प्रयास कर रहे हैं वह संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध हैं और यदि एक साथ चुनाव लागू करना है तो संविधान की मूल संरचना में पर्याप्त बदलाव की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी और देश के लोगों की ओर से मैं उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष (कोविंद) से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करता हूं कि वे संविधान और संसदीय लोकतंत्र को नष्ट करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा उनके व्यक्तित्व और भारत के पूर्व राष्ट्रपति के पद का दुरुपयोग न करने दें। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार का कड़ा विरोध करती है। एक संपन्न और मजबूत लोकतंत्र को बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि इस पूरे विचार को त्याग दिया जाए।

### लालू यादव एवं ...

होने के लिए कहा गया है। दोनों इस मामले में जारी किए गए पूर्व समन पर पेश नहीं हुए थे। इससे पहले ईडी ने दोनों को पहली बार समन जारी कर 22 दिसंबर और 27 दिसंबर को पूछताछ के लिए दिल्ली बुलाया था, लेकिन वे ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुए। इसके बाद ईडी ने लालू-तेजस्वी को दूसरा समन जारी किया लेकिन ईडी के दूसरे समन के बाद भी दोनों बाप-बेटा दिल्ली नहीं पहुंचे। वहीं अब शुक्रवार को ईडी की टीम ने अचानक राबड़ी आवास पहुंचकर खुद अपने हाथों से लालू-तेजस्वी को समन सौंपा। बता दें कि जमीन के बदले नौकरी घोटाला उस समय का है, जब प्रथम संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पहली सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है लालू प्रसाद ने रेल मंत्री रहते हुए रेलवे में नौकरी देने के बदले अपने और अपने परिवार के लोगों के नाम पर जमीन और फ्लैट की रजिस्ट्री कराई थी। पिछले दिनों ईडी ने इस मामले में कारोबारी अमित कात्याल को गिरफ्तार किया था। इस मामले ईडी ने पहली चार्जशीट दाखिल की है जबकि सीबीआई 3 चार्जशीट फाइल कर चुकी है।

### भारतीय भाषाओं में उपलब्ध...

एआईसीटीई, एनसीईआरटी, एनआईओएस, इग्नू और आईआईटी, सीयू और एनआईटी जैसे आईएनआई के प्रमुखों को अपने तीन वर्षों में सभी पाठ्यक्रम की अध्ययन सामग्री भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। यूजीसी, एआईसीटीई और स्कूल शिक्षा विभाग को भी राज्य के स्कूलों और विश्वविद्यालयों के संबंध में मुद्दा उठाने के लिए कहा गया है। एनईपी-2020 इस विचार को दृढ़ता से व्यक्त करता है कि भारत की बहुभाषी प्रकृति इसकी विशाल संपत्ति और ताकत है जिसे राष्ट्र के सामाजिक-सांस्कृतिक, आर्थिक और शैक्षिक विकास के लिए कुशलतापूर्वक उपयोग करने की आवश्यकता है। स्थानीय भाषाओं में सामग्री निर्माण से इस बहुभाषी संपत्ति को बढ़ावा मिलेगा और 2047 तक हमारे देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए *विकसित भारत* में इसके बेहतर योगदान का मार्ग प्रशस्त होगा। सरकार पिछले दो वर्षों के दौरान पहले से ही इस दिशा में काम कर रही है। इंजीनियरिंग, मेडिकल, कानून, यूजी, पीजी और कौशल पुस्तकों का अनुवाद अनुवादिनी एआई आधारित ऐप के माध्यम से किया जा रहा है। ये पुस्तकें एकुंभ पोर्टल पर उपलब्ध हैं। स्कूली शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र में भी दीक्षा पर 30 से अधिक भाषाओं सहित कई भारतीय भाषाओं में अध्ययन सामग्री उपलब्ध है। जेईई, एनईईटी, सीयूईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाएं 13 भारतीय भाषाओं में आयोजित की जा रही हैं।

### टीएमसी और कांग्रेस...

लोकसभा चुनाव में बहरामपुर और मालदा दक्षिण में उम्मीदवार खड़ा कर सकती है। पार्टी नेताओं ने कहा कि ममता बनर्जी ने कहा है कि मुर्शिदाबाद की सभी तीन सीटों पर टीएमसी को जीत हासिल करनी होगी। बता दें कि सीटों के बंटवारे को लेकर टीएमसी और कांग्रेस में तकरार चल रही है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टीएमसी ने कांग्रेस की पांच सदस्यीय राष्ट्रीय गठबंधन समिति से बात करने से इनकार कर दिया था, जो पहले ही समाजवादी पार्टी (एसपी), आम आदमी पार्टी (एएपी), शिव सेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), जनता दल (यूनाइटेड) और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) जैसे अन्य घटक दलों के साथ बातचीत कर चुकी है। सीटों के बंटवारे को लेकर लगातार कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी और टीएमसी नेताओं के बयान सामने आ रहे हैं। अधीर चौधरी लगातार ममता बनर्जी के खिलाफ बयान दे रहे हैं। ऐसे में अब ममता बनर्जी के स्टैंड से गठबंधन और भी जटिल हो गया है। इसके पहले टीएमसी ने कांग्रेस की बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया था। टीएमसी का कहना था कि कांग्रेस को पार्टी की पेशकश के बारे में उन्हें 19 दिसंबर को पहले ही बता दिया गया था। जब इंडिया गठबंधन के नेताओं की मुलाकात हुई थी और किसी अन्य पैनल के साथ आगे की बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं थी। इसके पहले टीएमसी ने राज्य की 42 लोकसभा सीटों में से केवल दो सीटें कांग्रेस को देने में पेशकश की थी। कांग्रेस ने 2019 में अपने दम पर लड़ते हुए ये दो सीटें-बहरामपुर और मालदा दक्षिण जीती थी, लेकिन कांग्रेस आठ से 10 सीटों की मांग की थी। टीएमसी का तर्क है कि 2021 के विधानसभा चुनाव और उसके बाद के नगरपालिका और पंचायत चुनावों के परिणामों के आधार पर, कांग्रेस अपने दम पर बहरामपुर और मालदा दक्षिण को भी बरकरार रखने की स्थिति में नहीं है। अब आज की बैठक के बाद ममता बनर्जी ने मुर्शिदाबाद के नेताओं को बता दिया कि वह अपनी तैयारी पूरी रखे। ऐसे में टीएमसी के एक सांसद का कहना है कि सोनिया गांधी का ममता बनर्जी को एक फोन कॉल बहुत कुछ बदल सकता है और हम उन्हें कुछ सीटें और देने पर सहमत हो सकते हैं, लेकिन कांग्रेस को बंगाल में अपनी संगठनात्मक कमजोरी को ध्यान में रखते हुए यथार्थवादी बातचीत करनी चाहिए।

### इंडिया की जगह ...

ने कहा कि देश के संविधान के अनुच्छेद एक में कहा गया है कि इंडिया, जो कि भारत है और राज्यों का एक संघ है। भारत का संविधान *इंडिया* और *भारत* दोनों को देश के आधिकारिक नामों के रूप में मान्यता देता है, जिसका उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि एनसीईआरटी हमारे संविधान में निहित इस भावना को विधिवत स्वीकार करती है और दोनों में से किसी के बीच अंतर नहीं करती है। मालूम हो कि इससे पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा था कि कुछ निराश लोग देश की पहचान भारत करने को लेकर विवाद पैदा करने के लिए एक-दूसरे से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। उन्होंने कहा था कि कुछ समय से इस बात पर विवाद चल रहा है कि हमारे देश को इंडिया या भारत के नाम से जाना जाना चाहिए। लेकिन फर्क क्या है? मेरा मानना है कि इंडिया और भारत में कोई अंतर नहीं है। भारत हमारे देश का नाम है।

### प्राण-प्रतिष्ठा पर ...

कार्यालय, केंद्रीय संस्थान और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठान 22 जनवरी, 2024 को अपराह्न ढाई बजे तक आधे दिन के लिए बंद करने का निर्णय लिया है। सरकार का मानना है कि छुट्टी में इस दिन कर्मचारी उत्सव में भाग ले सकते हैं। इसमें पोलित ब्यूरो ने भारत सरकार द्वारा जारी ज्ञापन का हवाला दिया है। सीपीआई (एम) ने कहा कि बताया गया है कि भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों ने भी इसी तरह के कदम उठाए हैं। यह एक विशुद्ध धार्मिक समारोह में सरकार और राज्य को सीधे शामिल करने का एक और कदम है। सीपीआई (एम) ने कहा कि कर्मचारियों को अपने धार्मिक विश्वास और व्यवहार के संबंध में व्यक्तिगत विकल्प चुनने का अधिकार है, लेकिन सरकार के लिए इस तरह का सर्कुलर जारी करना पॉवर का दुरुपयोग है। बता दें कि गुरुवार को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने केंद्रीय संस्थानों और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों के संबंध में एक आदेश जारी किया। विभाग ने केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को जारी आदेश में कहा कि अयोध्या में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी, 2024 को पूरे भारत में मनाया जाएगा।

### डरें नहीं सीएम ...

राहुल गांधी की असम यात्रा के तीन दिन में ही मुख्यमंत्री हिमंत घबरा गए हैं। इस यात्रा में राज्य के सभी जाति, धर्म और संप्रदाय के लोग भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से राहुल गांधी के कार्यक्रम में बूढ़े, जवान, महिलाओं की भागीदारी हो रही है, उससे सरकार हड़बड़ा गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हिमंत चाहे जितना जोर लगा लें, लेकिन यह यात्रा और छह दिन तक असम में चलेगी। राहुल गांधी की यात्रा अरुणाचल प्रदेश जाएगी, वहां से लौटने के बाद रविवार को नगांव जिले के कोलियाबर में जनसभा होगी। जिसमें राहुल गांधी के साथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा अन्य कई राष्ट्रीय एवं प्रदेश कांग्रेस के नेता मौजूद रहेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान जयराम रमेश के साथ सांसद गौरव गोगोई भी मौजूद थे।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित। संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com. ( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )

# रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर असम में व्यापक तैयारियां



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रहे रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर गुवाहाटी समेत पूरे असम में व्यापक पैमाने पर तैयारी की गई है। राज्य के मंदिर परिसरों की सफाई की गई है तथा जगह-जगह पर आकर्षक रोशनी की व्यवस्था की गई है। गुवाहाटी शहर समेत राज्य के सभी शहरों को राम पताका से सजाने का अभियान चल रहा है। राज्य सरकार द्वारा इस दौरान आधे दिन का सरकारी अवकाश की घोषणा को लेकर राज्य के सरकारी कर्मचारियों में व्यापक हर्षोल्लास देखा जा रहा है। सभी अपने-अपने तरीके से इस अवसर को विशेष रूप से मनाने की तैयारी कर रहे हैं। इधर, सिलचर से आयी खबरों के अनुसार सिलचर समेत पूरे बराक घाटी में उत्सव का माहौल है। सिलचर शहर को रोशनी से सजाया गया है, पूरे शहर के आकर्षण को बढ़ा दिया है। इसके अलावा पूरे सिलचर शहर को राम पताका से सजाया गया है।

इसी बीच, भगवान राम के भक्त उनकी तस्वीर वाले झंडों की तलाश में दुकानों पर उमड़ पड़े हैं। लोग अपने घरों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, बाइकों और अन्य वाहनों पर झंडे लगाने के लिए झंडे ढूंढते दिखे। वहीं, एक अन्य सूचना के अनुसार मंगलदै के श्रीराम जानकी मंदिर में विशाल व्यवस्था की गई है। मंगलदै स्थित राम-जानकी मंदिर परिसर को एक लाख दीपों से जगमगाने की तैयारी की गई है। प्राण-प्रतिष्ठा के मौके पर देश के सभी मंदिरों के साथ, दरंग जिले के लगभग सभी मंदिरों में वैदिक नियमों के अनुसार पूजा किए जाएंगे।

## गुवाहाटी में भी महोत्सव मनाने की तैयारी पूरी

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** पूरे देश के साथ-साथ गुवाहाटी में भी विश्व हिंदू परिषद और शंकरदेव शिशु निकेतन की पहल पर श्रीराम मंदिर का *प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव* मनाने की तैयारी की जा रही है। अयोध्या में भव्य आयोजन कर आध्यात्मिक वातावरण में राम मंदिर में भगवान श्रीराम की आत्मा की नींव रखी जाएगी। इस शुभ अवसर पर, 22 जनवरी को उत्तर गुवाहाटी शंकरदेव शिशु निकेतन में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद उत्तर गुवाहाटी, आमीनगांव प्रखंड के पालक मुकुटेश्वर गोस्वामी, शंकरदेव शिशु निकेतन के प्रधानाचार्य उत्पल तालुकदार, उप प्रधानाचार्य जगदीश शर्मा, मातृभारती की रीमा सैकिया आदि इस कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। जोनमणि कलिता ने बताया है कि प्रात: 8:30 बजे श्री राम का पूजन-वंदन होगा। 9 बजे से मातृभारती की पहल पर धार्मिक शोभायात्रा, 10 बजे से छात्रों द्वारा रामायण दर्शन किया जाएगा, 11 बजे बड़ी स्क्रीन पर अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण होगा। शाम को दीप प्रज्ज्वलित कर क्षेत्र को भी रोशन किया जाएगा। इसके साथ ही मातृभारती, आचार्य-आचार्याओं के साथ बैंड श्रीरामधुन के जाप के साथ *जय श्री राम* की ध्वनि के जरिए एक आध्यात्मिक वातावरण बनाया जाएगा। उत्तर गुवाहाटी के अभयपुर प्राथमिक विद्यालय में 22 जनवरी को रोडाली क्लब की पहल पर राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा मानाया जाएगा। गुवाहाटी महानगर जिला विश्व हिन्दू परिषद के सभी 12 प्रखंड में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव मानाया जाएगा। गुवाहाटी महानगर जिला विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष सुभराम बोरा और विभाग प्रमुख चन्दन राभा ने सभी राम भक्तों का अभिनन्दन करते हुए प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को सफल बनाने के लिए आह्वान किया है।

# नगांव में गाजे-बाजे के साथ श्रीराम जी की निकली बारात



**नगांव ( नि.सं. )।** शहर के हैबरगांव स्थित सेठ मेघराज अग्रवाल स्मृति भवन मे चल रही पांच दिवसीय श्रीराम लीला के आज दूसरे दिन श्री कृष्णाश्रम शिव मंदिर से आयोजन स्थल तक श्रीराम जी की गाजे बाजे के साथ बारात निकाली गई। जिसमे आयोजक श्रीराम सेना के सदस्यो के साथ शहर के काफी संख्या मे महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। सभी लोग सज संवर के बारत मे जय श्रीराम के नारे लगाते चल रहे थे। बीच सडक पर फुलो की बरसात भी की गई थी और समाज सेवी जगदीश प्रसाद लोहिया के प्रतिष्ठान जनता आइरन स्टोर पर बारात की अगवानी की गई। श्रीराम व अन्य बारातियो का फुलो से स्वागत किया गया। बाद मे बारात आयोजन स्थल पर पंहुची। श्रीराम लीला के आज के दूसरे दिन के प्रसंग मे धनुष यज्ञ, परशुराम संवाद और श्रीराम विवाह का सजीव चित्रण दिखाया गया। आज श्रीराम लीला के यजमान प्रीति-आलमपुरिया थे जिन्होंने श्रीराम लीला आरंभ से पूर्व पूजा विधि संपन्न करवाई। वृंदावन से आमंत्रित रास बिहारी कृपा मण्डल के स्वामी प्रदीप कृष्ण ठाकुर महाराज ने श्रीराम लीला प्रसंग के बीच-बीच मे सुमधुर भजन प्रस्तुत कर आयोजन स्थल को श्रीराम मय कर दिया।

# प्राण-प्रतिष्ठा : हिंदू जनजागृति समिति का धार्मिक कार्यक्रम आयोजित



**गुवाहाटी ( विभास )।** श्री राम जन्मभूमि, अयोध्या में चल रहे श्री राम लला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर गुवाहाटी के श्री पूर्व तिरुपति बालाजी मंदिर के उद्यान में हिंदू जनजागृति समिति द्वारा एक धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्री राम के भजन के अलावा श्री रामचरित मानस के सुंदरकांड का श्रवण भी किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन हिंदू जनजागृति समिति के गुवाहाटी महानगर समन्वयक कमलेश कुमार गुप्ता ने किया जिसमें भार्गव कलिता, भुवनेश्वर बसूमतारी, उमेश साह, चंदन सिंह, रामकृपालु चौबे, परशुराम गुप्ता, सुदामा चौहान, आदि ने हृदयपूर्वक भजन और श्रवण किया। ब्रह्मपुत्र अकादमी के कुछ छात्रों ने श्री राम भजन पर मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया। नगर संकीर्तन का कार्यक्रम 21 जनवरी को करने का संकल्प लिया गया।

# एक लाख दीपक की रोशनी से जगमग होगा वशिष्ठाश्रम

**गुवाहाटी ( विभास )।** जैसे जैसे अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का दिन नजदीक आ रहा है, देश में सभी मंदिर और देवालयों में भी चहल पहल, साफ सफाई बढ़ गई है। गुवाहाटी में भी मंदिरों को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। हर एक मंदिर में उस दिन विशेष प्रकार के आयोजन और पूजा अर्चना की व्यवस्था की जा रही है। इसी क्रम में गुवाहाटी स्थित वशिष्ठ आश्रम में 22 जनवरी को एक लाख दीप प्रज्ज्वलित की व्यवस्था की जा रही है। यह आयोजन वशिष्ठ चाराली, नतुन बजार, बंगाली बस्ती और उससे लगे हुए क्षेत्र के युवा मिलकर कर रहे हैं। इस दौरान 21 जनवरी को वशिष्ठ मंदिर से वशिष्ठ चाराली तक एक सोभा यात्रा निकाली जाएगी। उसी दिन सुबह मंदिर और घाटों की सफाई भी होगी। 19जनवरी से ही मंदिर के बंदरों को केला और चना खिलाने का कार्यक्रम शुरू किया गया है। 22 जनवरी को सुबह मंदिर के अहाते को रंगोली से सजाया जाएगा। उसके बाद योजनाबद्ध तरीके से दीपक को मंदिर और घाटों में रखा जाएगा। साम 4 बजे से दीप प्रज्ज्वलित का कार्यक्रम शुरू होगा। साम



6 बजे मंदिर के घाट में गंगा आरती की जायेगी जिसमे 21 ब्राह्मण भाग लेंगे। यह विदित है कि ब्रह्मऋषि वशिष्ठ भगवान राम के कुल गुरु थे। वशिष्ठ आश्रम आदि काल में गुरु वशिष्ठ की तपोभूमि थी। बगल में ही गुरुमाता अरुंधति की गुफा भी है। आशा है एक लाख दीप प्रज्ज्वलित जैसे आयोजन से वशिष्ठ आश्रम की प्रसिद्धि और महत्व का और अधिक विस्तार होगा। समस्त गुवाहाटी वासियों को इसमें बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया गया है। इस आयोजन में सक्रियता से जुड़ी सारिका सिंह ने हमारे संवाददाता को बताया कि आयोजन का नेतृत्व स्थानीय युवा अजय डे कर रहे हैं, जिनकी गुवाहाटी से केदारनाथ धाम तक की पैदल यात्रा चर्चा का विषय बनी हुई थी।

# जो दुखी वो न होगा कभी सुखी : आचार्य प्रमुख सागर



**गुवाहाटी ( विभास )।** जो व्यक्ति हमेशा शौकाकुल रहता है, रूठा रहता है, दूसरों की निंदा स्वयं की प्रशंसा करता है, बात-बात में मरने की धमकिया देता है, ऐसे विचार, भाव, परिणाम, वाला कपोत लेश्या वाला होता है। उन्होंने कहां की हमें हमेशा खुश रहना चाहिए। किसी से भी नाराज नहीं होना चाहिए। यह उक्त बातें भगवान महावीर धर्म स्थल में विराजित आचार्य प्रमुख सागर महाराज ने गुरुवार को एक धर्म सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दूसरों की निंदा स्वयं की प्रशंसा से नीचे गोत्र का आश्रव होता है, बंध होता है। आप कपोत लेश्या के परिणामों से बचे मरने की धमकी ना दे, नहीं आत्महत्या करे, क्योंकि आत्म-हत्या करने वाला दुर्गति का पात्र होता है और कई कुयुतिंयो में भटकता है। कृष्ण, नील, कपोत, यह तीनों लेश्याए अशुभ है इससे बचना चाहिए। प्रचार प्रसार के मुख्य संयोजक ओम प्रकाश सेठी ने बताया कि आगामी 25 जनवरी से आयोजित होने वाले पंचकल्याण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।

# 24वीं एसएसबी रंगिया का विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन



**रंगिया ( विभास )।** दीपक सिहं कमांडेट 24वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रंगिया ( असम ) के मार्ग-दर्शन में 24वीं वाहिनी रंगिया द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम ( उत्तर-पूर्व ) के तहत सीमा क्षेत्र के 25 होनहार विद्यार्थियों ( 13 छात्र एवं 12 छात्राएं ) के लिए शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस शैक्षिक भ्रमण दल को श्री राजीव राणा उप-महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय रंगिया द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह शैक्षिक भ्रमण दल स्वीकृत कार्ययोजनानुसार सर्वप्रथम सशस्त्र सीमा बल के 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रशिक्षु प्रशिक्षण केंद्र सलोनीबारी में मनाए जा रहे स्थापना दिवस परेड समारोह में हिस्सा लेगें एवं साथ ही तेजपुर स्थित विभिन्न दर्शनीय स्थानो पर भ्रमण कर उनके बारे में शैक्षणिक जानकारी प्राप्त करेंगें तदोपरांत यह शैक्षिक भ्रमण दल असम स्थित काजीरंगा नेशनल पार्क में भ्रमण कर उसके इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करेगें। तत-प्रश्चात यह दल गुवाहाटी स्थित तारा मंडल, चिड़ियाघर, वॉर मेमोरियल का भ्रमण करेंगें एवं अंत में यह दल सशस्त्र सीमा बल के गुवाहाटी, स्थित सीमांत मुख्यालय के महानिरीक्षक आर.के. भुमला से भेंट कर वापस 24वीं वाहिनी की ओर प्रस्थान करेंगा। इस भ्रमण दल का उद्देश्य सीमा क्षेत्र के होनहार विद्यार्थियो का मनोबल बढाना, देश प्रेम के प्रति जागरूक करना एवं उनकी सोच एवं क्षमता को देश हित हेतु तैयार करना। इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान सभी विद्यार्थियों को 24वीं वाहिनी एसएसबी की ओर ट्रेक सूट, टी शर्ट, जूते, केप, स्कूल बैग एवं कॉपी,कलम प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया।

# रंगिया सिविल अस्पताल में एसबीए प्रशिक्षण प्रारंभ



**रंगिया ( विभास )।** एएनएम नर्सों को और अधिक सक्रिय बनाने के उद्देश्य से रंगिया महकमा सिविल अस्पताल में गुरुवार से एक प्रशिक्षण शिविर आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण रंगिया और कमलपुर ब्लॉक की लगभग 40 नर्सों के लिए आयोजित किया गया है। पांच दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण का आधिकारिक उद्घाटन रंगिया अस्पताल के उप-अधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार वैश्य ने किया। कार्यक्रम की मेजबानी अस्पताल के कर्मचारी अमूल्य वैश्य ने की। शिविर में डॉ तिलक कुमार, डॉ गौरंगो मेधी और डॉ जयंत शर्मा द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. अशोक कलिता और अस्पताल के बहुत से कर्मचारी भी उपस्थित थे। अस्पताल के उप-अधीक्षक डॉ. दिलीप वैश्य के नेतृत्व में आयोजित यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण आगामी 22 जनवरी को समाप्त होगा, बताया गया है यह प्रशिक्षण इस बात पर केंद्रित है कि नर्सों को रोगियों एवं प्रसव के दौरान महिलाओं की देखभाल कैसे करनी चाहिए।

# तीन दिवसीय बाबा रामदेव कथा भागवत की कलश-निशान यात्रा से शुभारंभ



**गुवाहाटी ( विभास )।** बाबा रामदेव भक्त संगम गुवाहाटी का सोलहवां वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में गुवाहाटी गौशाला के वृंदावन गार्डन में ऐतिहासिक त्रि दिवसीय श्री रामदेव भागवत कथा का आयोजन बाबा की कलश व निशान यात्रा से शुभारंभ किया गया। उन्नीस जनवरी से ईक्कीस जनवरी तक चलने वाली इस त्रिदिवसीय कथा की कलश यात्रा में एक सौ ईकावन से भी अधिक महिलाओं ने कलश व निशान उठाया। पुरुषों ने भी बाबा के पचरंगी निशान को लहराया। कलश यात्रा को गलापट्टी स्थित बाबा रामदेव मंदिर से कथावाचक सुशील गोपाल बजाज ने नारियल फोड़ कर प्रारंभ किया। इसके अलावा बाबा रामदेव के वंशज प्रेम सिंह तंवर ने बाबा के रथ पर स्वास्तिक बनाकर रवाना किया। कलशयात्रा शुभारंभ के अवसर पर वृंदावन धाम के महामंडलेश्वर जय किशन गिरी अपना आशीर्वाद देने के लिए विशेष रूप से उपस्थित थे। कलश निशान यात्रा गल्लापट्टी रामदेव मंदिर से प्रारंभ होकर चाय गली, एच बी रोड, एसआरसीबी रोड, एमएस रोड, सती जयमति रोड आठगांव होते हुए गौशाला में कथा स्थल पर समापन हुई। फैंसी बाजार शनि मंदिर के सामने कलश निशान यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। दोपहर तीन बजे से कथा वाचक सुशील गोपाल बजाज ने कथा प्रवचन देते हुए प्रथम दिन आवाहन की आरती से कथा प्रारंभ की। इसके अलावा राजा अजमल जी का सूक्ष्म परिचय व भगवान रामदेव जी के जन्म की कथा सुनाई। इससे पहले मुख्य यजमान ने पूजा अर्चना कर रामदेव जी के पदचिन्ह पगलिया का अभिषेक किया एवं जोत प्रचलित कर आरती की।

## जंगली हाथी के हमले में घायल वनकर्मी की मौत

**ग्वालपाड़ा ( हि.स. )।** ग्वालपाड़ा के उलुपाड़ा में चार दिन पूर्व जंगली हाथी के हमले में घायल वनकर्मी रथिन नाथ की शुक्रवार सुबह गुवाहाटी के एक्सेल केयर अस्पताल में मौत हो गई। गुरुवार की रात भी ग्वालपाड़ा जिले में जंगली हाथियों ने आतंक मचाया और कई घर नष्ट कर दिए। ग्वालपाड़ा के उलुपाड़ा में जंगली हाथी के हमले में 16 जनवरी को एक वनकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल वनकर्मी रथिन नाथ को ग्वालपाड़ा शहर के सलेश अस्पताल ले जाया गया लेकिन बेहतर इलाज के लिए उसे गुवाहाटी रेफर कर दिया गया थाए जिसकी शुक्रवार को मौत हो गई। ग्वालपाड़ा जिले में जंगली हाथियों का आतंक अभी भी जारी है। गुरुवार की रात दुधनोई के पास सोटमाटिया और बरपथार में हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया।

# भाजपा ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का किया विरोध

**इटानगर ( हि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी की अरुणाचल प्रदेश इकाई ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह रैली भारत अन्याय यात्रा है जो आगले 20 जनवारी को इटानगर राजधानी क्षेत्र और पापुम पारे जिले के अंतर्गत दोईमुख में आयोजित की जाएगी। आज अरुणाचल प्रेस क्लब में मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रवक्ता डोमनिक तादार ने कहा कि वर्तमान में भाजपा सरकार के तहत पूर्वोत्तर राज्य सहित अरुणाचल प्रदेश प्रगतिशील और सबसे तेजी से विकास कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से डबल इंजन सरकार के तहत अरुणाचल प्रदेश में विकास तेजी से हो रहा है, जिसे प्रमुखता मिली और संचार, सड़क कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे सहित सभी क्षेत्रों में पर्याप्त विकास हुआ है। राज्य में विकास कार्य शांतिपूर्वक चल रहा है। उन्होंने कहा, लेकिन




राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का प्रभाव पड़ेगा, लोगों को भ्रमित किया जाएगा, इसलिए हम ( भाजपा ) राहुल की रैली का विरोध करते हुए इसे भारत अन्याय यात्रा कहते हैं, क्योंकि अरुणाचल प्रदेश वैसे भी पिछले 60 वर्षों से कांग्रेस शासन के तहत सामाजिक रूप से पीडि़त रहा है। आर्थिक और बुनियादी ढांचे के विकास और हमेशा सौतेला व्यवहार मिला है; इसके लिए कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए और इस नौटंकी के बारे में सोचना बंद कर देना चाहिए। पूर्वोत्तर भारत पहले कांग्रेस पार्टी की दोषपूर्ण नीतियों के कारण इस क्षेत्र में उग्रवाद के लिए जाना जाता था और हमारे युवा कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार, खराब नीतियों के कारण उग्रवाद में शामिल होने के लिए मजबूर थे, लेकिन भाजपा सरकार के तहत यह बदल गया है और अब यहां शांति कायम है। तादार ने दावा किया कि 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद, कांग्रेस पार्टी ने कभी भी अरुणाचल प्रदेश को विकसित करने की कोशिश नहीं की, बल्कि उनके तत्कालीन रक्षा मंत्री एके एंटोनी ने रिकॉर्ड पर कहा कि सीमाओं में बुनियादी ढांचे का विकास उनकी नीति में नहीं है। उन्होंने कहा कि लेकिन 2014 में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आने के बाद तेजी से विकास के साथ यह सब बदल गया।

## मणिपुर : कोकोमी ने कुकी उग्रवादियों पर सुरक्षा सलाहकार के बयान पर ध्यान दिलाया

**इंफाल ( हि.स. )।** मणिपुर के एक प्रमुख सामाजिक- सांस्कृतिक संगठन, कोऑर्डिनेटिंग कमेटी ऑन मणिपुर इंटीग्रिटी ( कोकोमी ) ने कहा है कि राज्य भर में कुकी उग्रवादियों की बढ़ती भागीदारी को लेकर सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह के बयान पर राष्ट्रीय ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। इस मामले पर सुरक्षा सलाहकार की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, कोकोमी ने कहा कि राष्ट्रीय मीडिया को कुलदीप सिंह की टिप्पणी के इस विशेष पहलू पर ध्यान देना चाहिए। कोकोमी ने राष्ट्रीय मीडिया से आग्रह किया है कि वह कुलदीप सिंह के आलोचनात्मक बयानों को कवर करें, जिसमें विदेशी भाड़े के सैनिकों और कुकी आतंकवादियों की संभावित संलिप्तता पर प्रकाश डाला जाए, जो वर्तमान में भारत सरकार के साथ संचालन निलंबित हैं।

# पूसीरे के रूफ टॉप सोलर पैनल पर 6110 की डब्ल्यूपी ऊर्जा उत्पन्न

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** भारतीय रेल 2030 तक नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जोरदार प्रयास कर रही है। जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता को कम करने के प्रयास में, पूर्वोत्तर सीमा रेल ( पूसीरे ) पूरे जोन में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर अधिक से अधिक हरित ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए कदम उठा रहा है। दिसंबर, 2023 तक पूसीरे ने 6110.233 किलोवाट पीक ( केडब्ल्यूपी ) का उत्पादन करने वाले रूफ टॉप सोलर ऊर्जा संयंत्र चालू किए हैं। इससे 46.83 लाख यूनिट की बचत होगी, जो सालाना बिजली बिल में लगभग 3.74 करोड़ रुपये है। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने आज बताया है कि *गो-ग्रीन* मिशन के तहत, असम के 45 स्टेशनों और अन्य सेवा भवनों में रूफ टॉप सोलर पैनल लगाया गया है, जो 4509 केडब्ल्यूपी उत्पन्न करता है। पश्चिम बंगाल में 24 स्टेशनों को रूफ टॉप सोलर पैनल से लैस किया गया है, जो 554.20 केडब्ल्यूपी का उत्पादन करता है। बिहार में 11 स्टेशनों को 390 केडब्ल्यूपी उत्पन्न करने वाले सोलर रूफ टॉप पैनल से फिट गया है। त्रिपुरा में 16 स्टेशनों को 335 केडब्ल्यूपी बिजली उत्पन्न करने वाले सोलर रूफ टॉप पैनल से फिट किया गया है; नगालैंड के 02 स्टेशनों और मेघालय के 01 स्टेशन को क्रमश: 120 केडब्ल्यूपी और 10 केडब्ल्यूपी का उत्पादन करने वाले सोलर रूफ टॉप पैनल से फिट किया गया है। इसके अलावा, असम, बिहार और पश्चिम बंगाल के 388 समपार फाटकों पर 192.033 केडब्ल्यूपी वाले सोलर रूफ टॉप सिस्टम चालू किए गए। चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही में, ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूसीरे अपने क्षेत्राधिकार में 1871 केडब्ल्यूपी क्षमता की सोलर रूफ टॉप सिस्टम चालू करने को तत्पर है।

# रामराज्य से मिली सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास व सबका प्रयास की प्रेरणा : मोदी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के सोलापुर में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए जनता से 22 जनवरी को अपने घरों को राम ज्योति से रोशन करने का एक बार फिर आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को जलाई जाने वाली राम ज्योति लोगों के जीवन से गरीबी दूर करने के लिए प्रेरणा बनेगी। प्रधानमंत्री सोलापुर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान लगभग 2,000 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार पहले दिन से प्रयास कर रही है कि श्रीराम के आदर्शों पर चलते हुए देश में सुशासन हो, देश में ईमानदारी का राज हो। ये रामराज्य ही है जिसने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की प्रेरणा दी है। मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारे देश में लंबे समय तक गरीबी हटाओ के नारे लगते रहे लेकिन गरीबी नहीं हटी। गरीबों के नाम पर योजनाएं तो बनाई जाती थीं, लेकिन उनका लाभ गरीबों को नहीं मिलता था। उनके हक का पैसा बिचौलिए लूट जाते थे। पहले की सरकारों की नीति, नीयत और निष्ठा कठघरे में थी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मेरी सरकार ने गरीबी हटाने के उद्देश्य से योजनाएं लागू कीं। 2014 में सरकार बनते ही मैंने कहा था, "मेरी सरकार गरीबों के लिए समर्पित सरकार है। इसलिए हमने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं लागू कीं, जिससे गरीबों की मुश्किलें कम हों और उनका जीवन आसान बने।" उन्होंने कहा कि ये समय हम सभी के लिए भक्ति-भाव से भरा हुआ है। 22 जनवरी को वो ऐतिहासिक क्षण आने वाला है, जब हमारे भगवान राम अपने भव्य मंदिर में विराजेंगे। हमारे आराध्य के दर्शन टेंट में करने की दशकों पुरानी पीड़ा अब दूर होने जा रही है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले कुछ संतों के मार्ग दर्शन में मैं अपने यम नियमों में व्यस्त हूं और मैं उसका कठोरता से पालन कर रहा हूं। ये भी संयोग है कि मेरे अनुष्ठान की शुरूआत नासिक जिले के पंचवटी की भूमि से हुई। मोदी ने कहा कि भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है और आत्मनिर्भर भारत बनाने में हमारे छोटे, लघु और कुटीर उद्योगों की बहुत बड़ी भागीदारी है। इसलिए केंद्र सरकार, एमएसएमई को, छोटे उद्योगों को लगातार बढ़ावा दे रही है। केंद्र में हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में भारत, दुनिया की टॉप-3 अर्थव्यवस्था में शामिल होने वाला है। मैंने देशवासियों को गारंटी दी है कि आने वाले मेरे टर्म में, मैं भारत को दुनिया के पहले तीन देशों में लाकर खड़ा करूंगा।

## देश में अब तक दो लाख से ज्यादा विकसित भारत स्वास्थ्य शिविर लगे, पांच करोड़ लोगों ने लिया भाग



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** देश में चल रहे विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत अब तक ग्राम पंचायतों और शहरी स्थानीय निकायों में दो लाख से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए गए हैं। इन शिविरों में आने वालों लोगों की संख्या 5 करोड़ के पार पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि इन शिविरों में 2.61 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए और 2.62 करोड़ से अधिक लोगों की टीबी की जांच की गई। इसके साथ लगभग 10 लाख लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में भेजा गया। इन शिविरों में सिकल सेल रोग के लिए 31.34 लाख से अधिक लोगों की जांच की गई और 60,900 लोगों को उच्च सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए रेफर किया गया। स्वास्थ्य शिविरों में आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत आयुष्मान ऐप का उपयोग करके आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं और लाभार्थियों को भौतिक कार्ड वितरित किए जा रहे हैं। अब तक 48,96,774 कार्ड वितरित किए गए हैं।

## दिल्ली हवाई अड्डे से 26 जनवरी तक सुबह ढाई घंटे उड़ान पर रहेगा प्रतिबंध

DELHI INDIRA GANDHI INTERNATIONAL AIRPORT

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** गणतंत्र दिवस की तैयारियों को देखते हुए सुरक्षा कारणों की वजह से आज से 26 जनवरी के दिन तक सुबह करीब ढाई घंटे तक उड़ान सेवाओं पर प्रतिबंध रहेगा। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने एक ट्वीट में कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर 19 से 26 जनवरी तक भारतीय समयानुसार सुबह 10:20 बजे से दोपहर 12:45 बजे के बीच दिल्ली हवाई अड्डे पर न कोई उड़ान आएगी और न ही प्रस्थान नहीं करेगी।

## महुआ मोइत्रा ने खाली किया बंगला



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा ने सरकारी बंगला नंबर 9 बी टेलीग्राफ लेन को आज शुक्रवार सुबह 10 बजे खाली कर दिया। मकान को संपदा निदेशालय को सौंप दिया गया है। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक मकान अधिकारियों के आने से पहले ही खाली कर दिया गया था और जबरन कोई निष्कासन नहीं हुआ। लोकसभा से सदस्यता जाने के बाद टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को आवंटित सरकारी बंगला खाली करने के लिए नोटिस भेजा गया था। इसके खिलाफ उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। गुरुवार को दिल्ली हाई कोर्ट ने संपदा निदेशालय के नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। इसके बाद आज संपदा निदेशालय की टीम मोइत्रा का बंगला खाली करवाने के लिए पहुंची थी।

## सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाली के खिलाफ दायर याचिका खारिज की

**- याचिकाकर्ता अशोक पांडे पर एक लाख रुपये का हर्जाना लगाने का आदेश**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता बहाली के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता अशोक पांडे पर एक लाख रुपये का हजार्ना लगाने का आदेश दिया। इससे पहले इसी याचिकाकर्ता अशोक पांडे पर लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल की बहाली को चुनौती देने के लिए एक लाख रुपये का जुमार्ना लगाया था। याचिका में कहा गया था कि जन प्रतिनिधित्व कानून की धारा 8(3) और संविधान के अनुच्छेद 102 और 191 के तहत एक बार अगर संसद का कोई सदस्य सदस्यता खो देता है तो बिना आरोपों से बरी हुए उसकी सदस्यता बहाल नहीं हो सकती है। याचिका में मांग की गई थी कि सुप्रीम कोर्ट निर्वाचन आयोग को निर्देश जारी करे कि वो राहुल गांधी की सीट को खाली घोषित करके वायनाड लोकसभा सीट पर चुनाव कराए। उल्लेखनीय है कि मोदी सरनेम वाले मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 4 अगस्त को राहुल गांधी की दोषसिद्धि पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद लोकसभा सचिवालय ने 7 अगस्त को राहुल गांधी की सदस्यता बहाल कर दी थी। 4 अगस्त 2023 को जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा था कि निचली अदालत ने अधिकतम सजा देकर गलती की है। सुप्रीम ने कहा था कि इस केस में अधिकतम सजा (2 साल) होने के चलते राहुल की सदस्यता गई, पर निचली अदालत के जज ने फैसले में ये साफ नहीं किया कि अधिकतम सजा तय करने की वजह क्या है। इस फैसले में और बहुत-सी सीख दी गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि क्या ये बात विचार योग्य नहीं है कि इस फैसले के चलते (अधिकतम सजा, होने के के चलते) एक सीट बिना प्रतिनिधित्व के रह जाएगी। ये सिर्फ एक ही व्यक्ति के अधिकार तक ही सीमित रहने वाला मामला नहीं है, ये उस सीट के वोटरों के अधिकार से भी जुड़ा मसला है।

## वडोदरा बोट हादसा: अतिरिक्त पुलिस आयुक्त की अध्यक्षता में एसआईटी करेगी जांच

**-हरणी तालाब को प्रशासन ने सील किया**



**वडोदरा, (हि.स.)।** वडोदरा के हरणी तालाब बोट हादसे की जांच स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) करेगी। राज्य सरकार ने अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मनोज निनामा की अध्यक्षता में 7 पुलिस अधिकारियों को इसमें शामिल किया है। एसीपी क्राइम ब्रांच को इसकी जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हरणी बोट हादसा की जांच में पुलिस उपायुक्त जोन-4 वडोदरा पन्ना मोमाया (सुपरविजन अधिकारी), क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त युवराज सिंह जाडेजा (सुपरविजन अधिकारी), क्राइम ब्रांच के ही सहायक पुलिस आयुक्त एच ए राठौड़ (जांच अधिकारी), हरणी थाने के पीआई सी बी टंडेल (सदस्य), क्राइम ब्रांच के पीआई एमएफ चौधरी (सदस्य), डीसीबी थाने के पीएसआई पीएम धाकडा (सदस्य) को शामिल किया गया है। इसके अलावा वडोदरा के हरणी तालाब की सभी एंट्री प्वाइंट को महानगर पालिका प्रशासन ने सील कर दिया है। फूड कोर्ट की दुकानों को भी सील करा दिया गया है।

**18 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज** - हरणी तालाब हादसे को लेकर वडोदरा क्राइम ब्रांच ने अब तक 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मेसर्स कोटिचा प्रोजेक्ट के संचालकों के खिलाफ हरणी थाने में शिकायत दर्ज की गई है। लापरवाही को लेकर 18 लोगों के विरुद्ध धारा 304, 308, 337, 338 और 114 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। वडोदरा महानगर पालिका के कार्यपालक इंजीनियर राजेश चौहान ने प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें हरणी लेक जोन में वर्ष 2017 से कामों का वर्क आर्डर मेसर्स कोटिचा प्रोजेक्ट को सौंपा गया है। इसमें अलग-अलग राइडस, खाने-पीने की दुकानों, ब्लैंकेट हॉल और बोटिंग आदि की सुविधा प्रदान करते हुए इसकी सभी प्रकार की जिम्मेदारी मेसर्स कोटिचा को प्रदान की गई है।

**आरोपितों के नाम** - बिनीत कोटिचा, हितेष कोटिचा, गोपालदास शाह, वत्सल शाह, दीपेन शाह, धर्मिल शाह, रश्मिकांत प्रजापति, जतिन दोशी, नेहा दोशी, तेजल दोशी, भीम सिंग यादव, वेदप्रकाश यादव, धर्मिन भटाणी, नूतन शाह, वैशाली शाह, मैनेजर शांतिलाल सोलंकी, बोट ऑपरेटर नयन गोहिल, बोट ऑपरेटर अंकित।

## गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज का न होने पाए अनादर : गृह मंत्रालय




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्य सरकारों व केन्द्र शासित प्रदेशों को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर किसी भी कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज का अनादर न होने पाए। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को एक परिपत्र जारी किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि महत्वपूर्ण राष्ट्रीय, सांस्कृतिक और खेल आयोजनों के अवसरों पर जनता द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले कागज से बने झंडों को फेंका न जाए। गृह मंत्रालय ने राज्यों से कहा है कि गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के बाद झंडों का निपटान, झंडे की गरिमा के अनुरूप, निजी तौर पर किया जाना चाहिए, जिससे झंडे की गरिमा पर आंच न आए। गृह मंत्रालय ने राज्यों से यह भी अनुरोध किया है कि लोग गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के बाद कागज आदि के बने झंडे को जमीन पर न फेंकें, इसके लिए राज्य सरकार जागरूकता अभियान चलाएं।

## कोर्ट में वर्चुअली पेश हुए मनीष सिसोदिया, न्यायिक हिरासत 5 फरवरी तक बढ़ी



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में आरोपित और दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शुक्रवार को सीबीआई से जुड़े मामले में राऊज एवेन्यू कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश हुए। कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 5 फरवरी तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने आज मनीष सिसोदिया को वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेश करने पर आपत्ति जताई। कोर्ट ने कहा कि हमने सिसोदिया को सशरीर कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया था। उन्हें तिहाड़ जेल से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश होने का कोई ई-मेल भी नहीं आया। कोर्ट ने तिहाड़ जेल प्रशासन को निर्देश दिया कि वो अगली सुनवाई के दिन सिसोदिया को सशरीर पेश करने का निर्देश दिया। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत आज खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। 12 दिसंबर, 2023 को कोर्ट ने आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। 21 नवंबर, 2023 को कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सिसोदिया के वकीलों से कहा था कि आप मामले के ट्रायल में देरी करना चाहते हैं। 10 नवंबर को कोर्ट ने सिसोदिया को अपनी बीमार पत्नी से मिलने की इजाजत दी थी। 30 अक्टूबर, 2023 को सुप्रीम कोर्ट ने सिसोदिया को जमानत देने से इनकार कर दिया था। 25 अप्रैल, 2023 को सीबीआई ने इस मामले में दिल्ली में पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। सीबीआई ने इस मामले में सिसोदिया को भी आरोपित बनाया था। सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था। 25 नवंबर, 2022 को सीबीआई ने पहली चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 15 दिसंबर, 2022 को पहले चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। कोर्ट ने आरोपितों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 120बी और भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 7, 7ए और 8 के तहत आरोप तय किए थे। पहले चार्जशीट में कोर्ट ने जिन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पर संज्ञान लिया है, उनमें कुलदीप सिंह, नरेंद्र सिंह, विजय नायर, अभिषेक बोइनपल्ली, अरुण रामचंद्र पिल्लै, मुत्थू गौतम और समीर महेंद्रू शामिल हैं।

## असाधारण उपलब्धि के लिए 19 बच्चों को राष्ट्रपति 22 को करेंगी सम्मानित, 23 को प्रधानमंत्री बच्चों से करेंगे बात

**विज्ञान भवन में आयोजित होगा पुरस्कार वितरण समारोह**

**पुरस्कार पाने वालों में नौ लड़के और दस लड़कियां शामिल**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू देशभर के असाधारण उपलब्धि करने वाले 19 बच्चों को विज्ञान भवन में 22 जनवरी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 से सम्मानित करेंगे। इन पुरस्कार पाने वाले बच्चों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 जनवरी को बातचीत करेंगे। सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2024 (पीएमआरबीपी) के लिए कला और संस्कृति के लिए सात, बहादुरी के लिए एक, नवाचार के लिए एक, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के लिए एक, सामाजिक सेवा के लिए चार और खेल के लिए पांच बच्चों को चुना गया। इन्हें असाधारण उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार पाने वालों में दो आकांक्षी जिलों सहित 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से नौ लड़के और दस लड़कियां शामिल हैं। पीएमआरबीपी पुरस्कार विजेता को एक पदक और प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी भी बच्चों के साथ बातचीत भी करेंगी और राज्यमंत्री डॉ. मुंजपारा महेंद्रभाई की उपस्थिति में उन्हें सम्मानित करेंगी। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार बच्चों को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान करती है। यह पुरस्कार 5 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों को कला और संस्कृति, बहादुरी, पर्यावरण, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा और खेल में पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाते हैं, जो राष्ट्रीय मान्यता के पात्र हैं।

## बिलकिस बानो के दोषियों को सुप्रीम कोर्ट से झटका, 21 जनवरी तक करें सरेंडर



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** बिलकिस बानो के दोषियों को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि बिलकिस बानो के दोषियों को 21 जनवरी तक सरेंडर करना होगा। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने दोषियों को सरेंडर करने के लिए अतिरिक्त समय देने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दोषियों की याचिका में कोई मेरिट नहीं है। इस मामले के पांच दोषियों ने सुप्रीम कोर्ट में सरेंडर करने की मोहलत मांगी थी। इनमें गोविंद नाई, प्रदीप मोढिया ने 4-4 सप्ताह, मितेश भट्ट, रमेश चांदना और बिपिन जोशी ने 6-6 सप्ताह में सरेंडर करने की मोहलत मांगी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 8 जनवरी को 11 दोषियों की रिहाई का फैसला रद्द कर सभी को 4 सप्ताह में समर्पण करने को कहा था। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि गुजरात सरकार को नहीं बल्कि महाराष्ट्र सरकार को रिहाई के बारे में फैसला लेने का अधिकार है। अपराध भले ही गुजरात में हुआ हो लेकिन महाराष्ट्र में ट्रायल चलने के कारण फैसला लेने का अधिकार गुजरात सरकार के पास नहीं है। कोर्ट ने सभी दोषियों को दो हफ्ते में सरेंडर करने का आदेश दिया था।

## कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लिया




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने वक्फ बोर्ड से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में ईडी की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। स्पेशल जज राकेश स्याल ने सभी आरोपितों को 25 जनवरी को कोर्ट ने पेश होने का निर्देश दिया। कोर्ट ने आरोपितों जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद नासिर, कौसर इमाम सिद्दीकी और जीशान हैदर के अलावा पार्टनरशिप फर्म स्काई पावर के खिलाफ समन जारी किया है। कोर्ट ने 12 जनवरी को चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने 9 जनवरी को चार्जशीट दाखिल की ही। करीब पांच हजार पेजों के चार्जशीट में ईडी ने जावेद इमाम सिद्दीकी, दाऊद नासिर, कौसर इमाम सिद्दीकी और जीशान हैदर को आरोपित बनाया है। ईडी ने पार्टनरशिप फर्म स्काई पावर को भी आरोपित बनाया है। ईडी के मुताबिक ये मामला 13 करोड़ 40 लाख रुपये की जमीन की बिक्री से जुड़ा हुआ है. आप विधायक अमानतुल्लाह खान के अज्ञात स्रोतों से अर्जित संपत्ति से जमीनें खरीदी और बेची गईं। कौसर इमाम सिद्दीकी की डायरी में 8 करोड़ रुपये की एंट्री की गई है। जावेद इमाम को ये संपत्ति सेल डीड के जरिए मिली। जावेद इमाम ने ये संपत्ति 13 करोड़ 40 लाख में बेची। जीशान हैदर ने इसके लिए जावेद को नकद राशि दी। इस मामले में पहले सीबीआई ने केस दर्ज की थी। सीबीआई की ओर से 23 नवंबर, 2016 को विधायक अमानतुल्लाह खान समेत 11 आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जांच के बाद सीबीआई ने 21 अगस्त, 2022 को चार्जशीट दाखिल की। सीबीआई के मुताबिक दिल्ली वक्फ बोर्ड के सीईओ और संविदा पर दूसरी नियुक्तियों में गड़बड़ियां की गईं. सीबीआई की चार्जशीट में कहा गया है कि इन नियुक्तियों के लिए अमानतुल्लाह खान ने महबूब आलम और दूसरे आरोपितों के साथ साजिश रची, जिन्हें वक्फ बोर्ड में विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया था। चार्जशीट के मुताबिक इन नियुक्तियों में मनमानी की गई और अमानतुल्लाह खान और महबूब आलम ने अपने पद का दुरुपयोग किया।

## गणतंत्र दिवस पर फ्लाईपास्ट में दो महिला पायलट उड़ाएंगी फाइटर जेट

**- झांकी में सूडान से भारतीय निकासी प्रयास 'ऑपरेशन कावेरी' को दिखाया गया**

**- वायुसेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को दिखाएगी**




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** गणतंत्र दिवस परेड में इस बार वायु सेना के फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायु सेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिनमें 29 लड़ाकू, 8 परिवहन, 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे। भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर आशीष मोघे ने बताया कि एलसीए तेजस फॉर्मेशन गणतंत्र दिवस परेड में अपनी शुरूआत करेगा, जिनमें से चार परेड में तेजस फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। परेड में कुल 51 विमान भाग लेंगे, जिसमें फ्लाईपास्ट का हिस्सा महिला लड़ाकू पायलट भी होंगी। इनमें सुखोई-30 को फ्लाइंग ऑफिसर अस्मा शेख और फ्लाइट लेफ्टिनेंट अनन्या शर्मा उड़ाएंगी। सी-295 परिवहन विमान पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेगा। भारतीय वायुसेना 1971 में पाकिस्तान पर विजय के प्रसिद्ध टैंगेल एयरड्रॉप को भी चित्रित करेगी, जिसमें एक डकोटा विमान और दो डोर्नियर टैंगेल फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। भारतीय वायुसेना के मुताबिक गणतंत्र दिवस परेड में 29 लड़ाकू विमान, 8 परिवहन और 13 हेलीकॉप्टर और एक विरासत विमान शामिल होंगे। चार विमान भारतीय सेना के और एक भारतीय नौसेना से होगा। परेड में 6 राफेल वज्रांग फॉर्मेशन इनवर्टेड वाइन ग्लास फॉर्मेशन में उड़ान भरेंगे। फ्लाईपास्ट का दूसरा भाग परेड के बाद लगभग 11:50 बजे शुरू होगा और 12:05 बजे समाप्त होगा। इस वर्ष गणतंत्र दिवस के लिए भारतीय वायुसेना की झांकी में सूडान से भारतीय निकासी प्रयास 'ऑपरेशन कावेरी' को दिखाया गया है। झांकी को सक्षम, सशक्त और आत्मनिर्भर कैप्शन दिया गया है। इस बार 48 अग्निवीर वायु महिलाएं परेड में हिस्सा ले रही हैं। परेड में 144 सदस्यीय भारतीय वायुसेना के मार्चिंग दल का नेतृत्व स्क्वाड्रन लीडर रश्मि ठाकुर, स्क्वाड्रन लीडर सुनीता यादव, स्क्वाड्रन लीडर प्रतीति अहलूवालिया और फ्लाइट लेफ्टिनेंट कीर्ति रोहिल करेंगी। मार्चिंग दल का नेतृत्व करने वाली स्क्वाड्रन लीडर सुनीता यादव ने पिछले साल पेरिस में 'बैस्टिल डे' परेड में हिस्सा लिया था। पिछले साल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'बैस्टिल दिवस' पर मुख्य अतिथि थे और इस साल इमैनुएल मैक्रॉन भारत के 75वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। उस समय भारतीय राफेल जेट और भारतीय सशस्त्र बलों की टुकड़ी ने पेरिस में चैंप्स-एलिसीस में मार्च किया था।

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण मिलने पर टीएमयू कुलाधिपति का हुआ सम्मान



**मुरादाबाद, (हि.स.)।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद के कुलाधिपति सुरेश जैन को रामलला प्राण प्रतिष्ठा के लिए आमंत्रण मिलने पर मुरादाबाद जैन समाज की ओर से गुरुवार रात्रि में पंचायत भवन के सभागार में भव्य समारोह के बीच को सम्मानित किया गया। अभिनन्दन समारोह में मुख्य रूप से दिगंबर और श्री श्वेतांबर जैन समाज के साथ ही शहर के विभिन्न सामाजिक संगठन एवं गणमान्यों ने सुरेश जैन को सम्मानित किया।

कार्यक्रम की शुरूआत श्रीराम स्तुति के साथ की गई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रीराम की महिमा का बखान किया गया। अभिनंदन समारोह में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की ओर से कुलाधिपति के अलावा टीएमयू कुलाधिपति की पत्नी वीना जैन, जीवीसी मनीष जैन, )चा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन, जान्हवी जैन, नंदिनी जैन की उल्लेखनीय उपस्थित रही। अभिनंदन समारोह में एमएलसी डा. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि यह समूचे मुरादाबाद के लिए गौरव का विषय है कि सुरेश जैन अयोध्या धाम में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनेंगे। कार्यक्रम का संचालन विपिन जैन और डा. माधव शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर श्री दिगंबर जैन समाज मुरादाबाद के अध्यक्ष अनिल जैन, उप्र राज्य बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा. विशेष गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. शैफाली सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सतपाल सिंह सैनी, आरएसएस के महानगर संघचालक डा. विनीत गुप्ता, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, भाजपा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, अमरोहा नगर पालिका चेयरमैन शशि जैन, महिला जैन समाज मुरादाबाद की अध्यक्ष नीलम जैन, केडीआरसी के डायरेक्टर केके मिश्रा, आरएसएस के विभाग संघचालक सुरेन्द्र पाल सिंह, एमएलसी गोपाल अंजान, नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष डा. गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट, पवन जैन, संदीप जैन, सर्वोदय जैन, अनुज जैन, राजेंद्र जैन, ऊषा जैन, पवन जैन, राजीव जैन, गुरप्रीत सिंह दुआ, आलोक अग्रवाल, संजय धवन, आलोक कट्टा, सौरभ गुप्ता, अविनाश गुप्ता, भाजपा पूर्व महानगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा, हिमांशु मेहरा, काव्य सौरभ रस्तौगी, डा. मीनू मेहरोत्रा, गिरीश वर्मा, डा. रवि गंगल, हरि गोपाल शर्मा, दीक्षांत चौधरी आदि समेत बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में श्री दिगंबर जैन समाज, भगवान महावीर जयंती महोत्सव समिति, वषायोग समिति, रामगंगा विहार जैन समिति,श्री दिगंबर महिला जैन समाज,महिला जैन समाज- रामगंगा विहार के संग-संग श्री श्वेतांबर जैन समाज की मुख्य भूमिका रही है।

# योगी सरकार ने गरीब बेटियों को शादी अनुदान देने के लिए आनलाइन मांगा आवेदन

**कानपुर, (हि.स.)।** योगी सरकार पिछड़े वर्ग के गरीब परिवार की बेटियों की शादी में आर्थिक सहायता देने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए आनलाइन आवेदन मांगा है। हालांकि अल्पसंख्यक वर्ग शामिल नहीं है। यह जानकारी शुक्रवार को जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विनय उत्तम ने दी। उन्होंने बताया कि अल्पसंख्यक को छोड़कर पिछड़ी जाति के गरीब परिवार की बेटियों की सरकार शादी अनुदान योजना के लिए आर्थिक सहायता दे रही है।

**जाने कहा करना है आवेदन** - विनय उत्तम ने बताया कि योजना के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट shadi-anudan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन करने के लिए सबसे महत्पूर्ण यह है कि वेबसाइट में आधार आधारित प्रमाणीकरण की नई व्यवस्था (ई-के.वाई.सी.) संबंधी कतिपय महत्वपूर्ण परिवर्तन किये गये हैं। अन्य पिछड़े वर्ग के आवेदक को निम्नानुसार आधार कार्ड लिंक मोबाइल नम्बर पर ओ.टी.पी. के माध्यम से अपना आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि शादी अनुदान योजना का लाभ लेने के लिए आनलाइन आवेदन पत्र भरे जाने के लिये सबसे पहले आवेदक द्वारा आनलाइन आवेदन भरने से पूर्व अपने आधार कार्ड एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नम्बर तथा जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, बैंक खाते की पासबुक (जिसमें पूर्ण विवरण हो), शादी का कार्ड आदि अभिलेख होना आवश्यक हैं।

**कौन कर सकता है आवेदन** - पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि गरीब बेटी की मां एवं पिता के अतिरिक्त अभिभावक आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन शादी अनुदान पोर्टल पर जाकर "http:hadi-anudan.upsdc.gov.in पर अपना पंजीकरण कराने के लिए अपना आधार नंबर अंकित कर आधार अभिप्रमाणन की प्रक्रिया शुरू करेगा। शादी अनुदान पोर्टल पर वित्तीय वर्ष 2023-24 से आवेदक तथा पुत्री, जिसकी शादी अनुदान हेतु



आवेदन किया जा रहा है, दोनों का आधार आधारित ई-के.वाई.सी. सुनिश्चित किया जाना है। अतः आधार से लिंक मोबाइल नम्बर साथ होना अनिवार्य है।

आवेदक द्वारा शादी का प्रमाण पत्र अथवा शादी का कार्ड जो पठनीय हो), बैंक की पासबुक (पठनीय हो), प्रथम पृष्ठ जिसमें आवेदक (खाताधारक व बैंक का नाम, बैंक का खाता संख्या व आई.एफ.एस. कोड का विवरण अंकित हो) अपलोड किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आधार का अभिप्रमाणन पूर्ण होने के उपरान्त प्राप्त रजिस्ट्रेशन नम्बर एवं मोबाइल पर प्राप्त ओ.टी.पी. के माध्यम से लागिन कर आवेदन भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। आवेदक की आय गरीबी सीमा के अन्तर्गत होनी चाहिए अर्थात शहरी क्षेत्र के आवेदक की वार्षिक आय 56460 रुपए तक से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले आवेदक की वार्षिक आय 46080 रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। आय सीमा की पात्रता में आने वाले आवेदक ही आवेदन कर सकेंगे। शादी अनुदान हेतु प्रथम आगत प्रथम पावत सिद्धान्त के अनुरूप उपलब्ध बजट की सीमा तक प्राप्त आवेदन-पत्रों पर नियमानुसार निर्धारित अनुदान राशि बीस हजार रूपए का भुगतान किया जायेगा। योजना में विधवा एवं दिव्यांग आवेदकों को वरीयता प्रदान की जायेगी। आवेदन केवल शादी से 90 दिन एवं 90 दिन बाद तक ही स्वीकार होंगे। लेकिन उक्त अवधि की गणना वित्तीय वर्ष अर्थात एक अप्रैल से 31 मार्च के मध्य होनी चाहिए। विवाह हेतु किये गये आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष या उससे अधिक एवं वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी अनिवार्य है। आवेदक आवेदन को अन्तिम रूप से सबमिट करने से पूर्व कोई भी प्रविष्टि में सुधार कर सकता है, किन्तु फाइनल सबमिट के उपरान्त आवेदन में किसी प्रकार का सुधार सम्भव नहीं होगा। एक परिवार से अधिकतम दो बेटियों की शादी में अनुदान अनुमन्य होगा। उन्होंने बताया कि शादी अनुदान योजना से सम्बन्धित अन्य किसी जानकारी के लिए विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कानपुर नगर कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने आवास, परिवहन, दर्शन व्यवस्था प्रमुखों के साथ की समीक्षा बैठक

**अयोध्या, (हि.स.)।** प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पूर्व गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने सर्किट हाउस में आवास, परिवहन, दर्शन व्यवस्था प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। इससे पूर्व उन्होंने नव्य अयोध्या में बन रहे 25 हजार रामभक्तों के लिए आवास व्यवस्था का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह भी मौजूद रहे। बैठक में आवास व्यवस्था से प्रमुख अभिषेक मिश्र को आगंतुको की रहने, ठंड से बचाव के लिए समुचित इंजताम, शौचालय व अन्य मूलभूत सुविधाओं का विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

भोजन व्यवस्था प्रमुख मिथिलेश त्रिपाठी को भोजन तथा अल्पाहार के कैम्प के स्थानों के चयन पर विशेष ध्यान देने को कहा। परिवाहन विभाग से जुड़े लोगों को पार्किंग तथा सुगम यातायात हेतु प्रशासन से समन्वय बनाने का निर्देश दिया। राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने



कहा कि प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव ऐतिहासिक क्षण जब रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजित हो रहे हैं। उनके दर्शन को आने वाले किसी भी श्रद्धालु को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो यह हम सभी का दायित्व है। सभी को बेहतर आतिथ्य भाव के साथ आने वाले भक्तों का स्वागत करना है। उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या ने हो इसका विशेष ध्यान देना होगा।

# गर्भगृह में रखी गई श्रीरामलला की मूर्ति की पहली तस्वीर आई सामने

**- 22 जनवरी को होगी श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा**

**अयोध्या, (हि.स.)।** अयोध्या में राममंदिर के गर्भगृह में रखी गई श्रीरामलला की मूर्ति की पहली तस्वीर सामने आई है। वह अभी कपड़े से ढकी हुई है। अनुष्ठान पूरा होने के बाद 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। 18 जनवरी को अनुष्ठान के तीसरे दिन यानी गुरुवार दोपहर 12:30 बजे के बाद श्रीरामलला की मूर्ति श्रीराम मंदिर परिसर में प्रवेश हुई थी और उसे गर्भगृह के चौखट तक पहुंचाया गया था। शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा वाली जगह पर विराजमान श्रीरामलला की पहली तस्वीर जारी की है।



**अनुष्ठान के समय में परिवर्तन** - चौथे दिन यानी शुक्रवार को होने वाले अनुष्ठान के समय में परिवर्तन किया गया है। शुक्रवार की सुबह 8:55 बजे से ही अनुष्ठान शुरू होगा। अरणि मन्थन द्वारा प्रगट हुई अग्नि को भी शुक्रवार को कुण्ड में स्थापित किया जाएगा। आचार्य अरुण दीक्षित ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 09 बजे अरणि मन्थन से अग्नि प्रकट होगी। इससे पूर्व गणपति आदि स्थापित देवताओं के पूजन का कार्य सम्पादित कर लिया जायेगा।

# रामलला की कृपा पाने को निःशुल्क उपचार, पढ़ाई करवा रहे भक्त

**मेरठ, (हि.स.)।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा ने पूरा माहौल राममय बना दिया है। भगवान राम के प्रति अगाध श्रद्धा के कारण कुछ डॉक्टर 22 जनवरी तक मरीजों का निःशुल्क उपचार करेंगे तो एक शिक्षक ने एक महीने के लिए निःशुल्क कोचिंग शुरू की है। इसी तरह से अधिवक्ता भी निःशुल्क परामर्श लोगों को दे रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा के अवसर को लोग यादगार बनाने में जुटे हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय मैनेजमेंट कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने 108 फुट की प्रभु श्रीराम की आकृति की मानव श्रृंखला बनाकर लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराने की पहल की है। इसी तरह से स्कूलों में रामायण को लेकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग में भगवान राम पर चित्रकला प्रतियोगिता हो रही है। इस अवसर पर भगवान श्रीराम की कृपा पाने के लिए तमाम प्रोफेशनल्स आगे आ रहे हैं। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा फूलबाग कॉलोनी में 21 जनवरी को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रकोष्ठ के डॉ. राजकुमार बजाज, डॉ. राजीव अग्रवाल, डॉ. आशु मित्तल इस शिविर में लोगों का परीक्षण करेंगे। सर्जन जहां मरीजों का ऑपरेशन निःशुल्क करेंगे तो महिला रोग विशेषज्ञ इस दौरान निःशुल्क डिलीवरी करेंगे। इस शिविर में इसमें सांसद राजेंद्र अग्रवाल, महानगर अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज आदि उपस्थित रहेंगे।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्ट स्कूलों के लिए कुशल और दक्ष प्रबंधक नियुक्त

**-छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षण वातावरण देना और स्कूल का सर्वांगीण विकास होगी प्रबंधकों की जिम्मेदारी**

रांची, 19 जनवरी (हि.स.)। झारखंड के मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में पठन-पाठन और शिक्षण गतिविधियों के बेहतर प्रबंधन के लिए राज्य में पहली बार राज्य शिक्षा परियोजना परिषद ने कुशल व दक्ष स्कूल प्रबंधकों की नियुक्ति की है। ये प्रबंधक बेहतर संचार कौशल, प्रबंधन में दक्षता और प्रभावशीलता से स्कूल के संचालन की सभी पहलुओं की देखरेख करेंगे। स्कूल प्रबंधक प्रशासनिक कार्यों के साथ स्कूल की सफलता के लिए स्कूल बोर्ड और समुदाय के प्रति जवाबदेह होंगे। शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के बीच संचार और सहयोग को बेहतर बनाने में भी यह अपना योगदान सुनिश्चित करेंगे। प्रारंभिक चरण में सात मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में इन स्कूल प्रबंधकों की नियुक्ति की गयी है। अगले चरण में शेष बचे स्कूलों में भी प्रबंधकों की नियुक्ति पूरी कर ली जायेगी।

**इन्हें मिली प्रबंधन की जिम्मेदारी**




-एसएम ओमाइर- टीवीएस मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, जगन्नाथपुर, रांची
-संजय झा- जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, बमार्माइंस, जमशेदपुर
- समी अख्तर- जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, धनबाद
-अनिल कुमार पांडेय- जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, मेदिनीनगर, पलामू
- शिवरत्न प्रसाद- बरियातू बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, रांची
- सुभेंदु मजूमदार- जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, चाईबासा
- राम प्यारे सिंह- जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, हजारीबाग

विद्यालय प्रबंधकों की प्राथमिकताएं छात्रों को सर्वोत्तम शिक्षण वातावरण प्रदान करना या इन स्कूलों के बुनियादी ढांचे, रख-रखाव पर नजर रखना इन प्रबंधकों की प्राथमिकता होगी। स्कूलों के आर्थिक कोष की देखभाल करना, यह सुनिश्चित करना कि सब कुछ सुचारू व बेहतर रूप से चले। स्कूल में अनुशासन सुनिश्चित करना और छात्रों के साथ शिक्षकों दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रबंधकों की जिम्मेदारी होगी। स्कूल में स्वछता, प्रतियोगिताओं, गतिविधियों, स्कूल यात्राओं और वनभोज आदि के आयोजन का ध्यान स्कूल प्रबंधक को रखना होगा। शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए परस्पर संचार और सहयोग को बेहतर बनाना भी इन प्रबंधकों की जिम्मेदारी होगी।

**सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में होनी है नियुक्ति** - राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा राज्य में वर्तमान में संचालित सभी 80 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों समेत फेज 2 में शामिल नए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में स्कूल प्रबंधकों की नियुक्ति की जानी है। चरणबद्ध तरीके से सभी विद्यालयों में विद्यालय प्रबंधकों की नियुक्ति की जायेगी। शेष बचे 73 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में स्कूल प्रबंधकों की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द शुरू कर दी जायेगी।

# झारखंड हाई कोर्ट में धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम के मामले में याचिकाकर्ता की हस्तक्षेप याचिका स्वीकृत

**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट में पलामू में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री (बाबा बागेश्वर धाम) के 10 से 15 फरवरी तक प्रस्तावित कार्यक्रम के संबंध में दाखिल हनुमंत कथा आयोजन समिति की रिट याचिका की सुनवाई शुक्रवार को हुई। मामले में जस्टिस आनंदा सेन की कोर्ट ने याचिकाकर्ता के उस हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकार कर लिया, जिसमें उसने 10 दिसंबर के पलामू उपायुक्त के आदेश को चुनौती दी है। इसी आदेश में उपायुक्त पलामू ने तीन जनवरी को हनुमंत कथा आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम के संबंध में दिए गए वृहत एक्शन प्लान को 10 जनवरी को रद्द कर दिया था। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की आईए को स्वीकार करते हुए उसे सोमवार तक फ्रेश पिटीशन दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की फाइनल सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि निर्धारित की है। पलामू उपायुक्त ने 10 जनवरी को कानून व्यवस्था की समस्या बताकर




पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द करने का आदेश दिया था। पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि पलामू उपायुक्त द्वारा कई कारणों से पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द किए जाने के बाद प्रस्तावित कार्यक्रम अब फरवरी 10 से 15 फरवरी निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम अब रैयती भूमि पर होगा। इसके लिए ग्राम सभा से अनुमति भी मिल गई है। अब नया कार्यक्रम स्थल के लिए रैयती भूमि पर चयनित किया गया है। वहां इकोलॉजिकल बैलेंस बिगड़ने जैसी कोई बात नहीं है।कार्यक्रम स्थल ग्राम ओरनार, चैनपुर ब्लॉक, पलामू में निर्धारित है।

# पलामू में युवा व्यवसायी की हत्या पर भड़का ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच, आंदोलन की दी चेतावनी

**पलामू, (हि.स.)।** ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच ने छतरपुर बाजार में हुई युवा व्यवसायी शुभम गुप्ता की निर्मम हत्या की कड़ी निंदा की है। साथ ही हत्यारोपितों को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने, व्यवसाइयों की सुरक्षा और पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा देने की मांग सरकार और प्रशासन से की है। मंच के संयोजक रामदास साहू, ब्रह्मदेव प्रसाद एवं विनोद कुमार शुक्रवार को रेडमा में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। मंच के संयोजक व्यवसायी रामदास साहू ने कहा कि दिनदहाड़े छतरपुर बाजार के भीड़ भाड़े वाले क्षेत्र में व्यवसायी पुत्र को आठ गोलियां मारकर मौत की नींद सुला दी जाती है और 100 मीटर की दूरी पर स्थित छतरपुर थाना पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगती। यह बड़ा ही दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। ग्रामीणों को शुभम को अस्पताल भेजना पड़ा। जिस तरह से व्यवसाइयों को टारगेट किया जा रहा है, उससे अगले कुछ



वर्षों में यहां से व्यवसायी पूरी तरह से पलायन कर जाएंगे। संयोजक ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि 24 घंटे के भीतर पुलिस अपराधियों को गिरफ्तार करे, अन्यथा पलामू में चक्का जाम किया जाएगा। इसके बाद प्रमंडल और फिर राज्य स्तर पर जोरदार आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पलामू सहित पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर हो गई है। व्यवसाइयों को चुन-चुन कर टारगेट किया जा रहा है। संयोजक विनोद कुमार ने कहा कि अपराध का राजनीतिकरण हो गया है। पदाधिकारी और सरकार इसको संरक्षण दे रहे हैं। व्यवसायी किसी जाति धर्म के नहीं होते, सबको सुरक्षा मिलनी चाहिए। अर्थव्यवस्था को बढ़ाने में व्यवसाइयों का बड़ा योगदान होता है। सरकार अविलंब प्रभावित परिवार को एक करोड रुपये मुआवजा दे। उन्होंने अपील किया कि 24 घंटे के भीतर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो सारे व्यवसायी दुकानें बंद रखें।

# हम लोग मजबूती के साथ मिलकर काम कर रहे : तेजस्वी यादव

**-लालू और तेजस्वी ने नीतीश से की मुलाकात**

**पटना, (हि.स.)।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शुक्रवार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के बाद तेजस्वी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हम लोग मजबूती के साथ आपस में मिलकर काम कर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश कुमार मुख्यमंत्री हैं और मैं उप मुख्यमंत्री हूं। इसलिए हमारे बीच मुलाकात तो होते रहती है। इसमें कोई बड़ी बात नहीं है। इसके कोई अलग मायने निकलना कहीं से भी उचित नहीं है। हम लोग सब लोग मजबूती के साथ आपस में मिलकर काम कर रहे हैं। एक-एक करके जितने वादे किए हैं सारे पूरे कर रहे हैं। नीतीश के भाजपा में जाने से जुड़े सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि आप लोगों को जो ठीक लगे वह आप लोग कीजिए लेकिन अफसोस होता है आप लोगों पर कि आप लोग जो सवाल कर रहे हैं इसकी कोई जमीनी हकीकत नहीं है। इसलिए इस मसले पर बार-बार हमें सफाई देने की कोई जरूरत ही नहीं है। आप एक बात समझ लीजिए



भाजपा का इस बार बिहार में हार तय है। तेजस्वी ने कहा कि बिहार में जबसे महागठबंधन की सरकार बनी है तबसे भाजपा की पीड़ा बढ़ी हुई है। भाजपा का काम ही इस तरह का अफवाह उड़ाना है और इस तरह का झूठी बात करना है। अब यहां आप लोग साथ ही बना रहे हैं तो अफसोस होता है। हम आपसे पूछना चाहते हैं कि और आपके चैनल से पूछना चाहते हैं कि भाजपा कितना सीटों पर बिहार में चुनाव लड़ रही है? क्या राजग में सीट शेयरिंग तय हो गया है? आपकी चिंता यहां क्यों होती है, वहां क्यों नहीं होती है? जदयू की तरफ से 17 सीटों की डिमांड पर तेजस्वी यादव ने कहा कि यह हम लोगों का मसला है। जदयू और राजद भी लड़ रही है। जदयू के साथ हम हैं और जदयू हमारे साथ है। हमलोग मजबूती के साथ लड़ेंगे और नीतीश के नेतृत्व में हम लोग काम कर रहे हैं। भाजपा से नीतीश को ऑफर मिलने के सवाल पर तेजस्वी ने कहा कि उनका तो दरवाजा बंद था, लगता है आप लोगों से बात करके ही दरवाजा खोले होंगे।

# डॉ दिलीप के सौजन्य से मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन



**नवादा , (हि.स.)।** शहर के मंगर बीघा मोड़ पर अवस्थित न्यूरो स्टार क्लीनिक में शुक्रवार को प्रसिद्ध डॉ दिलीप कुमार ने मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन कर सौ रोगियों का इलाज किया। आयोजन समिति के प्रवक्ता अमित कुमार तथा सुमित कुमार ने बताया कि पेट की खराबी, शरीर के अंग में झनझनाहट, पैर तथा हाथों में जलन सहित विभिन्न रोगों की जांच कर रोगियों के मुफ्त इलाज के साथ ही उन्हें मुफ्त दवा भी दी गई। चिकित्सक डॉ दिलीप ने कहा कि मानव सेवा से बड़ा दुनिया का कोई धर्म नहीं है। इसीलिए मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में भी मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन कर गरीब तबके के लोगों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जाएगी। डॉ दिलीप कुमार ने बताया कि इस क्लीनिक में प्रत्येक सप्ताह को इलाज की सुविधा मेरे द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। जहां रोगी पहुंचकर अपना इलाज की सुविधा ले सकते हैं। पटना से पहुंचे चिकित्सा दल में सभी प्रकार की जांच की भी व्यवस्था की गई थी। उन्होंने कहा कि नवादा में अब तक इस तरह की सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। जिसे देखते हुए नवादा जैसी जगह के लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने कहा कि सभी रोगों का इलाज की व्यवस्था की गई है। मुफ्त चिकित्सा शिविर में उपस्थित रोगियों ने इस तरह की सेवा उपलब्ध कराए जाने पर खुशी जाहिर की है।

# सिमराहा पुलिस ने पिकअप पर लदी अंग्रेजी शराब किया बरामद

**अररिया (हि.स.)।** फारबिसगंज-अररिया मुख्य मार्ग एनएच-57 के सिमराहा ओपी थाना पुलिस ने एक पिकअप गाड़ी पर लदे अंग्रेजी शराब को जब्त किया है। सिमराहा ओपी थानाध्यक्ष राजनंदिनी सिन्हा ने मिली गुप्त सूचना पर एनएच-57 पर बीती देर रात छापेमारी करते हुए यह कामयाबी हासिल की। पिकअप पर 441 लीटर अंग्रेजी शराब लदी थी। अंडे के कार्टन और बोर में छिपाकर शराब को ले जाया जा रहा था। रात में ही पुलिस को गुप्त सूचना मिली। सूचना के सत्यापन को लेकर जब थानाध्यक्ष राजनंदिनी सिन्हा पुलिस अधिकारी और बलों के साथ छापेमारी की तो फोरलेन सड़क पर पिकअप गाड़ी खड़ी थी। जब वाहन की तलाशी ली गई तो अंडे के कार्टन और बोरे में अंग्रेजी शराब लदा था। पुलिस ने पिकअप सहित शराब को जब्त कर लिया।



# विधायक के निरीक्षण में अरेराज अनुमंडलीय अस्पताल में रिश्वतखोरी का खुलासा

**पूर्वी चंपारण, (हि.स.)।** जिले का अरेराज अनुमंडलीय अस्पताल इन दिनो अपने कारगुजारियो को लेकर लगातार सुर्खियो में है। गत दिन अस्पताल परिसर में दवा जलाने को लेकर मची हडकंप को समाप्त करने में सीएस कार्यालय जुटा ही था,कि गुरूवार की रात्रि में अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे गोबिंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी के सामने इलाजरत मरीजों ने अस्पताल प्रबंधन की पोल खोल कर रख दी। मरीजो ने बताया कि बंध्याकरण के ऑपरेशन में प्रति मरीज 200 रुपये डाक्टर व कर्मियों ने लिया है। मरीजों के इस शिकायत पर आगबबूला विधायक ने अस्पताल उपाधीक्षक सहित कर्मियों की जमकर फटकार लगायी। गोबिंददगंज विधायक सुनील मणि तिवारी ने बताया कि देर रात में



निरीक्षण को पहुंचा तो बंध्याकरण के लिए आयी मरीजों ने बताया कि ऑपरेशन से पहले डाक्टर व नर्स द्वारा प्रति मरीज 100 -100 रुपये लिया गया।वही ऑपरेशन के बाद पानी चढ़ाने व सुई देने के लिए 100-100 रुपये लिया गया। कई दवा बाहर से खरीदवा कर मंगवाया गया। विधायक ने बताया कि अरेराज अनुमंडलीय अस्पताल में भारी कुव्यवस्था का व्याप्त है।मरीजों को दवा नही देकर बिना एक्सपायर दवा जलाया जा रहा है। बंध्याकरण करने आयी गरीब व असहाय मरीजों से 200 रुपये की वसूली की जा रही है। जो काफी लापरवाही व अमानवीय कृत्य है। इस पूरे मामले को विधान सभा के सत्र में उठाएंगे।

संपादकीया

## चुनाव के द्वार पर

**शिमला** की शान से उतर कर अब 'सरकार गांव के द्वार' पहुंच रही है। मुख्यमंत्री समेत उनके मंत्रियों ने एक तरह का धावा बोल दिया, तो समस्याएं जनता के पसीने पे उभर आईं। वे पलकें जो इंतजार के थकान से कमजोर हो गईं, उनमें भी आशा की जवानी आ गई। कितना आसान है जनता को समझना या समझाना और सरकार को भी जनता के दम पर चुनाव जीत जाना। माहौल की तल्खियों में विरासत सी सियासत, वही खिड़कियां जो पहले पूर्व में खुलती थीं, दक्षिण में डूबते सूरज का इंतजार कर रही हैं। जाहिर है इस दौरान सरकार को अपने रिपोर्ट कार्ड, गारंटियों की धार और प्रशासन के सार पर चुनाव जीतना है, तो सामने विपक्ष की मांसपेशियों पर चढ़ा मालिश का तेल बता रहा है कि तैयारी में किस तरह का जोश भरा है। फिलहाल यहां राम भगवान शांत हैं, राम मंदिर का उल्लास सुस्त है, लेकिन भाजपा की राष्ट्रीय उड़ान के चलते हिमाचल की घाटियों में चोटियों सा उछाल है। बेशक चार सीटों के हिमाचल में काम लायक वोट भी काफी हैं, लेकिन सरहदें हर विधानसभा क्षेत्र की तहों में सरकार से फासले और सत्ता के आसरे पर टिकी हैं।

> सुखाश्रय जैसी अद्भुत योजनाएं मानवता के प्रति ऋण चुकाने की इबादत हैं, लेकिन चुनाव एक ऐसी दरगाह है जहां दफन होने की वजह नहीं मिलती। सरकार ने दिशा परिवर्तन के नारे को परिष्कृत किया, तो जाहिर है कुछ फैसले बुलंदी बन गए। राजस्व अदालतों के जरिए इंतकाल के 65 हजार मामलों का निपटारा सरकार की दृष्टि का नजारा बदल देता है, लेकिन ऐसे चमत्कार से अगर अदालती पेंच सुधर जाएं, तो क्रांति आ जाएगी। पिछली सरकार ने कोविड से संघर्ष किया, इस बार प्राकृतिक आपदा पल्ले पड़ी तो सुक्खू सरकार बिना किसी केंद्रीय मदद के सतत प्रयास करती दिखी। आपदा प्रभावितों के लिए सुक्खू सरकार का मानवीय पक्ष कई जंजीरों को तोड़ कर सामने आया, तो कडक़ फैसलों की नसीहत में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का जहाज भी टूटा। ऐसे में जिस डबल इंजन सरकार के खिलाफ हिमाचली जनता ने पिछले विधानसभा चुनाव में अपना ऐलान बदल दिया था, क्या अब वह भाजपा की चिकनी चुपड़ी बातों में आ जाएगी। यह इसलिए कि हिमाचल की आपदा ने लगभग बारह हजार करोड़ डुबोए और विकास के हाथी खदेड़ दिए, लेकिन केंद्र का दिल नहीं पसीजा।

सुक्खू सरकार दरअसल आसरे बांटती-बांटती चुनाव तक पहुंच गई है। सुखाश्रय जैसी अद्भुत योजनाएं मानवता के प्रति ऋण चुकाने की इबादत हैं, लेकिन चुनाव एक ऐसी दरगाह है जहां दफन होने की वजह नहीं मिलती। सरकार ने दिशा परिवर्तन के नारे को परिष्कृत किया, तो जाहिर है कुछ फैसले बुलंदी बन गए। राजस्व अदालतों के जरिए इंतकाल के 65 हजार मामलों का निपटारा सरकार की दृष्टि का नजारा बदल देता है, लेकिन ऐसे चमत्कार से अगर अदालती पेंच सुधर जाएं, तो क्रांति आ जाएगी। पिछली सरकार ने कोविड से संघर्ष किया, इस बार प्राकृतिक आपदा पल्ले पड़ी तो सुक्खू सरकार बिना किसी केंद्रीय मदद के सतत प्रयास करती दिखी। आपदा प्रभावितों के लिए सुक्खू सरकार का मानवीय पक्ष कई जंजीरों को तोड़ कर सामने आया, तो कडक़ फैसलों की नसीहत में अधीनस्थ सेवा चयन आयोग का जहाज भी टूटा। ऐसे में जिस डबल इंजन सरकार के खिलाफ हिमाचली जनता ने पिछले विधानसभा चुनाव में अपना ऐलान बदल दिया था, क्या अब वह भाजपा की चिकनी चुपड़ी बातों में आ जाएगी। यह इसलिए कि हिमाचल की आपदा ने लगभग बारह हजार करोड़ डुबोए और विकास के हाथी खदेड़ दिए, लेकिन केंद्र का दिल नहीं पसीजा। कल जो प्रधानमंत्री हिमाचली रिश्तों की दुहाई पर हमारे सपनों की दूब पर चलते हुए यहां पहुंच जाते थे, उनके लिए अब ब्यास-सतलुज जैसी नदियों का तांडव, छोटी काशी का चारों तरफ से जल प्लावित होना या दर्जनों गांवों का अस्तित्व मिट जाना, मामूली बात हो गई। मामूली बात इसलिए कि देश की राजनीति में मामूली ही तो है हिमाचल। यह दीगर है कि कांग्रेस की उड़ान में हिमाचल का भी नाम हुआ, लेकिन यह सिर्फ एक परंपरा से आगे शायद ही कोई व्यक्तिगत उपलब्धि रहा। बेशक भाजपा मानती है कि कांग्रेस की गारंटियों ने उससे बनी बनाई सत्ता छीन ली, लेकिन यह भी सौ फीसदी ठीक नहीं, क्योंकि उसकी सरकार ने भी तो बिना मांगे 150 यूनिट मुफ्त बिजली तथा महिला यात्रियों को एचआरटीसी का सफर पचास फीसदी दर पर मुकर्रर कर दिया था। अब फिर चुनाव के मैदान में हिमाचल उतर रहा है, तो हम हकीकतों के दर्पण से दूर कहीं आश्वासनों के संसार में रहेंगे। गारंटी बनाम गारंटी की प्रतियोगिता में भाजपा ने अपने कम्प्यूटर के बटन बदल लिए हैं, जबकि सुक्खू सरकार के बही खातों की उधारी में कई गारंटियां रेंग रही हैं। इसमें दो राय नहीं कि हिमाचली जनता को सवाल पूछना नहीं आता। वह बार-बार पूछती भी नहीं, लेकिन चुनावी गुस्से के इजहार में सब कुछ बदल जाता है। दोनों पार्टियों के अपने-अपने अनिश्चय और आशंकाएं हैं। खास तौर पर उम्मीदवारों के चयन और सही मुद्दों की पड़ताल को लेकर संशय है। एक ओर सरकार के आर्थिक संकट को लेकर भाजपा के प्रहार और दूसरी ओर केंद्र के रूखे व्यवहार की सच्चाई का पर्दाफाश करने का यथार्थ कांग्रेस से पूछ रहा है। इसी पार्टी की सरकार से जनता पूछ रही है कि सरकारी ओहदों के आसरे जो लोग लाभान्वित हुए उनके बनिस्पत सुधीर शर्मा और राजेंद्र राणा का खिताब उतारने की कोशिश क्यों जारी है। क्या इस दौरान प्रदेश के हर हिस्से और हर कांग्रेसी के हिसाब से हिमाचल के लक्ष्य तय किए जा चुके हैं। क्या बेरोजगारी की बैलगाड़ी रास्ता छोड़ कर भाग गई या सरकार की करवटों में नया जमाना इजाद हो गया। प्रदेश की चार सीटों में कांग्रेस के लिए एक बड़ा इम्तिहान बाकी है।

### अयोध्या वापस आने पर रामचन्द्र जी के जीवन में एक लोकोपवाद का प्रसंग उपस्थित हो गया

## महर्षि वाल्मीकि का आश्रम व वाल्मीकि समाज

कुलदीप चंद अग्निहोत्री

> अयोध्या नरेश श्री दशरथ और उनके सुपुत्र श्री रामचन्द्र जी के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाएं यथा राम वनवास, राम–रावण विवाद, रावण द्वारा सीता का अपहरण, राम द्वारा सामान्य जन का संगठन खड़ा करना और उसी संगठन के बलबूते महाशक्तिशाली रावण को पराजित करना, अयोध्या का शासन सम्भालना, इस सब को पहली बार वाल्मीकि महाराज ने ही भविष्य की पीढ़ियों के लिए समग्र रूप में सुरक्षित किया था। लेकिन रामचन्द्र जी के इतिहास की अनेक घटनाओं का यह आश्रम साक्षी भी कहा जा सकता है।

**राम** कथा के इतिहास में महर्षि वाल्मीकि, विश्वामित्र और वशिष्ठ जी के आश्रम चर्चित थे। लेकिन वाल्मीकि जी के आश्रम की ख्याति का एक और कारण भी था। वे पूर्व इतिहास को लिख भी रहे थे और नए इतिहास को गढ़ भी रहे थे। इस आश्रम की प्रसिद्धि के तीन मुख्य कारण हैं। यहां बैठ कर महर्षि वाल्मीकि ने श्री रामचन्द्र जी के इतिहास को लिपिबद्ध किया था। अयोध्या नरेश श्री दशरथ और उनके सुपुत्र श्री रामचन्द्र जी के इतिहास की महत्वपूर्ण घटनाएं यथा राम वनवास, राम-रावण विवाद, रावण द्वारा सीता का अपहरण, राम द्वारा सामान्य जन का संगठन खड़ा करना और उसी संगठन के बलबूते महाशक्तिशाली रावण को पराजित करना, अयोध्या का शासन सम्भालना, इस सब को पहली बार वाल्मीकि महाराज ने ही भविष्य की पीढियों के लिए समग्र रूप में सुरक्षित किया था। लेकिन रामचन्द्र जी के इतिहास की अनेक घटनाओं का यह आश्रम साक्षी भी कहा जा सकता है। अयोध्या वापस आने पर रामचन्द्र जी के जीवन में एक लोकोपवाद का प्रसंग उपस्थित हो गया। वह किसी प्रजाजन द्वारा सीता जी पर लगाया गया आक्षेप है। रामचन्द्र जी के सामने संकट उपस्थित हो गया है। शायद सीता अपहरण से भी बड़ा संकट। उन्हें सीता पर सन्देह नहीं है। लेकिन प्रश्न सीता का तो है ही नहीं, यहां प्रश्न प्रजा का है। आक्षेप लगाने वाला राज्य की प्रजा में से है। आज की शब्दावली में कहें तो राज्य का नागरिक है। इस स्थिति में रामचन्द्र जी के सामने अनेक विकल्प हैं। सबसे पहला विकल्प तो अंग्रेजी भाषा में कहें तो इग्नोर करने का है। ऐसे अनेक लोग भौंकते रहते हैं। दूसरा विकल्प निराधार लांछन लगाने के आरोप में दोषी को दंड देने का है। लेकिन रामचन्द्र जी ने राज्य व्यवस्था का एक नया सूत्र दिया। राज की व्यवस्था चाहे लोकतंत्र की हो, कुलीनतंत्र की हो या फिर राजतंत्र की ही क्यों न हो, राज तो लोकलाज से चलता है। यह किसी भी राज्य व्यवस्था का आदर्श या चरम बिन्दु कहा जा सकता है। इस चरम बिन्दु को व्यावहारिक रूप में धारण करना कितना मुश्किल है, वही क्षण रामचन्द्र जी के सामने उपस्थित हो गया था। यह परीक्षा की घड़ी थी। रामचन्द्र इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। उन्होंने सीता का त्याग कर दिया। शायद सीता भी जानती थी कि यह राजा या शासक होने का रामचन्द्र द्वारा स्वयं को दिया गया दंड ही है।



राज सिंहासन यदि प्रजा द्वारा दिया गया पुरस्कार है तो प्रजा द्वारा दिया गया यह दंड भी राजा को लेना ही होगा। राजसिंहासन कांटों का ताज है। राजा यह ताज इसलिए धारण करता है ताकि प्रजा का मार्ग कंटक मुक्त हो जाए। राम को जब उनके पिता ने बनवास दे दिया था, तब राम ने उफ नहीं की थी और अब जब सीता को वनवास मिल रहा था तो उसने भी उफ नहीं की। राम भविष्य के शासकों के लिए राजधर्म के मानदंड निर्धारित कर रहे थे। राज लोकलाज से चलता है। रामचन्द्र के इतिहास का यह दूसरा हिस्सा है। रामचन्द्र स्वयं अयोध्या में हैं, लेकिन उनकी अद्र्धांगिनी वाल्मीकि के आश्रम में आ गई हैं। इस प्रकार रामचन्द्र जी के वंश के इतिहास का यह दूसरा अध्याय महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में घटित भी हो रहा है और साथ-साथ लिपिबद्ध भी किया जा रहा है। इसके बाद महर्षि वाल्मीकि, राम के इतिहास के केवल लेखक न रह कर, स्वयं उसका हिस्सा बन जाते हैं। गर्भवती सीता महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में आश्रय पाती हैं। इसी आश्रम में रामचन्द्र जी के दोनों पुत्रों लव एवं कुश का लालन-पालन होता था। इस तरह ज्ञान साधना का वाल्मीकि आश्रम शस्त्र साधना का केन्द्र भी बन गया था। यहां लव-कुश के साथ ही हजारों युवा शस्त्रों का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। यहां देश की सामाजिक व्यवस्था में भी एक नया प्रयोग हो रहा था। अभी तक की सामाजिक व्यवस्था में जो ज्ञान अर्जित करने में रुचि रखता था, उसे शस्त्रों के प्रशिक्षण की जरूरत नहीं समझी जाती थी। जो शस्त्रों का प्रशिक्षण प्राप्त करते थे, उनका ज्ञान साधना से कोई ताल्लुक नहीं होता था। लेकिन महर्षि वाल्मीकि भविष्य द्रष्टा थे। वे देश के भविष्य को देख रहे थे। हजारों वर्षों दूर के भविष्य को। अब वाल्मीकि जी से शस्त्र व शास्त्र की शिक्षा केवल लव-कुश ही नहीं ले रहे थे बल्कि सप्त सिन्धु क्षेत्र के लाखों युवा इस आश्रम की ओर खिंचे चले आ रहे थे। महर्षि वाल्मीकि के लिए वे सभी लव और कुश का रूप ही हो गए थे। ये लोग सभी जातियों, सभी वर्णों के थे। आज जिनको जनजाति समुदाय भी कहा जाता है, उन समुदायों के लोग भी यहां थे। वाल्मीकि आश्रम सही अर्थों में, यदि आज की शब्दावली का प्रयोग करना हो तो समाजिक समरसता का राष्ट्रीय मंच बन गया था। लेकिन यकीनन इसमें सप्त सिन्धु क्षेत्र के लोग सर्वाधिक थे। सप्त सिन्धु क्षेत्र का ऐसा कौनसा समुदाय था जो महर्षि वाल्मीकि आश्रम की ओर खिंचा नहीं चला आ रहा था? यही कारण था कि उनके आश्रम में लव-कुश के साथ-साथ देश के हर हिस्से, विशेषकर सप्त सिन्धु क्षेत्र के युवा, एक साथ ही शस्त्र और शास्त्र की साधना कर रहे थे। 'शस्त्रे शास्त्रे च कौशलम्' का पहला उदाहरण भी सप्त सिन्धु क्षेत्र का यह वाल्मीकि समाज ही कहा जा सकता है। राम के इतिहास का पूर्वाद्र्ध आश्रमों से ही जुड़ा हुआ था। वशिष्ठ ऋषि का आश्रम, विश्वामित्र का आश्रम। लेकिन वाल्मीकि महाराज के आश्रम की महत्ता इसलिए थी कि वे केवल श्री रामचन्द्र जी की सन्तान को ही नहीं बल्कि सामान्य युवा को भी उनके साथ ही प्रशिक्षित करके इस यात्रा के सनातन प्रवाह को आगे बढ़ा रहे थे। और यही उनके आश्रम की ख्याति का तीसरा कारण था। वे नए वाल्मीकि समाज की रचना कर रहे थे। उसे आकार दे रहे थे। वाल्मीकि समुदाय का उदय : वाल्मीकि आश्रम में इन सभी जातियों के श्रद्धालुओं की अलग-अलग जातिगत पहचान समाप्त होकर एक नई पहचान उभर रही थी। महर्षि वाल्मीकि के शिष्य होने के नाते ये सभी अब वाल्मीकि हो गए। इसलिए ये वाल्मीकि कहे जाने लगे। सप्त सिन्धु क्षेत्र में एक नया वाल्मीकि समाज आकार ग्रहण कर रहा था। वाल्मीकि कोई जाति नहीं थी बल्कि अनेक जातियों का एक समाज था। इस समाज में जातियों का अलग स्वरूप घुल गया था। यही कारण है कि वाल्मीकि समाज में अनेक जातियों के गोत्र पाए जाते हैं। आज के सन्दर्भ में इसका साम्य तलाशना हो तो 'राधा स्वामी' समाज में देखा जा सकता है। राधा स्वामी केन्द्र या आश्रम में आस्था रखने वाले श्रद्धालु की एक नई पहचान बनती है।

दृष्टि कोण

## सियासत के चंगुल से मुक्त हों खेल संघ

**भारत** को अंग्रेज हुकूमत से आजाद कराने के लिए देश में कई तहरीकें चलीं। लंबी जद्दोजहद के बाद देश आजाद हुआ। आजादी के बाद मुल्क में लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली के लिए राजाओं ने अपनी रियासतों का भारत में विलय कर दिया। तब जाकर भारत में जम्हूरी निजाम कायम हुआ। लेकिन बर्तानिया बादशाही का सूर्यास्त होने के बाद देश की खेल संस्थाओं सहित हर इदारे पर सियासी रहनुमाओं की हुक्मरानी कायम हो गई। यह सिलसिला बदस्तूर जारी है। अंग्रेजों का खेल क्रिकेट देश में लोकप्रियता की बुलंदी पर काबिज है। हमारे देश की करोड़ों आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रही है। गुरबत, बेरोजगारी व महंगाई का शदीद दौर जारी है। मगर भारत दुनिया का एकमात्र देश है जहां आईपीएल क्रिकेट के लिए विदेशी खिलाडिय़ों पर करोंड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं। क्रिकेट के बढ़ते खुमार तथा आईपीएल में खिलाडिय़ों पर बरस रहे बेहताशा धन के आगे बाकी खेलों की चमक फीकी पड़ चुकी है। हालात इस कदर बेकाबू हो चुके हैं कि जेंटलमैन गेम कहे जाने वाले क्रिकेट को ही खेल समझा जा रहा है। बाकी खेलों व खिलाडिय़ों को तवज्जो ही नहीं दी जा रही। पारंपरिक कुश्ती अतीत काल से देश का गौरव रही है। गांव देहात के इस प्राचीन खेल कुश्ती को हमारे देश के पुरुष व महिला पहलवानों ने कड़ी मेहनत के बल से अंतरराष्ट्रीय खेल पटल पर विशेष पहचान दिलाई है। ओलंपिक महाकुंभ में



सर्वाधिक बारह पदक जीतकर देश को गौरवान्वित करने वाली भारतीय हॉकी के बाद कुश्ती ओलंपिक में बेहद कामयाब खेल साबित हुआ है। भारतीय पहलवानों ने ओलंपिक में सात व्यक्तिगत पदक जीतकर वैश्विक खेल पटल पर भारतीय कुश्ती का दबदबा कायम किया है। इस सफलता का श्रेय देश के पहलवानों व उनके प्रशिक्षकों को जाता है। ओलंपिक में खेल प्रेमियों की ज्यादातर उम्मीद भारतीय कुश्ती पर लगी होती है। लेकिन ओलंपिक में भारत का परचम लहराने वाली भारतीय कुश्ती तथा पहलवान पिछले एक वर्ष से गर्दिश के दौर से गुजर रहे हैं। भारतीय कुश्ती महासंघ की सरवराही के विवाद ने देश की सियासी हरारत बढ़ा दी है। कुश्ती प्रेमी मायूस हैं। युवा पहलवान तथा उनके अभिभावक असमंजस की स्थिति में हैं। इसी विवाद के चलते वैश्विक स्तर पर कुश्ती का संचालन करने वाली संस्था 'यूनाइटेड वल्र्ड रेसलिंग' ने 23 अगस्त 2023 को भारतीय कुश्ती महासंघ को निलंबित कर दिया। हाल ही में 21 दिसंबर 2023 को भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुए, जिसमें एक सियासी रहनुमां की जीत हुई। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद पर सियासी रहनुमां की जीत से कुछ आंदोलनकारी पहलवान इस कदर खफा हुए कि अपने खेल पुरस्कार लौटाने के साथ कुश्ती से संन्यास का ऐलान भी कर दिया। मगर पहलवानों की नाराजगी से भारतीय खेल मंत्रालय ने 24 दिसंबर 2023 को कुश्ती महासंघ को ही निलंबित कर दिया। विडंबना यह रही कि कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव हारने वाली महिला एक अंतरराष्ट्रीय पहलवान 'अनीता श्योराण' है। अनीता श्योराण ने सन्-2010 के राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए कुश्ती में 'स्वर्ण पदक' जीता था। सन्-2005 की राष्ट्रमंडल कुश्ती चैंपियनशिप तथा सन्-2008 की एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में अनीता श्योराण देश के लिए 'कांस्य पदक' जीत चुकी हैं। लेकिन विश्व के कई पहलवानों को चित करने वाली अतंरराष्ट्रीय महिला पहलवान सियासी दांवपेंच में शिकस्त खाकर कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद का चुनाव हार गई। रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष पद पर एक सियासी रहनुमा की भारी जीत तथा एक अंतरराष्ट्रीय महिला पहलवान का चुनाव हार जाना देश की खेल व्यवस्था तथा सियासी निजाम पर कई सवाल खड़े करता है। साथ ही महिला सशक्तिकरण के दावों की पोल भी खोलता है। भावार्थ यह है कि देश के खेल संघों पर भी सियासत अपना पूरा प्रभाव रखती है। सियासतदान खेल संस्थाओं को भी अपनी जागीर मान बैठे हैं। प्रश्न यह है कि जब देश में ओलंपिक स्तर के महिला व पुरुष दिग्गज खिलाड़ी मौजूद हैं तो खेल संघों पर सियासत का दबदबा क्यों है। जिन लोगों का खेलों से दूर तक कोई नाता न रहा हो, खेल संघों पर ऐसे लोगों की हुक्मरानी खेलों के लिए शुभ संकेत नहीं है। अंग्रेजों की खेल विरासत क्रिकेट पर हो रहे बेहताशा खर्च तथा खेल संस्थाओं पर सियासत का दबदबा कायम होने से नुकसान खेलों व प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों का हो रहा है। देश के सियासतदानों को समझना होगा कि खिलाडिय़ों की जरूरतों को एक खिलाड़ी ही बेहतर तरीके से जान सकता है। महिला खिलाडिय़ों की समस्याओं को महिला खिलाड़ी ही समझ सकती हैं, सियासतदान नहीं। हैरत की बात है कि देश में किसी भी मुद्दे को सियासी चश्मे से देखा जाता है, जबकि देश के स्वाभिमान के लिए खेल मैदानों पर खून पसीना बहाने वाले खिलाडिय़ों पर सियासत से परहेज होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय खेल पटल पर देश का गौरव बढ़ाने वाले खिलाडिय़ों को यदि अपने हकूक के लिए सडक़ों पर आंदोलन करने पड़ें या खेल पुरस्कार लौटाने की नौबत आ जाए, तो यह तनाजुर खेलों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है।

कुछ अलग

## पतंगबाजी का समाजशास्त्र

**पतंगबाजी** का एक समाजशास्त्र है और हम-यदि इसका समाजशास्त्रीय अध्ययन करें तो पाएंगे कि यह कला और विज्ञान का खेल बच्चों से लेकर बूढ़ों तक में जोश का संचार करने में सफल रहा है। सन्-1976 से 1980 तक मैंने भी जमकर पतंगबाजी की और इस दरम्यान मैंने पेंच खूब काटे और उनका प्रभाव मेरे सामाजिक जीवन पर भी पड़ा। शादी से पहले और शादी के बाद दोनों ही स्थिति में इसका समाजशास्त्र फलदायी रहा है। 1973 में विवाह हो चुका था मेरा। लेकिन पतंगबाजी शुरू की मैंने 1976 में। जब मैंने इसका आनंद उठाया तो तीन साल बिना पतंगबाजी के निकालने का बाद में अफसोसजनक पछतावा भी रहा मुझे। शुरू में मुझे इसके विज्ञान पक्ष का ही ज्यादा ज्ञान था कि यह तंग डालकर मांझे और हवा के सहारे यह नन्हीं सी गुडिय़ा आसमान में इठलाती है। परंतु लगातार छत पर बने रहने पर मुझे इसके कलात्मक वैभव का भी पता चल गया। कला इतनी सी ही नहीं थी कि ऊपर या नीचे के पेंच से किसी की पतंग काट दी जाए और 'वो काटा' के शोर में इसकी अन्य बारीकियों को भुला दिया जाए। वे मेरी बेकारी के दिन थे। ढेरों पड़े फालतू समय को मैंने पतंगबाजी के जरिए आबाद रखा और इसमें मैंने नाबाद शतक भी लगाया। परंतु मेरी लोकप्रियता के परवान से एक ही नहीं, अनेक अड़चनें खड़ी हो गर्इं। मेरी नीयत पर शंकाएं उठाई जाने लगीं और बदनामचा इस कदर हावी हुआ कि मेरी पत्नी ने एक दिन आकर यह कहा कि चरखी मैं पकड़ूंगी। इस घटना से समाजशास्त्र एकदम बदला और पतंगबाजी नीरस और बेजान शगल लगने लगी। एक लगाम सी कस दी गई थी मेरे ऊपर। मैंने लाख कोशिश की कि पत्नी अपनी रसोई का कार्य देखे और वह इस शगल में अपने आपको शामिल न करे, परंतु शक का बीजारोपण हो चुका था, इसलिए उसे समझाना मुझे भैंस के आगे बीन बजाने जैसा लगा। मैं जो बीन बजा रहा था उसका अपना एक क्रेज, आनंद और नशा था। खुमारी ऐसी कि तोड़े नहीं टूटे। समाजशास्त्र की दृष्टि से सवाल खड़ा हुआ कि पत्नी के साथ निरर्थक पतंगबाजी की जाए अथवा उसे किसी बहाने नीले सटकाकर इसका भरपूर आनंद लिया जाए। बेलौस चीखना, कमेंट करना और आवारगी का आलम बदस्तूर कैसे जारी रह सकता है। लेकिन मैंने राजनीतिशास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि ली थी और पत्नी ने समाजशास्त्र से। इसलिए खींचतान तो थी, परंतु आनंदानुभूति भी कम न थी। दोनों ही विषयों को कला और विज्ञान विद्वानों ने माना है, इसलिए चालाकीपूर्ण एक खिलाड़ी का पूर्णकालिक आनंद धूल चाटने को मजबूर था। पतंगबाजी में राजनीति तो थी, परंतु समाजशास्त्र का दखल अधिक होने से मांझे की चरखी का पत्नी को थाम लेना, इसके तमाम कमजोर कर रहा था। सन् 1980 में इन्हीं विवशताओं के रहते मुझे झुकना पड़ा और पतंगबाजी को मैंने अपने भरे गले से विदाई दी। उस दिन बड़ा कारुणिक दृश्य था। मैं सारा कबाडख़ाना बटोर रहा था और पत्नी भरी मुस्कान से मेरे दायित्वों का बोध कराती मेरे अबोध बालक को मुझे सौंपकर कह रही थी-'बहुत हो गया। जागे वहीं सवेदा।' उस दिन मुझे उसने रसोई में आटे का खाली डिब्बा दिखाया और बच्चे को दूध लाने के लिए कुछ उद्यम करने को उकसाया। विलम्ब से ही सही, पत्नी का समाजशास्त्र काम आया और मैं आज समाज में बैठने लायक हो गया हूं। यदि मैं अपनी बचकानी राजनीति में लगा रहता तो राम जाने यह पतंगबाजी और क्या गुल खिलाती? पतंगबाजी का समाजशास्त्र अब मेरी समझ से परे नहीं था।

देश दुनीया से

## विश्व का प्राचीन और विलक्षण महाकाव्य है रामायण

> ''रामायण'' विश्व के प्राचीनतम् महाग्रन्थों में से एक है। मान्यता है कि नारद ने यह ज्ञान वाल्मिकी को दिया और फिर वाल्मिकी ने रामायणकी रचना की। जबकि रामचरितमानस की रचना सोलहवी सदी में तुलसीदास द्वारा की गई। रामायण को संस्कृत भाषा में और रामचरितमानस को अवधी भाषा में लिखा गया। दोनों ही ग्रथों में भगवान राम की कथा 7 खण्डों या अध्यायों में लिखी गई है। वाल्मीकि कृत 'रामायण' में लगभग 24,000 छंद (श्लोक) हैं। जबकि. अवधी में लिखे गए 'रामचरितमानस' में लगभग 11,000 छंद (चौपाई) हैं। हालांकि, दोनों ही भगवान राम को मुख्य पात्र मानकर लिखी गई हैं। रामायण के दोनो सबसे प्रसिद्ध संस्करणों की अपनी विशिष्ट विशेषताएं और सांस्कृतिक प्रभाव हैं।

**अध्योध्या** में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही भारत वर्ष के धार्मिक इतिहास में 22 जनवरी की तिथि को एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। इस ऐतिहासिक तिथि से पूर्व ही अधिकांश हिन्दू जनमानस राममय हो रहा है। भगवान राम की कथा मानो जैसे पुनर्जीवित हो रही हो। ऐसी स्थिति में उस अध्यात्मिक कथा के आधार ₹रामायण₹ पर भी चर्चा जरूरी है। इस महाग्रन्थ के मूल रचियता महर्षि वाल्मीकि और उस महाग्रन्थ की प्रतिकृति 'रामचरित मानस' के रचियता महाकवि तुलसीदास का स्मरण भी समीचीन ही है। रामायण भाव भाषा शैली समस्त दृष्टि से एक विलक्षण महाकाव्य है। इस महाकथा में श्रृंगार, शान्त, करुण, भक्ति, वात्सल्य समस्त रसों का यथोचित प्रयोग किया गया है।

### रामायण का पुनर्जन्म है रामचरित मानस

मर्यादा पुरुषोत्तम राजा राम की कथा हमें महर्षि वाल्मीकि कृत ''रामायण'' में भी मिलती है तो महाकवि तुलसीदास कृत ''राम चरित मानस'' मानस में भी मिलती है। रामचरितमानस वाल्मिकी रामायण का पुनर्जन्म माना जा सकता है। ''रामायण'' विश्व के प्राचीनतम्-महाग्रन्थों में से एक है। मान्यता है कि नारद ने यह ज्ञान वाल्मिकी को दिया और फिर वाल्मिकी ने रामायणकी रचना की। जबकि रामचरितमानस की रचना सोलहवी सदी में तुलसीदास द्वारा की गई। रामायण को संस्कृत भाषा में और रामचरितमानस को अवधी भाषा में लिखा गया। दोनों ही ग्रथों में भगवान राम की कथा 7 खण्डों या अध्यायों में लिखी गई है। वाल्मीकि कृत 'रामायण' में लगभग 24,000 छंद (श्लोक) हैं। जबकि. अवधी में लिखे गए 'रामचरितमानस' में लगभग 11,000 छंद (चौपाई) हैं। हालांकि, दोनों ही भगवान राम को मुख्य पात्र मानकर लिखी गई हैं। रामायण के दोनो सबसे प्रसिद्ध संस्करणों की अपनी विशिष्ट विशेषताएं और सांस्कृतिक प्रभाव हैं।

विश्व के पांच प्राचीनतम महाकाव्यों में से एक रामायण

दरअसल ₹रामायण₹ विश्व के पांच प्राचीनतम्-महाग्रथों में से एक है। दुनिया के सबसे पुराने और महानतम महाकाव्य विभिन्न संस्कृतियों और सभ्यताओं को दर्शाते हैं, जो समृद्ध आख्यानों और सांस्कृतिक मूल्यों को प्रदर्शित करते हैं। ये महाकाव्य विभिन्न सभ्यताओं में साहित्य, कला और संस्कृति को प्रभावित करते हुए समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। इनमें भारत के ₹महाभारत₹ और ₹रामायाण₹ शामिल हैं। जबकि अन्य महाग्रन्थों में गिलगमेश का महाकाव्य (सुमेरियन या बेबीलोनियाई), इलियड और ओडिसी (ग्रीक) और रोमन महाकाव्य एनीड शामिल हैं। रोमन कवि वर्जिल द्वारा लिखित, एनीड एक ट्रोजन नायक एनीस की पौराणिक कहानी बताता है, जो इटली की यात्रा करता है और रोमनों का पूर्वज बन जाता है। वाल्मीकि को भगवान राम का समकालीन माना जाता है और ₹रामायाण₹ का रचनाकाल त्रेता युग माना जाता है। जबकि दोनों संस्करण भगवान राम की यात्रा की मौलिक कथा साझा करते हैं, शैली, जोर और सांस्कृतिक संदर्भ में अंतर प्रत्येक संस्करण को अद्वितीय बनाते हैं। पाठक अपनी पसंद और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के आधार पर रामायण के विभिन्न पहलुओं की सराहना कर सकते हैं।

### वाल्मीकि रामायण में 7 काण्डों में रामकथा

वाल्मिकी की रामायण को मूल माना जाता है और इसे इसकी विस्तृत कथा, नैतिक शिक्षाओं और काव्य सौंदर्य के लिए आदर दिया जाता है। यह हिंदू दर्शन और संस्कृति के लिए एक मूलभूत पाठ प्रदान करता है। ₹रामायण₹ सात अध्यायों या कांडों से बनी है, जिसमें लगभग 24,000 छंद (श्लोक) हैं। इसका विस्तार जिन 7 काण्डों में दिया गया है उनमें प्रथम बालकाण्ड है। इस अध्याय में भगवान राम के जन्म और बचपन का वर्णन है। दूसरे अध्याय या कांड में अयोध्या कांड है जो कि राम के वनवास की घटनाओं और अयोध्या के लोगों की प्रतिक्रियाओं का वर्णन करता है। तीसरा अरण्य कांड है जो चौदह वर्ष के वनवास के दौरान जंगल में राम के जीवन पर प्रकाश डालता है। अगला किष्किंधाकांड राज्य में राम की हनुमान से मुलाकात और सीता की खोज की कहानी बताता है। इसी तरह सुंदरकांड सीता की खोज में हनुमान की लंका यात्रा पर केंद्रित है। युद्धकांड में राम और रावण के बीच हुए महान युद्ध का विवरण है। अंतिम उत्तरकांड में राम के राज्याभिषेक, सीता के निर्वासन और राम के पुत्रों, लव और कुश के जन्म पर चर्चा की गई है।

### रामचरित मानस का भी 7 ही काण्डों में विस्तार

अवधी भाषा में लिखी गई तुलसीदास की रामचरितमानस उत्तर भारत में अत्यधिक पूजनीय है। इसने राजा राम की कहानी को लोकप्रिय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और भक्ति प्रथाओं पर इसका महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।

आप का नजरीया

## विलुप्त होती गाय

**प्रधानमं** नरेंद्र मोदी ने मकर संक्रांति के दिन अपने निवास पर गायों का पूजन किया। जब आंध्रप्रदेश की पुंगनूर नस्ल की इन गायों को चारा खिलाते मोदी की खूबसूरत तस्वीरें मीडिया में आईं तो आम जनमानस ने उन्हें देर तक निहारा। इन तस्वीरों को देखकर गो-भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। हिंदू संस्कृति में प्रत्येक शुभ दिन गो-पूजा करने का विधान है। हिंदू सभ्यता एवं संस्कृति में आस्था रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति की भांति मोदी में गाय के प्रति आदर भाव स्वाभाविक तौर पर है। मकर संक्रांति पर मोदी ने जिस आदर भाव को व्यक्त किया है, वह गायों के संरक्षण एवं संवद्र्धन के लिए जन-जन की प्रेरणा का स्रोत बनेगा, यह आशा की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी देश के ऐसे नेता हैं, जिनका अनुसरण उनके करोड़ों समर्थक करते हैं। मोदी जो कहते हैं, जो करते हैं, वह उनके समर्थकों के लिए अनुकरणीय हो जाता है। संदेश देने की मोदी की अपनी खास शैली है। वह उचित अवसर पर कुछ ऐसा कर देते हैं जिससे आम जनमानस प्रभावित होता है। मोदी की कार्यशैली देश के करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणास्रोत है। यही वजह है कि मोदी की बदौलत विभिन्न जन जागरण और सामाजिक बदलाव के कार्य सहजता से सफल हो जाते हैं। स्वच्छ भारत, फिट इंडिया, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण और जल संचय, वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत, सुगम्य भारत और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा जैसे उदाहरण हमारे सामने हैं। ये सब देश को प्रगति के पथ पर ले जाने वाले और सामाजिक परिवर्तन के कार्यक्रम हैं। अब ताजा उदाहरण संक्रांति पर गायों की पूजा का है। सवाल उठता है कि संक्रांति पर पूजन के लिए मोदी ने आंध्रप्रदेश की पुंगनूर नस्ल की इन छोटे कद की गायों को ही क्यों चुना? क्या इसके पीछे मोदी की कोई संदेश देने की भावना निहित है? जी हां, बिल्कुल ऐसा ही है। मोदी ने इन गायों के पूजन के जरिए हर भारतीय को गो सेवा का संदेश दिया है। पुंगनूर गायों को इसलिए चुना गया है क्योंकि अत्यधिक पौष्टिक और औषधीय महत्व का दूध देने वाली ये गाएं विलुप्त होने के कगार पर हैं और इस नस्ल को बचाने के लिए आंध्रप्रदेश में प्रयास किए जा रहे हैं। जाहिर है, मोदी ने न केवल विलुप्त हो रही इन गायों को बचाने की आवश्यकता प्रतिपादित की है, बल्कि इसके साथ-साथ सभी नस्लों की गायों के संरक्षण एवं संवर्धन पर भी जोर दिया है। मोदी के गो संरक्षण के इस संदेश के पीछे ग्रामीण भारत को आगे ले जाने की भावना निहित है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है और गाय के बिना ग्रामीण भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। भारतीय सनातन संस्कृति में गाय का अत्यंत महत्व है। गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं के वास की धार्मिक मान्यता है। धार्मिक मान्यताओं में गाय को पाप हरने वाली और वातावरण को सकारात्मकता से भर देने वाली बताया गया है। हिंदू धर्म में गाय को माता का दर्जा प्राप्त है। विलुप्त हो रही गायों के संरक्षण के लिए समाज को आगे आना होगा।



# मालदीव के विदेश मंत्री से मिले जयशंकर, कहा पड़ोसी प्रथम नीति के तहत ही मालदीव से रिश्ते

**कंपाला ।**


19वें गुट निरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के दो दिवसीय शिखर सम्मेलन में भाग लेने विदेश मंत्री एस जयशंकर युगांडा की राजधानी कंपाला पहुंचे हैं। युंगाडा पहुंचते ही जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट किया। पोस्ट में उन्होंने आने वाले दो दिनों में अपने सहयोगियों के साथ जुड़ने के लिए उत्सुकता जाहिर की। विदेश मंत्री ने युगांडा में मिस्त्र, मालदीव, अंगोला और बेलारूस के विदेश मंत्रियों के साथ कई द्विपक्षीय बैठकें कीं। इस दौरान उन्होंने द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत करने पर चर्चा की। बेलारूस को कहा धन्यवाद, मिस्त्र के विदेश मंत्री से गाजा पर चर्चा बैठक की तस्वीर साझा करते हुए जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा कि मालदीव के विदेश मंत्री मूसाजमीर से मुलाकात हुई। हमने खुलकर दोनों देशों के संबंधों पर बातचीत की। जयशंकर ने कहा कि मालदीव के साथ भारत के रिश्ते पड़ोसी प्रथम नीति के तहत ही हैं। हमने भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी के साथ ही मालदीव में चल रही विकास परियोजनाओं पर विचार साझा किए। जयशंकर ने मिस्त्र के विदेश मंत्री समेह शौकरी से गाजा में चल रहे संघर्ष पर चर्चा की। अंगोला के विदेश मंत्री टेटे एंटोनियो और बेलारूस के विदेश मंत्री सर्गेई एलेनिक के साथ हुई बैठकों के बारे में जयशंकर ने कहा कि बैठक बहुत अच्छी साबित हुई। हमने एक-दूसरे के सहयोग के लिए विस्तृत बात की। वहीं, उन्होंने भारतीयों के लिए वीजा मुक्त सुविधा शुरू करने के लिए बेलारूस को धन्यवाद कहा।

### भारत ने की यूगांडा की मदद

गौरतलब है कि एनएएम और जी-77 समूह के शिखर सम्मेलन की मेजबानी के लिए भारत ने 10 बसें, पांच एम्बुलेंस,10 ट्रैक्टर और ध्वज स्टैण्ड दिए हैं। शिखर सम्मेलन से पहले मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी स्तर की बैठकें की जाएंगी। एनएएम शिखर सम्मलेन से पहले विदेश मंत्रियों की बैठक में विदेश राज्य मंत्री राजकुमार रंजन सिंह शिरकत करेंगे। इसी बीच, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने युगांडा के कंपाला में मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-मालदीव संबंधों पर बातचीत हुई, साथ ही एनएएम से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा हुई। विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, जी-77 तीसरे दक्षिण शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन करेंगे। 19वां एनएएम शिखर सम्मेलन साझा वैश्विक समृद्धि के लिए सहयोग को बढ़ाने विषय के तहत युंगाडा में आयोजित किया जा रहा है। बात दें यह 120 से अधिक विकासशील देशों का एक महत्वपूर्ण मंच हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### क्या पाकिस्तान ने ईरान पर हमले से पहले यूएस से सलाह-मशविरा किया



**वॉशिंगटन ।** पाकिस्तान और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से दुनिया के कई देश चिंतित हैं। अमेरिका ने भी बढ़ते तनाव पर चिंता जाहिर की है और दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने अपने बयान में कहा कि हम क्षेत्र में बढ़ रहे तनाव से चिंतित हैं। हमने इस बारे में कई बार कहा है कि 7 अक्तूबर की घटना के बाद से लड़ाई बढ़ने की आशंका से चिंतित हैं। मिलर ने कहा कि यही वजह है कि हम लगातार कूटनीतिक कोशिशों के जरिए तनाव को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। अमेरिका ने पाकिस्तान सरकार के मिलकर मुद्दे सुलझाने के बयान की तारीफ की और कहा कि लड़ाई को बढ़ाने की कोई जरूरत नहीं है। क्या पाकिस्तान ने ईरान पर हमले से पहले अमेरिका से सलाह-मशविरा किया था पत्रकारों के इस सवाल के जवाब में मिलर ने कहा कि ऐसी निजी बात की मेरे पास कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, अमेरिका का गैर नाटो सहयोगी देश है और वह रहेगा, लेकिन हम सभी पक्षों से शांति की अपील करते हैं। अमेरिका ने ईरान की आलोचना भी की। मिलर ने कहा कि ईरान ने पाकिस्तान समेत तीन पड़ोसी देशों पर स्ट्राइक की। ईरान का आतंकवाद को वित्त पोषण देने, मध्य पूर्व में अस्थिरता को बढ़ावा देने का लंबा इतिहास रहा है। हम देख रहे हैं कि इसी वजह से गाजा में संघर्ष बढ़ रहा है। अमेरिका ने कहा कि ईरान सालों से हमास का समर्थक रहा है। वह हिजबुल्ला को फंडिंग करता है। साथ ही वह हूतियों को भी फंडिंग करता है। ईरान क्षेत्र की अस्थिरता को बढ़ा रहा है। यही वजह है कि हम कार्रवाई कर रहे हैं ताकि ईरान को जवाबदेय ठहराया जाए। व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने कहा कि अमेरिका हालात पर नजर रखे हुए है और पाकिस्तानी सहयोगियों के संपर्क में हैं। दोनों देशों को तनाव बढ़ाने की जरूरत नहीं है। किर्बी ने भी ईरान द्वारा पाकिस्तान में पहले एयर स्ट्राइक करने की आलोचना की और ईरान पर क्षेत्रीय अस्थिरता को बढ़ाने का आरोप लगाया। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने पाकिस्तान-ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर चिंता जताई और दोनों तरफ से शांति बनाए रखने की अपील की। यूएन चीफ ने शांतिपूर्ण तरीकों से विवाद सुलझाने का अपील की और दोनों देशों से एक दूसरे की संप्रभुता का सम्मान करने को कहा। बता दें कि ईरान ने मंगलवार को पाकिस्तान की सीमा में आतंकी संगठन जैश अल अदल के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। पाकिस्तान ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई और दो बच्चों की मौत होने का दावा किया था। इसके जवाब में पाकिस्तान ने भी ईरान की सीमा में एयर स्ट्राइक की, जिसमें नौ लोगों की मौत की खबर है। इससे दोनों देशों में तनाव बढ़ गया है।

### कोई और विकल्प..., फलस्तीन को अलग देश का दर्जा दिए जाने से इजराइल के इनकार पर आया अमेरिका का बयान

**वॉशिंगटन ।** हमास और इजराइल के बीच जंग जारी है। युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के हजारों लोगों की मौत हो गई है। जहां इजराइल ने हमास को पूरी तरह खत्म करने का संकल्प लिया है। वहीं, अब आतंकी समूह भी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। फिलहाल, न तो जंग की रफ्तार कम हो रही है और न ही लोगों की जान की परवाह की जा रही है। इस बीच, अमेरिका और इजराइल के बीच फलस्तीन को अलग एक देश का दर्जा दिए जाने पर बहस छिड़ गई है। एक तरफ अमेरिका का कहना है कि दो-राष्ट्र समाधान क्षेत्र में स्थायी शांति लाने का एकमात्र संभव तरीका है। वहीं, दूसरी तरफ इजराइल ने इससे इनकार कर दिया है। दो-राष्ट्र समाधान उन क्षेत्रों में दो देशों इजराइल और फलस्तीन के वजूद की बात करता है जो कभी ब्रिटिश शासन के अधीन फलस्तीन क्षेत्र था। फलस्तीन के शासन क्षेत्र को दो राज्यों में विभाजित करने का प्रस्ताव पहली बार 1947 में संयुक्त राष्ट्र ने दिया था, जब इसने यूएनजीए प्रस्ताव 181 पारित किया था। संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावित बंटवारे में, कहा गया था कि ब्रिटिश शासन वाले क्षेत्र को भविष्य में यहूदी राज्य के तौर पर लगभग 55 प्रतिशत भूमि दी जाएगी, जबकि बाकी 45 प्रतिशत अरब राज्य (फलस्तीन) को देने की बात कही गई थी। हालांकि, 1948 में इजराइल की स्थापना के 75 साल बाद भी इस मुद्दे पर संघर्ष जारी है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि फलस्तीन देश की स्थापना के बिना गाजा में शांति लाना और इजराइल की दीर्घकालिक सुरक्षा चुनौतियों को हल करने का कोई तरीका नहीं है। उन्होंने कहा कि इजराइल के पास फिलहाल एक मौका है, क्योंकि क्षेत्र के देश उसे सुरक्षा आश्वासन देने के लिए तैयार हैं। मिलर ने कहा कि स्थायी सुरक्षा प्रदान करने का कोई तरीका नहीं है। गाजा के पुनर्निर्माण, गाजा में शासन स्थापित करने और फलस्तीनी राष्ट्र की स्थापना के बिना गाजा के लिए सुरक्षा प्रदान करने की अल्पकालिक चुनौतियों को हल करने का कोई तरीका नहीं है।




दावा- इजराइली सैनिकों ने फिलिस्तीनियों को निर्वस्त्र करके मार डाला

# महिला बोली- परिवार के सामने पुरुषों को टॉर्चर किया, डर था अब हमारी बारी है

**जेरूसलम ।**

इजराइली सैनिकों ने पुरुषों को निर्वस्त्र किया, उन्हें प्रताड़ित किया और फिर एक-एक करके मार दिया। वो पूरी जगह खून से सनी थी। यह कहना है फिलिस्तीनी महिला हेबा ने कहा- 19 दिसंबर 2023 को इजराइली सैनिकों ने गाजा शहर में एक अपार्टमेंट पर रेड डाली। सैनिकों ने यहां 15 पुरुषों की हत्या कर दी। हेबा का पति भी मारे गए फिलिस्तीनियों में शामिल था। हेबा ने आगे कहा- सैनिकों ने सभी पुरुषों के कपड़े उतरवा दिए गए थे। उन्होंने सिर्फ बॉक्सर्स पहन रखे थे। इसके बाद उन्हें पेट के बल जमीन पर लेटने को कहा गया। हमारी आंखों के सामने इजराइली सैनिक एक-एक करके उन्हें मारने लगे। उन्होंने किसी को नहीं छोड़ा। वो पूरी जगह खून से सन चुकी थी।



### हेबा बोली- मैं उस दिन को कभी नहीं भूल सकती

हेबा ने अलजजीरा को बताया- वो ऐसा दिन था, जिसे भूला नहीं जा सकता। मैं उस दिन को कभी नहीं भूल सकती। पहले उन्होंने मेरे पति को प्रताड़ित किया। इसके बाद उसके जबड़े को तोड़ दिया। उन्होंने उसके चेहरे पर बहुत मारा। वो तब तक मारते रहे, जब तक मेरे पति के हाथ से खून नहीं बहने लगा। हेबा अपने परिवार के साथ वहां रहती थी। उसने कहा- सैनिकों ने पहले सभी पुरुषों के कपड़े उतरवाए, उन्हें प्रताड़ित किया और फिर मार डाला। हम यह सब देख रहे थे। हमें लग रहा था कि अब हमारी बारी है। हेबा का बेटा आदि सालेम उन चंद लोगों में से था, जो यहां से जीवित बच सका। आदि ने कहा- टॉर्चर की वजह से मैं बेहोश हो गया था। तभी इजराइली सैनिकों ने एक व्यक्ति को मारा। उसका शव मेरे ऊपर गिरा। सैनिक वहां सबके पास जाकर देख रहे थे कि कहीं कोई जिंदा तो नहीं बचा है। बेहोश होने की वजह से उन्हें लगा कि मैं मर चुका हूं।

### इजराइली सैनिकों ने अपार्टमेंट से निकलते ही उस पर गोले बरसाए

हेबा ने कहा- जैसे ही इजराइली सैनिक वहां से निकले, उन्होंने अपार्टमेंट पर गोले बरसाने शुरू कर दिए। तभी एक गोला मेरी 3 साल की बेटी की आंख में लगा। उसकी आंखें खुली थीं और उसने मरते वक्त सब कुछ देखा। एक गोला उसकी गर्दन पर भी लगा। उसके सिर से भी बहुत खून बह रहा था। हेबा की 3 साल की बेटी ने अपनी बेहन रुला सालेम की बाहों में दम तोड़ा था।

रुला ने बताया- मैंने उसे हमलो से बचाने के लिए अपने नीचे छिपा रखा था। इसके बावजूद उसे कई चोटें लगी थीं। उसने मुझसे पानी मांगा। वो बहुत रो रही थी। मुझे लगा कि वो डरी हुई है, इसलिए रो रही है। मैंने उससे कहा था कि जैसे ही गोले बरसना रुकेंगे, मैं उसे पानी पिला दूंगी। उस वक्त मुझे यह एहसास नहीं हुआ था कि वो दम तोड़ने वाली है। अब हमारे पास उसकी निशानी के तौर पर सिर्फ एक टी-शर्ट है।

ह्यूमन राइट्स ग्रुप ने मामले में तुरंत जांच की मांग की है। इजराइली सैनिक पर पहले भी फिलिस्तीनियों को निर्वस्त्र करके उन्हें प्रताड़ित करने का आरोप लग चुका है। 26 दिसंबर 2023 को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो के हवाले से दावा किया था कि गाजा में इजराइली डिफेंस फोर्स ने फिलिस्तीनी पुरुषों और 2 बच्चों को निर्वस्त्र करके हिरासत में लिया।

### इजराइली सैनिकों पर पहले भी लगे फिलिस्तीनी पुरुषों को निर्वस्त्र करने के आरोप

वीडियो में एक फुटबॉल स्टेडियम में फिलिस्तीनी हाथ पीछे बांधे, आधे कपड़ों में बैठे नजर आ रहे थे। इनमें 2 बच्चे भी शामिल थे। कुछ लोगों की आंखों पर पट्टी भी बंधी हुई थी। वीडियो के कुछ हिस्सों में इन लोगों के हाथ सिर के ऊपर थे और इजराइली सैनिक इन्हें ले जाते दिख रहे थे। वीडियो के कुछ हिस्से में महिलाएं भी हिरासत में नजर आ रही थीं।

इससे पहले इससे पहले 9 दिसंबर को भी गाजा में सरेंडर करते फिलिस्तीनियों का एक वीडियो लीक हुआ था। इसमें किसी के तन पर कपड़े नहीं थे, लोग सिर्फ अंडरवियर में खड़े दिखाई दे रहे थे। इसके बाद एक शख्स आगे आता है, इसके हाथ में गन है। इजराइली सैनिक इसे धीरे-धीरे आगे बढ़ने को कह रहा है। इसके बाद शख्स जमीन पर बंदूक रख वापस लौट जाता है। हालांकि, इजराइल ने इस मुद्दे पर कोई बयान नहीं दिया था।

# जिस जहाज को अदन की खाड़ी में भारतीय युद्धपोत ने बचाया उस पर हूती समूह ने किया था हमला, अमेरिका का था शिप



**सना ।**

यमन के हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में अमेरिकी जहाज को निशाना बनाया। इस समूह ने अमेरिकी केम रेंजर जहाज पर कई मिसाइलें बरसाईं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में हूतियों ने कहा कि उसके नौसैनिक बलों ने कई मिसाइलों के जरिए अमेरिकी जहाज पर सीधे वार किए। हालांकि, बयान में जहाज पर हमले का समय और बाकी जानकारियां नहीं दी गईं। हालांकि, केम रेंजर वही जहाज है, जिस पर ड्रोन और मिसाइल हमले किए गए थे। इस शिप को तब भारतीय युद्धपोत ने खतरे से निकाला था और हमलों का मुंहतोड़ जवाब दिया। गौरतलब है कि लाल सागर में अंतरराष्ट्रीय मार्ग पर आने-जाने वाले जहाजों पर हूती विद्रोही संगठन के हमलों के चलते व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। इन हमलों से निपटने के लिए अमेरिका और ब्रिटेन समेत कुछ और देशों ने अपने युद्धपोत और जंगी जहाजों को लाल सागर में तैनात किया है। अमेरिका ने अलग-अलग मौकों पर लेबनान और यमन में हूतियों के ठिकानों को निशाना भी बनाया है।

बताया गया है कि मार्शल आइलैंड के झंडे वाला केम रेंजर केमिकल टैंकर सऊदी अरब के जेद्दा से कुवैत जा रहा था। इसी दौरान इस पर हमला हुआ है। ब्रिटेन की एक कंपनी ने बताया कि मार्शल आइलैंड के केमिकल टैंकर ने इसी रूट पर ड्रोन्स द्वारा निशाना बनाए जाने की रिपोर्ट भेजी थी। बताया गया है कि अदन की खाड़ी में एक मिसाइल टैंकर से 30 किलोमीटर दूर गिरी। इसके बाद भारत के युद्धपोत ने जहाज को बचाया। घटना में अमेरिकी जहाज को कोई नुकसान नहीं हुआ था। संकट में फंसे व्यापारिक जहाज- एमवी जेनको पिकार्डी की मदद करने पहुंचे आईएनएस विशाखापत्तनम पर तैनात भारतीय नौसेना के अधिकारियों ने सघन तलाशी के बाद जहाज को सुरक्षित करार दिया। नौसेना ने कहा कि ऐसे ऑपरेशंस पर काम करने के लिए ईओडी नाम के खास दल का गठन किया गया है। ईओडी टीम को विस्फोटकों से निपटने और धमाके वाले गोलाबारूद को नष्ट करने की ट्रेनिंग दी जाती है।

# महिला की भजन गाते हुई दर्द रहित प्रेग्नेंसी प्रेग्नेंसी के दौरान गिटार बजाता रहा पति

**न्यूयॉर्क ।**

भजन और पसंदीदा गाने के कारण अमेरिका के सिएटल में रहने वाली बिफी हेल को प्रेग्नेंसी के दौरान दर्द ही नहीं हुआ और प्रेग्नेंसी भी आसानी से हो गई। प्रसव का उनका तरीका जान जाएंगे तो दांतों तले उंगली दबा लेंगे। बिफी को जब लेबर पेन शुरू हुआ तो वे 5 घंटे तक भजन और पसंदीदा गाने गाती रहीं। पति गिटार बजाते रहे और दोनों एक खूबसूरत एहसास के साथ बच्चे को इस दुनिया में लाए। बिफी का दावा है कि भजन गाने की वजह से ध्यान बंट गया और दर्द नहीं हुआ। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 31 वर्षीय बिफी हेल और उनके पति ब्रैंडन ने अपनी कहानी दुनिया से साझा की है। बिफी ने कहा, हम प्राकृतिक रूप से घर पर ही बच्चे को जन्म देना चाहते थे। लेकिन प्रेग्नेंसी के 42वें हफ्ते में दिक्कत शुरू हो गई। पेट में काफी दर्द हो रहा था। हम अस्पताल भागे, मगर कुछ ही घंटों में फिर अस्पताल आ गए। मुझे सुइयों से डर लगता है। इसलिए घर पर प्रसव के लिए एक नर्स हमने रख ली। जब लेबर पेन शुरू हुआ तो नर्स ने अस्पताल जाने की सलाह दी। लेकिन मैंने घर पर ही रहना तय किया। बिफी ने कहा, दर्द काफी हो रहा था, तभी मुझे आइडिया सूझा। मैंने अपने पति को कहा- आप गिटार बजाओ और मैं गाना गाती हूं। मैंने ढेर सारे भजन और पसंदीदा गाने गाए।



आप यकीन नहीं करेंगे। जैसे जैसे वक्त बीतता गया, मेरा दर्द कम होने लगा। 5 घंटे तक हम गाने गुनगुनाते रहे। हमारी नर्स भी हमारे साथ शामिल हो गई। हमने प्लैनेटशेकर्स का ब्यूटीफुल सेवियर और शेरिल क्रो का 1993 का हिट स्ट्रॉन्ग इनफ गाया। मैं कोशिश कर रही थी कि मैं बच्चे के जन्म को भुलाया जाए। आप जानकर हैरान होंगे कि मुझे दर्द बिल्कुल कम हो गया। अनुभव बताते हुए बिफी ने कहा, बच्चे के जन्म से सिर्फ आधे घंटे पहले मैं असमर्थ हो गई। तब मेरे पति ने गाकर सुनाया और एक पल ऐसा भी आया जब बच्चा मेरी हाथ में था। बेटे जैक का जन्म रात 8:20 बजे हुआ। उसका वजन ठीक 7 पाउंड था। जन्म के बाद हमने उसके लिए डिज्नी गाने गाए। ऐसा लग रहा था कि जैसे वह धुन सुनकर काफी खुश है।

# संघीय डिजिटल मुद्रा का नहीं होने देंगे निर्माण पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का संकल्प

**वॉशिंगटन ।**

आयोवा कॉकस के मतदान में जीत दर्ज करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप और उनके समर्थक उत्साहित हैं। अब उनकी निगाहें न्यू हैंपशायर में होने वाले कॉकस चुनाव पर लगी हैं। यहां एक रैली में डोनाल्ड ट्रंप ने संघीय डिजिटल मुद्रा के निर्माण को रोकने का संकल्प लिया है। उन्होंने इसे स्वतंत्रता के लिए खतरनाक खतरा बताया।

### आपके राष्ट्रपति के रूप में...

न्यू हैंपशायर के पोर्ट्समाउथ में एक रैली में ट्रंप ने कहा, मैं अमेरिकियों को सरकारी अत्याचार से बचाने का एक और वादा कर रहा हूं। आपके राष्ट्रपति के रूप में, मैं कभी भी केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा के निर्माण की अनुमति नहीं दूंगा।

### पैसे पर सरकार का नियंत्रण होगा

उन्होंने आगे कहा, इस तरह की मुद्रा से आपके पैसे पर सरकार का नियंत्रण होगा। वे आपके पैसे ले सकती हैं। आपको इसका पता भी नहीं चलेगा कि पैसे निकल गए। यह स्वतंत्रता के लिए एक बड़ा खतरा होगा।

### नियमित डॉलर की तरह किया जा सकता है इस्तेमाल

एक केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा एक केंद्रीय बैंक द्वारा जारी मुद्रा का एक डिजिटल संस्करण है। रिपोर्ट के अनुसार, इस निर्णय के तहत अमेरिका का फेडरल रिजर्व एक डिजिटल डॉलर जारी करेगा, जिसका उपयोग नियमित डॉलर की तरह ही किया जा सकता है।

### न्यू हैंपशायर में ट्रंप पर भारी पड़ सकती हैं हेली

गौरतलब है, न्यू हैंपशायर में 23 जनवरी को मतदान होना है। एक ताजा पोल



में दावा किया जा रहा है कि न्यू हैंपशायर में डोनाल्ड ट्रंप और निक्की हेली के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है क्योंकि पोल के अनुसार, दोनों को राज्य में 40-40 फीसदी वोट मिल सकते हैं। न्यू हैंपशायर के गवर्नर क्रिस सुनुनु निक्की हेली का समर्थन कर रहे हैं, ऐसे में राज्य में ट्रंप को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। डोनाल्ड ट्रंप ने 15 जनवरी को हुए आयोवा कॉकस के चुनाव में जीत दर्ज की थी और उन्हें 51 प्रतिशत वोट मिले थे। रोन देसांतिस को 21 प्रतिशत और निक्की हेली को 19 प्रतिशत लोगों ने वोट किया था। विवेक रामास्वामी, जो अब राष्ट्रपति पद की रेस से बाहर हो चुके हैं, उन्हें 7 फीसदी मतों से संतोष करना पड़ा था। हाल के दिनों में निक्की हेली की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। न्यू हैंपशायर में जहां वह ट्रंप पर भारी पड़ सकती हैं, वहीं साउथ कैरोलिना उनका अपना राज्य है, जहां से वह दो बार गवर्नर रह चुकी हैं।

# चीन ने पाकिस्तान को थमाए घटिया रडार, हमला करने आए ईरानी ड्रोन को नहीं पकड़ पाए

**इस्लामाबाद ।**

पाकिस्तान ने चीन को अपना जिगरी दोस्त माना था। उसे लगता था कि चीन हर संकट में उसका साथ देगा। यही समझकर पाकिस्तान ने चीन से रडार खरीद लिए। उसे लगा कि इससे पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जा सकता है, लेकिन चीन ने अपने दोस्त पाकिस्तान को घटिया रडार थमा दिए।

चीन के घटिया रडार की पोल उस वक्त खुली जब ईरान ने रातों रात पाकिस्तान में एयरस्ट्राइक करके आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया। तब पता चला की चीन से लाए गए रडार ड्रोन को कैप्चर ही नहीं कर पाए। अब लुटा पिटा पाकिस्तान चीन पर घटिया रडार देने के आरोप लगा रहा है और कह रहा है कि पाकिस्तान में हुई एयर स्ट्राइक पर अमेरिका ने ईरान की निंदा की है लेकिन चीन के मुंह से एक भी शब्द नहीं निकला



है। दरअसल, ईरान ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी संगठनों पर ड्रोन अटैक किया था। इसके बाद अमेरिका समेत कई देशों ने ईरान के हमले की निंदा की लेकिन चीन ने इस मामले पर चुप्पी साध ली है। इतना ही नहीं चीन द्वारा पाकिस्तान को दिए गए इंटरसेप्ट रडार भी ईरान के ड्रोन को कैप्चर नहीं कर पाए। घटिया क्वालिटी के रडार सिस्टम से भी पाकिस्तान नाराज बताया जा रहा है। ऐसा पहली बार नहीं है कि चीन द्वारा पाकिस्तान को दिए गए रडार फेल हुए हैं। पहले भी कई मौकों पर चीन के रडार धोखा दे चुके हैं। साल 2022 में राजस्थान बॉर्डर पर गलती से पाकिस्तान में ब्रह्मोस मिसाइल फायर हुई थी। लेकिन चीन के रडार उसे भी इंटरसेप्ट करने में विफल रहे थे। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने प्रेस वार्ता में कहा, ''क्या आप कह रहे हैं पाकिस्तान ने ईरान पर हमले किए मैं इससे अवगत नहीं हूं। उनसे यह पूछा गया था कि क्या चीन, ईरान के अंदर पाकिस्तान के हवाई हमलों से वाकिफ है। माओ ने कहा, ''लेकिन हम इस पर गौर कर रहे हैं और चीन का हमेशा से मानना रहा है कि देशों के बीच संबंधों को संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों के आधार पर संभाला जाना चाहिए। माओ निंग ने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान और सुरक्षा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, ''ईरान और पाकिस्तान करीबी पड़ोसी और प्रभाव रखने वाले देश हैं। हमें उम्मीद है कि दोनों पक्ष संयम और शांति बरतेंगे तथा तनाव बढ़ाने से दूर रहेंगे। अगर जरूरत पड़ी तो हम स्थिति को सामान्य करने में रचनात्मक भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान के एक पत्रकार द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या चीन, सुन्नी चरमपंथी समूह जैश-अल-अदल के एक शिविर पर ईरान के हवाई हमले को संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों एवं अंतराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन मानता है, माओ ने कहा, ''मैंने अभी-अभी चीन का रुख जाहिर किया है। उन्होंने कहा कि उनका मानना है कि दोनों पक्ष अपने विवादों का हल परामर्श और वार्ता के जरिये करेंगे। चीन की मध्यस्थता की पेशकश एक कठिन राह हो सकती है क्योंकि सुन्नी बहुल देश पाकिस्तान और मुख्य रूप से शिया बहुल ईरान के बीच अच्छे संबंध नहीं हैं। वहीं अब चीन ने बीते दो दिनों में पाकिस्तान और ईरान द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ मिसाइल हमले किये जाने के बाद दोनों देशों के बीच उपजे तनाव को घटाने में रचनात्मक भूमिका निभाने की पेशकश की है। चीन ने दोनों देशों से ''संयम बरतने और टकराव टालने को कहा है। पाकिस्तान ने ईरान के सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में, कथित आतंकी ठिकानों पर तड़के हमले किये, जिनमें नौ लोग मारे गए। ये हमले, पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुन्नी बलूच चरमपंथी समूह 'जैश-अल-अदल के दो ठिकानों को निशाना बना कर किये गये। ईरान के मिसाइल एवं ड्रोन हमलों के बाद किये गए। इस घटनाक्रम ने चीन को असमंजस की स्थिति में डाल दिया है क्योंकि पाकिस्तान उसका करीबी मित्र है जबकि ईरान ने हाल के वर्षों में पश्चिम एशिया क्षेत्र में चीन को अपना प्रभाव बढ़ाने में मदद की है। चीन, ईरान से काफी मात्रा में तेल का भी आयात करता है।

## स्वास्थ

# मोटापा कम करता है अलसी का काढ़ा



**स्वस्थ** रहने के लिए हमें अपने आहार में फल-सब्जियों के साथ-साथ विभिन्न तरह के बीजों को भी जरूर शामिल करना चाहिए। ऐसे ही बीजों में से एक है अलसी, जिसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड, प्रोटीन, फाइबर, विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं। ये शरीर को स्वस्थ रखने में फायदेमंद हैं। अलसी के बीजों से बने काढ़े का नियमित रूप से सेवन कई बीमारियों के इलाज में फायदेमंद है।

### ● कैसे तैयार करें काढ़ा

दो चम्मच अलसी के बीजों को दो कप पानी में मिक्स करें और आधा रह जाने तक उबालें। तैयार काढ़ा छान लें और थोड़ा ठंडा होने पर पिएं।

### ● फायदे हैं अनेक

ब्लड शुगर करे नियंत्रितः डायबिटीज और ब्लड शुगर की समस्या से पीड़ित लोगों के लिए अलसी का काढ़ा वरदान साबित होता है। नियमित रूप से सुबह खाली पेट असली के काढे.के सेवन से डायबिटीज का स्तर नियंत्रित रहता है।

► थाइरॉएड में असरदारः सुबह खाली पेट अलसी का एक कप काढ़ा हाइपोथाइरॉएड और हाइपरथाइरॉएड दोनों स्थितियों में फायदेमंद है।

► हार्ट ब्लॉकेज को करे दूरः नियमित रूप से तीन महीने तक अलसी का काढ़ा पीने से आर्टरीज में ब्लॉकेज दूर होता है और आपको एंजियोप्लास्टी कराने की जरूरत नहीं पड़ती। अलसी में मौजूद ओमेगा-3 शरीर में बुरे कोलेस्ट्रॉल एलडीएल के स्तर को कम करता है और हृदय संबंधी बीमारियों को रोकने में मदद करता है। हानिकारक विषाक्त पदार्थों को बाहर निकाल कर शरीर को डीटॉक्सीफाई करता है।

► जोड़ों के दर्द में दे आरामः साइटिका, नस का दबना, घुटनों जैसे जोड़ों के दर्द में अलसी के काढ़े का नियमित सेवन फायदेमंद है।

► मोटापा करे कमः काढ़ा शरीर में जमा हुई अतिरिक्त वसा को निकालने में मदद करता है, जिससे मोटे होने का खतरा नहीं रहता। अलसी में मौजूद फाइबर भूख को कम करता है और शरीर को ऊर्जा प्रदान करता है।

► पेट की समस्याओं में कारगरः नियमित रूप से अलसी का काढ़ा पीने से कब्ज, पेट दर्द, पेट अफरना जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलता है।

► बालों और त्वचा के लिए फायदेमंदः आधा चम्मच अलसी के बीज रोज सुबह गर्म पानी के साथ लेने से बालों के झड़ने की समस्या भी हल होती है।

तीन-चार महीने तक नियमित रूप से काढ़ा पीने से बाल सफेद होना रुक जाता है। अलसी के तेल की मालिश करने से बाल मजबूत और चमकदार होते हैं। इससे त्वचा के रूखेपन, कील-मुंहासे, एग्जिमा, एलर्जी जैसी समस्याओं में राहत मिलती है।



# अपने बालों को खूबसूरत बनाने के लिए अपनाएं पपीते का ये हेयर मास्क

**पपीते** में ढेर सारे विटामिन जैसे विटामिन अ, इ और उ होते हैं। विटामिन अ आपके बालों के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है, विटामिन इ आपके सिर को साफ करके डेड स्किन सेल्स को दूर करता है, जबकि विटामिन उ बहुत अच्छा एंटी-आक्सीडेंट होता है जिससे आपके बाल तेजी से बढ़ते हैं। इसके अलावा पपीते में मैग्नीशियम, पोटेशियम, कॉपर और बीटा-कैरोटीन होते हैं जो बालों के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं।

**इस** आर्टिकल में हम आपको बालों को स्वस्थ रखने के लिए पपीते से बनने वाले हेयर मास्क के बारे में बताने जा रहें हैं।

### ● पपीता और दही का हेयर मास्कः

दही में प्रोटीन होता है जो बालों को स्वस्थ और मजबूत बनाता है। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड बालों के डेड स्किन सेल्स को दूर करने का काम करता है। पपीता और दही का मिश्रण बालों के लिए बहुत बढ़िया होता है।

**इस्तेमाल करने का तरीकाः**

► कच्चे पपीते को छीलकर उसमें से बीज को निकाल दें।
► इसे छोटे छोटे टुकड़ों में काटकर ब्लेंडर में रखें।
► इसका पेस्ट बना लें।
► इसमें आधा कप दही मिला दें।
► फिर इन सबको अच्छे से मिला दें।
► फिर इसे अपने बालों की जड़ों में लगाएं।
► इसे 30 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें।
फिर अपने सिर को शैम्पू से धो लें।

### ● पपीता और नारियल तेल का हेयर मास्कः

नारियल में फैटी एसिड और विटामिन पाए जाते हैं जो बालों को बेहतर न्यूट्रीयेंट्स देने के साथ साथ उन्हें मजबूत और चमकदार बनाता है। नारियल तेल में पपीता मिलाने से आपके बाल सुन्दर दिखते हैं।

**इस्तेमाल करने का तरीकाः**

► कच्चे पपीते को छोटे छोटे टुकड़ों में काटकर इसमें से सारे बीज को निकाल लें।
► इसे ब्लेंडर में डालकर एक पेस्ट बना लें।
► फिर इसमें नारियल का तेल मिला लें।
► इस मिश्रण को अपने बालों में 30 मिनट तक लगाए रखें। और फिर शैम्पू से धो लें।

अक्सर लोग इस बात को लेकर आश्चर्य-चकित रहते हैं कि उनकी दादी और नानी के बाल इतने सुन्दर, लम्बे कैसे होते हैं, जबकि वो ना तो कोई महंगे शैम्पू का इस्तेमाल करती हैं और ना ही सैलून जाती हैं। आपको बता दें कि वो नेचुरल चीजों जैसे नारियल, केला, एवोकैडो, जोजोबा, नींबू और पपीते का इस्तेमाल करती हैं। इस आर्टिकल में हम बालों की सुन्दरता के लिए पपीते के लाभों के बारे में बात करेंगे। आप अपने बालों को स्वस्थ रखने के लिए घर पर ही हेयर मास्क को बना सकते हैं।

### ● पपीता और शहद का हेयर मास्कः

शहद बालों के झड़ने को रोकता है, इसके अलावा यह बालों में होने वाले इन्फेक्शन को दूर करता है और उन्हें पूरा न्यूट्रीशन देता है। एंटी-माइक्रोबियल और एंटी-फंगल गुण होने की वजह से यह बालों को मजबूत और स्वस्थ बनाता है। शहद बालों के लिए एक नेचुरल कंडीस्नर का काम करता है जो बालों की नमी बनाए रखता है।

**इस्तेमाल करने का तरीकाः**

► पपीते को छोटे छोटे टुकड़ों में काट लें।
► इसमें शहद मिलाकर ब्लेंडर में मिक्स कर लें।
► फिर इसे अपने बालों में 30 मिनट तक लगाए रखें।
► और फिर पानी से धो लें।



### ● पपीता और केले का मास्कः

केले में बायोटिन होता है जो बालों को बढ़ने में मदद करता है और उसे मुलायम और चमकदार बनाता है। केला और पपीता बालों को मजबूत बनाने के लिए एक उत्प्रेरक का काम करते हैं।

**इस्तेमाल करने का तरीकाः**

► इसके लिए आप एक केले को लें और उसे अच्छे से छील लें।
► और फिर इसे आधा कटे पपीते के साथ मिलाकर एक पेस्ट बना लें।
► इस पेस्ट को अपने बालों में लगाकर 30 मिनट तक छोड़ दें।
► और फिर इसे पानी से धो लें।



### ● पपीता और अंडे का हेयर मास्कः

अंडे में ढेर सारे न्यूट्रीयेंट्स और विटामिन पाए जाते हैं जो बालों को बढ़ने में मदद करते हैं।

इस्तेमाल करने का तरीकाः

► इसके लिए एक बाउल में अंडे को फोड़कर लें।
► दूसरे बाउल में पपीते का पेस्ट बना लें।
► फिर इन दोनों को एक साथ मिला दें और अपने बालों में लगाएं।
► इसे 30 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें।
और फिर शैम्पू से धो लें।
► इस प्रक्रिया को आप हफ्ते में एक बार जरुर इस्तेमाल करें।

## टिप्स

# बच्चों को घर में अकेला छोड़ने से पहले याद रखें ये बातें



**◆ मोबाइल होना है जरूरी**

जब बच्चे घर पर अकेले हो तो उनके पास मोबाइल होना बहुत जरूरी है। ऐसी स्थिति में अगर बच्चों कोई समस्या है या फिर आपको बच्चों से कोई बातचीत करनी है तो आप बहुत आसानी से कर सकते हैं।

**◆ कमरे में बंद न करें**

कई बार पेरेंट्स बच्चों को लेकर पजेसिव हो जाते हैं कि बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से उन्हें कमरे में बंद कर देते हैं, ताकि बच्चे घर से बाहर ना जाए और कोई उनके बच्चों के साथ गलत हरकत ना कर दें। जबकि ये बहुत गलत अभ्यास है। बच्चों को कभी भी एक कमरे में बंद न करें। किसी तरह की अनहोनी होने पर उनका बाहर निकलना मुश्किल हो सकता है।

**◆ कुंडी खोलना और बंद करना सिखाएं**

इमेरजेंसी के वक्त को देखते हुए बच्चा को घर के दरवाजों की कुंडी खोलना और बंद करना जरूर आना चाहिए। जब पेरेंट्स घर पर नहीं होते तब कुछ छोटी-छोटी बातों की जानकारी बच्चों के लिए बहुत हो जाता है। यानि कि दरवाजे की कुंडी खोलना और बंद करना बच्चों को जरूर आना चाहिए।

**◆ खाने-पीने की चीजें रखें**

जब भी पेरेंट्स घर से बाहर जाए तो टेबल पर या डाइनिंग टेबल पर कुछ खाने पीने की चीजें जरूर रखें। खेल-कूद के कारण बच्चों को जल्दी भूख लग जाती है। किचन में जाना उनके लिए ठीक नहीं होता।

# एसिमिट्रिकल ड्रेसेज, जो बनाएं आपको स्टाइलशि

**एसिमिट्रिकल** ड्रेसेज, जो बनाएं आपको स्टाइलशिएसिमिट्रिकल ड्रेसेज, जो बनाएं आपको स्टाइलशिएसिमिट्रिकल ड्रेसेज इन दिनों पॉपुलर हैं। इंडियन हों या वेस्टर्न आउटफिट्स, हर स्टाइल में डिजाइनर्स इनका इस्तेमाल कर रहे हैं। कैसे पहनें हेमलाइन वाली ये ड्रेसेज।

### स्टाइलिशस लुक

एसिमिट्रिकल ड्रेसेज इन दिनों डिमांड में हैं। वेस्टर्न के साथ ही इंडियन वेयर्स में यह पैटर्न, खासतौर से कुर्ती के डिजाइन और टॉप्स वॉर्डरोब में शामिल हो रहे हैं। इन्हें लेगिंग्स और जैगिंग्स के अलावा सिगरेट पैंट्स के साथ भी पहना जा सकता है। स्टइलिश दिखने वाली ये ड्रेसेज ऑफिस से लेकर किटी पार्टी तक कहीं भी पहनी जा सकती हैं। बस मौके की नजाकत को देखते हुए इनकी स्टाइलिंग का खयाल रखें।

### ड्रेस का चुनाव

इन ड्रेसेज को जो बात खास बनाती है, वह है उसकी हेमलाइन। हाई-लो हेमलाइन वाली यह ड्रेस लुक को बैलेंस तो करती ही है, यह स्टाइलिश भी लगती है। इस ड्रेस के साथ जयादा एक्सेसरीज, मेकअप और ब्राइट कलर्स की पेयरिंग से बचना चाहिए। अगर ड्रेस के साथ बेल्ट भी पहनने की सोच रही हैं तो उसमें भी लाइट शेड ही चुनें। कलरफुल, वाइड और प्रिंटेड बेल्ट लुक को खराब कर सकती हैं।

### शर्ट या ब्लाउज

इस हेमलाइन का इस्तेमाल कॉलेज और आउटिंग के लिए किया जा सकता है। शर्ट के साथ वाइड लेग पैंट्स बेहद अच्छी लगती हैं।साड़ी को मॉडर्न टच देना चाहती हैं तो ब्लाउज के रूप में इस हेमलाइन का इस्तेमाल करें और उसे बेल्ट के साथ पहनें। आप अपने लुक में खुद ही बदलाव महसूस करेंगी।

### सही फुटवेयर्स चुनें

आपकी ड्रेस कितनी भी खूबसूरत क्यों न हो, अगर उसके साथ फुटवेयर सही नहीं हैं तो इससे आपका पूरा लुक बिगड़ सकता है। अलग-अलग तरह की ड्रेसेजके साथ फुटवेयर्स में भी वरायटी नजर आनी चाहिए। अगर आपकी ड्रेस की हेमलाइन शीयर है तो प्लेटफॉर्म हील्स इसके लिए अच्छा विकल्प साबित हो सकती हैं। यह एलीगेंट और क्लासी लुक देता है। कुछ अलग ट्राई करने के लिए ड्रेस के साथ बूट्स भी पहन सकती हैं।

### पैरों को करें हाइलाइट

शॉर्ट ड्रेसेज की तरह ऐसी ड्रेसेज में भी टोन्ड लेग्स शो कर सकती हैं। फ्रंट हाइ हेमलाइन वाली ड्रेसेज लुक को ही नहीं, पैरों को भी हाइलाइट करेंगी। कैजुअल लुक के लिए इनके साथ शूज पहनने का आइडिया अच्छा रहेगा। पार्टी लुक के लिए स्टिलेटोस अच्छे लगेंगे।

### लेयर्स करें ट्राई

इन ड्रेसेज को श्रग या ब्लेर के साथ भी टीमअप किया जा सकता है। इस बात का ध्यान रखें कि ड्रेस के साथ पहने जाने वाले ब्लेजर या श्रग का फैब्रिक ड्रेस से अलग हो, वरना ये आपस में मिक्स हो जाएंगे। कंट्रास्ट कलर्स का कॉम्बनेशन अच्छा लगता है।






# गुजरात का प्राचीन हनुमान-मकरध्वज मंदिर, घूमने से पहले जान लें खास बातें

**रामायण** में बहुत-सी कहानियां ऐसी है, जिससे कई मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। एक मान्यता के अनुसार भगवान हनुमान का पुत्र मकरध्वज था। जिन्होंने एक मछली के गर्भ से जन्म लिया था।

रामायण के इसी प्रसंग से एक ऐसी जगह जुड़ी हुई है, जो एक धार्मिक स्थल बन चुका है। देश-विदेश से लोग इस जगह पर घूमने फिरने आते हैं।

### हनुमान मकरध्वज मंदिर, भेंटद्वारिका, गुजरात

हनुमानजी व उनके पुत्र मकरध्वज का पहला मंदिर गुजरात के भेंटद्वारिका में स्थित है। यह स्थान मुख्य द्वारिका से दो किलोमीटर अंदर की ओर है। इस मंदिर को दांडी हनुमान मंदिर के नाम से जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि यह वही स्थान है, जहां पहली बार हनुमानजी अपने पुत्र मकरध्वज से मिले थे। मंदिर के अंदर प्रवेश करते ही सामने हनुमान पुत्र मकरध्वज की प्रतिमा है। वहीं पास में हनुमानजी की प्रतिमा भी स्थापित है।



### घूमने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

अगर आप इस मंदिर में घूमने जा रहे हैं, तो आपको कुछ बातों को मानना पड़ेगा। आपको बिना प्याज-लहसुन, मांस-मछली और अंडे को खाए जाना पड़ेगा।

***कैसे पहुंचे :*** आपको नई-दिल्ली और दूसरे महानगरों से गुजरात जाने के लिए कई ट्रेन उपलब्ध हैं। आप अहमदाबाद एयरपोर्ट पर पर उतरकर किसी बस या ऑटोरिक्शा लेकर मंदिर तक पहुंच सकते हैं।

# इंसुलिन के स्तर को संतुलित बनाए रखती है हरी प्याज

**सर्दी** का मौसम आ गया है। इस मौसम में हरा प्याज आसानी से मिलता है। यह न सिर्फ स्वादिष्ट बल्कि फायदेमंद भी है। हरा प्याज में एंटी-ऑक्सीडेंट डीएनए को नुकसान पहुंचने से रोकते हैं। इसमें पाया जाने वाला विटामिन सी ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने का काम करता है जिससे दिल से जुड़ी बीमारियां होने का खतरा कुछ कम हो जाता है। इसके अलावा सल्फर धमनियों से जुड़ी समस्याओं से बचाव में सहायक साबित होता है। सर्दी-जुकाम में राहत के लिए स्प्रिंग अनियन का इस्तेमाल करना बहुत फायदेमंद होता है। ये श्वसन प्रक्रिया को बेहतर बनाता है। हाल में हुए एक अध्ययन के अनुसार हरे प्याज में मिलने वाला सल्फर ब्लड प्रेशर को कम करने में सहायक होता है। ये इंसुलिन के स्तर को संतुलित बनाए रखता है। स्प्रिंग अनियन में विटामिन सी और के पर्याप्त मात्रा में होते हैं। ये हड्डियों की क्रियाशीलता को बनाए रखने के लिए भी फायदेमंद हैं। हरे प्याज में पर्याप्त मात्रा में सल्फर पाया जाता है। इसके सेवन से विभिन्न प्रकार के कैंसर होने का खतरा कम हो जाता है। स्प्रिंग अनियन में पाया जाने वाला सल्फर फंगस और दूसरे संक्रमण को होने से रोकता है। रक्त का थक्का जमाने के लिए भी आवश्यक विटामिन के इसमें भरपूर मात्रा में होता है।



## रेसिपी

# गर्मागर्म 'मैगी समोसा'



### सामग्री

मैगी नूडल्स डेढ़ कप , मैदा 2 कप , अजवाइन 1 चम्मच , रिफांइड ऑयल 1 कप, पानी जरुरत अनुसार, नमक 1 चम्मच

### विधी

अजवाइन 1 सबसे पहले एक बड़े बर्तन में मैदा, नमक और अजवाइन को मिक्स करें और ऊपर से थोड़ा सा पानी छिड़कें और कड़ा आटा गूंद लें। तैयार आटे को कुछ देर के लिए ढक कर अलग रख दें। अब एक अलग बर्तन में मैगी नूडल्स को पका लें। जब मैगी पक जाए तो उसे एक बाउल में निकालकर ठंडा होने के लिए रख दें। अब एक बड़ी कढ़ाई लें और उसमें तेल डालकर मध्यम आंच पर तेल को गर्म होने दें। अब गूंदे हुए आटे से छोटे-छोटे गोले बनाकर पूरी की तरह पतला गोल बेल लें। अब इसे बीच से काट दें और कोन बनाकर पानी की कुछ बूंदों का इस्तेमाल कर किनारों को सील कर दें। अब इस कोन में तैयार मैगी नूडल्स को भरें और इसका मुंह बंद कर समोसे का शेप दें। बाकी के आटे के साथ भी इसी तरह समोसा बना लें। जब समोसे की फिलिंग तैयार हो जाए तो इसे कढ़ाई में डालें और डीप फ्राई करें। जब समोसे गोल्डन ब्राउन कलर के हो जाएं तो इन्हें तेल से बाहर टीशू पेपर पर निकालें ताकि अतिरिक्त तेल निकल जाए। तैयार समोसे को चटनी के साथ गर्मा गर्म सर्व करें।




# सेबी प्रमुख ने आईपीओ निवेशकों को किया सावधान बोलीं–ओवर सब्सक्रिप्शन दिखाने के लिए हो रही गड़बड़ी

**नई दिल्ली ।**
भारतीय प्रतिभूति व विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी पुरी बुच ने बताया कि तीन आईपीओ में ओवर सब्सक्रिप्शन से जुड़ी गड़बड़ियां मिली हैं। नियामक ने पाया है कि तीन मर्चेंट बैंकर आईपीओ के दौरान सब्सक्रिप्शन को बढ़ा–चढ़ाकर दिखा रहे हैं। सेबी प्रमुख ने इन मर्चेंट बैंकर्स के खिलाफ कार्रवाई का भी वादा किया है।

एआईबीआई यानी एसोसिएशन ऑफ इन्वेस्टमेंट बैंकर्स ऑफ इंडिया के कार्यक्रम में सेबी प्रमुख माधवी पुरी बुच ने कहा कि आईपीओ में निवेशकों से ज्यादा ट्रेडर्स आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि फर्जी खातों का इस्तेमाल आईपीओ के ओवर–सब्सक्रिप्शन दिखाने में किया जा रहा है।

सेबी प्रमुख ने कहा कि सेबी के पास ऐसे खातों के बारे में आंकड़े और सबूत हैं, जिनमें किसी निर्दोष व्यक्ति के परिचय पत्र का इस्तेमाल ऐसे लोगों की ओर से किया जा रहा है जो शेयरों की कीमत बढ़ाने के लिए अपने परिचय का खुलासा नहीं करना चाहते। बुच ने कहा कि आईपीओ में आवेदन संख्या को भी बढ़ा–चढ़ाकर दिखाया जा रहा है ताकि ग्राहकों को ऊंचे सब्सक्रिप्शन का आभास हो सके। हमारे पास ऐसे मामलों के डेटा और सबूत हैं। हम मार्चेंट बैंकर्स के काम–काज करने के तरीकों को भी समझ रहे हैं। इस तरह की गड़बड़ियां बार–बार सामने आ रही हैं इसलिए निवेशकों के हित में हमें नीति की समीक्षा शुरू कर दी है। इसके साथ ही प्रवर्तन कार्रवाई शुरू करनी होगी।

सेबी प्रमुख ने कहा कि खुदरा निवेशकों को आईपीओ के बाद सेकंडरी मार्केट में निवेश करना चाहिए। आईपीओ के दौरान कीमतें सटीक नहीं होतीं। बड़ी संख्या में निवेशक आईपीओ की लिस्टिंग के बाद ही शेयर बेचकर निकल जाते हैं। आंकड़ों के अनुसार आइपीओ की लिस्टिंग के एक हफ्ते के भीतर 43 प्रतिशत खुदरा निवेशक शेयर बेचकर निकल जाते हैं। यहां तक कि 68 प्रतिशत एचएनआई यानी हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल्स लिस्टिंग के एक हफ्ते के भीतर शेयर बेचकर निकल जाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षकों के तौर पर काम करने वाली नन और पादरी आयकर छूट के हकदार हैं या नहीं, सुप्रीम कोर्ट करेगा विचार



**नई दिल्ली ।** उच्चतम न्यायालय एक महत्वपूर्ण कानूनी सवाल पर विचार करने के लिए सहमत हो गया है। सरकारी सहायता प्राप्त ईसाई मिशनरी स्कूलों में शिक्षक के तौर पर काम करने वाली नन और पादरी आयकर छूट के हकदार हैं या नहीं, इस पर विचार करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सहमति दे दी है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार के इस कथन पर संज्ञान लिया है कि इस मुद्दे पर तमिलनाडु और केरल के कई धर्मप्रांतों और मंडलियों की याचिका पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है। पीठ उस याचिका को सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सहमत हो गई, जिसमें यह मुद्दा उठाया गया था कि क्या शिक्षकों के रूप में काम करने वाली नन और पादरियों की आय पर आयकर लगाया जा सकता है। दिसंबर 2014 में आयकर विभाग ने शिक्षा अधिकारियों से शिक्षकों के तौर पर काम कर रहे लोगों के आय के स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) लगाने को कहा था। तमिलनाडु और केरल के लगभग 100 धर्मप्रांतों और मंडलियों द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर उच्च न्यायालयों के सहमत नहीं होने के बाद शीर्ष अदालत में अपील दायर की गई है। याचिका में कहा गया है कि ननों और पादरियों की आय उस मंडली की आय बन जाती है जो स्कूल को चलाती है और ये शिक्षक व्यक्तिगत रूप से वेतन के रूप में भुगतान की गई राशि प्राप्त नहीं करते हैं।

### रोजगार, समृद्धि व शांति के लिए निरंतर विकास जरूरी, डब्ल्यूईएफ में बोले विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा



**नई दिल्ली ।** विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा ने विश्व आर्थिक मंच को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने वैश्विक परिदृश्य को आकार देने में आर्थिक विकास की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। बंगा ने जोर देकर कहा कि रोजगार सृजन, समृद्धि को बढ़ावा देने और शांति बनाए रखने के लिए निरंतर विकास जरूरी हैं। डब्ल्यूईएफ 24 सत्र में अपने मुख्य भाषण के दौरान, बंगा ने कहा, वास्तविकता यह है कि हम 30 वर्षों में सबसे कम विकास दर हासिल करने वाले दशक के पहले हिस्से की ओर बढ़ रहे हैं। विकास के बिना, आपके पास रोजगार नहीं होगी, आपके पास समृद्धि नहीं होगी, और अक्सर ऐसा होता है कि विकास के बिना, आपके पास शांति भी नहीं होती है। इसलिए मुझे लगता है कि निकट और मध्यम दोनों अवधि में विकास हमारी चुनौतियों के मूल में है। अपने संबोधन के दौरान बंगा ने निकट और मध्यम अवधि में वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने आने वाली बहुमुखी चुनौतियों पर प्रकाश डाला।

### ईडी ने निर्माण कंपनी और उसके प्रवर्तकों के ठिकानों पर की छापेमारी, धनशोधन मामले में कार्रवाई



**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन मामले में चेन्नई की निर्माण कंपनी, उसके प्रवर्तकों और उससे जुड़े लोगों के परिसरों पर धन शोधन मामले की जांच के लिए छापेमारी की। केंद्रीय एजेंसी ने ग्रेटर चेन्नई पुलिस की केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) की ओर से ओसियन लाइफस्पेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, उसके एमडी और सीईओ एसके पीटर, कुछ निदेशकों और अन्य के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी का संज्ञान लेने के बाद जांच शुरू की है। सूत्रों ने बताया कि चेन्नई शहर और उसके आसपास के करीब छह–सात स्थानों पर ईडी के अधिकारी धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत जांच कर रहे हैं। सीसीबी ने पिछले साल कंपनी के पूर्व निदेशक बी श्रीराम की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की थी, जिन्होंने आरोप लगाया था कि प्रवर्तकों ने उनके साथ धोखा किया और बाद में उन्होंने कंपनी के बोर्ड से अपने निष्कासन को चुनौती देते हुए राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) का रुख किया।

# उम्मीद से ज्यादा रह सकती है जीडीपी की रफ्तार बढ़ेगा सरकारी–निजी निवेश, आरबीआई लेख में दावा

**मुंबई ।**
भारतीय अर्थव्यवस्था चालू वित्त वर्ष में उम्मीद से ज्यादा मजबूत वृद्धि दर्ज कर सकती है। इसके साथ ही, सरकार और निजी क्षेत्र पूंजी निवेश पर ज्यादा जोर दे सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के एक लेख में कहा गया है कि विश्व अर्थव्यवस्था को निकट भविष्य में विकास की अलग–अलग संभावनाओं का सामना करना पड़ रहा है। एशिया के नेतृत्व वाली उभरती अर्थव्यवस्थाएं बाकी दुनिया से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, यह लेखकों के अपने विचार हैं। लेख के मुताबिक, अर्थव्यवस्था ने 2023–24 में अब तक उम्मीद से अधिक मजबूत वृद्धि दर्ज की है। यह विकास दर खपत से निवेश की ओर बदलाव पर आधारित है। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा के नेतृत्व वाली टीम के लेख में कहा गया है कि पूंजीगत खर्च पर सरकार का जोर निजी निवेश को बढ़ावा देने पर है ।लेखकों ने कहा कि भारत में संभावित उत्पादन बढ़ रहा है। वास्तविक उत्पादन इससे ऊपर है। वित्त वर्ष 2024–25 में व्यापक आर्थिक स्थिरता के माहौल में कम से कम 7 फीसदी की वास्तविक जीडीपी वृद्धि हासिल करनी होगी। इससे विकास की तेज रफ्तार को बनाए रखने का उद्देश्य पूरा होगा। महंगाई को अगले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही तक लक्ष्य के अंदर लाने और उसी स्तर पर उसे स्थिर करने की जरूरत है। विकास को समर्थन देने के लिए वित्तीय स्थितियों को आसान बनाते हुए महंगाई पर काबू पाना होगा।

**बैलेंसशीट और संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार की जरूरत** – लेख के मुताबिक, वित्तीय संस्थानों की बैलेंसशीट को मजबूत करने के साथ संपत्ति की गुणवत्ता में और भी सुधार करने की जरूरत है। राजकोषीय और बाहरी संतुलन के चल रहे समेकन को जारी रखने की जरूरत है। तकनीकी परिवर्तन के लाभों का उपयोग एक अच्छे जोखिम–मुक्त वातावरण में समावेशी और सहभागी विकास के लिए किया जाना चाहिए।

**निवेश में कॉरपोरेट क्षेत्र को बनाएं भागीदार** – लेख के मुताबिक, इन सबसे ऊपर, सरकारी पूंजीगत खर्च से निवेश में कॉरपोरेट क्षेत्र को भागीदार बनाया जाना चाहिए। लेख में इस बात पर भी जोर दिया गया है कि यदि देशों के बीच संघर्ष समाप्त हो जाएं, कमोडिटी के साथ वित्तीय बाजारों, व्यापार–परिवहन और आपूर्ति नेटवर्क के माध्यम से उनके प्रभावों को नियंत्रित किया जाए, तो कमजोर वैश्विक दृष्टिकोण को अच्छा बनाया जा सकता है ।रेटिंग एजेंसी इक्रा ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में भारत की आर्थिक विकास दर छह फीसदी से नीचे रह सकती है। खरीफ फसलों के उत्पादन में कमी और रबी में कुछ फसलों की कमजोर बुवाई का असर जीडीपी की वृद्धि पर दिखेगा। दूसरी तिमाही में देश की वृद्धि दर 7.6 फीसदी रही थी ।इसका कहना है कि कुछ गतिविधियों में लगातार दूसरे महीने सुस्ती दिख रही है।



### 2042 तक भारत को 2500 नए विमानों की जरूरत होगी, बोइंग ने एविएशन सेक्टर के बारे में की ये भविष्यवाणी

**नई दिल्ली ।** हवाई यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए भारत को 2042 तक 2500 नए विमानों की जरूरत होगी। ये बातें बोइंग के कमर्शियल मार्केटिंग सेगमेंट के उपाध्यक्ष डैरेन हल्स्ट ने हैदराबाद में कही। हल्स्ट ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हवाई यात्रियों और कार्गो की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, भारत को अगले दो दशकों में अपने बेड़े के आकार को चार गुना करना पड़ेगा। ऐसे में भारतीय विमानन कंपनियों को अपने बेड़े को पूरा करने के लिए 2,705 से अधिक नए विमानों की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, 2042 तक इनमें से 92 प्रतिशत से अधिक (2,705 विमानों की जरूरत होगी) या 2,500 से अधिक विमानों की जरूरत होगी। यह पिछले साल के मध्य में दिए गए पूर्वानुमान पर आधारित है।उन्होंने कहा, हमारा अनुमान है कि यहां भारत सहित दक्षिण एशिया की विमानन कंपनियों को वर्ष 2042 तक 2,700 से अधिक विमानों की आपूर्ति की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा, विमानों के इस बेड़े में 2,300 से अधिक सिंगल बॉडी वाले जबकि लगभग 400 चौड़ी बॉडी वाले विमानों की जरूरत होगी। बोइंग के अनुसार, भारत एकमात्र बड़ी अर्थव्यवस्था और एशिया का एक बड़ा बाजार है जो एविएशन क्षेत्र की मांग के मामले में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोरोना के पहले के स्तर तक पहुंचने में सफल रहा है। यह दर्शाता है कि भारतीय बाजार में हवाई यात्रा कितनी महत्वपूर्ण है। यह इस बात का भी प्रमाण है कि भारतीय अर्थव्यस्था के बढ़ने में बढ़ते हवाई यात्रियों की संख्या भी योगदान दे रही है।

# भारत के पास सऊदी अरब और ब्रिटेन से ज्यादा सोने का भंडार विश्व में नौवें स्थान पर भारत



**नई दिल्ली ।**
भारत स्वर्ण भंडार के मामले में सऊदी अरब, ब्रिटेन और स्पेन जैसे देशों से काफी आगे है। इन देशों की तुलना में भारत के पास 519.2 टन तक अधिक सोने का भंडार है। फोर्ब्स की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, सोने के भंडार के लिहाज से शीर्ष–20 देशों की सूची में भारत 9वें स्थान पर है। इसके पास 2023 की तीसरी तिमाही तक 800.78 टन सोने का भंडार है। यह सूची में 16वें स्थान पर काबिज सऊदी अरब के 323.07 टन के सोने के भंडार से 477.71 टन, 17वें स्थान पर काबिज ब्रिटेन के 310.29 टन से 490.49 टन व 20वें स्थान वाले स्पेन के 281.58 टन से 519.2 टन अधिक है।

### शीर्ष-10 देशों में अमेरिका सबसे आगे

- अमेरिका– 8,133.46 टन
- जर्मनी– 3,352.65 टन
- इटली– 2,451.84 टन
- फ्रांस– 2,436.88 टन
- रूस– 2,332.74 टन
- चीन– 2,191.53 टन
- स्विट्जरलैंड– 1,040.00 टन
- जापान– 845.97 टन
- भारत– 800.78 टन
- नीदरलैंड– 612.45 टन

### सऊदी अरब के पास 323.07 टन व ब्रिटेन के पास 310.29 टन भंडार

देशों के स्वर्ण भंडार बनाए रखने के कई कारण हैं। सोने को मूल्य के एक स्थिर और भरोसेमंद भंडार के रूप में पहचाना जाता है। वैश्विक अनिश्चितता के दौर में सोना आर्थिक स्थिरता के प्रति भरोसा पैदा करता है। साथ ही, यह ऐतिहासिक रूप से किसी देश की मुद्रा के मूल्य का समर्थन करने में योगदान देता है। फोर्ब्स ने कहा कि टैंजिबल एसेट्स होने के नाते सोने को अपने भंडार में रखकर कोईभी देश पोर्टफोलियो में विविधता लाने का काम करते हैं ।यही विविधता अन्य एसेट्स के मूल्य में उतार–चढ़ाव से जुड़े जोखिमों को कम करने में भी मदद करता है। कुछ देश व्यापार असंतुलन को निपटाने या कर्ज लेने के लिए सोने का इस्तेमाल करते हैं।

# जियो के तीसरी तिमाही के नतीजे घोषितः कंपनी का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 5,208 करोड़ रहा, रेवेन्यू 10 प्रतिशत बढ़ा

**मुंबई।**
**रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 2023-24 की तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के नतीजे घोषित कर दिए हैं। जियो का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 5,208 करोड़ रुपए रहा।**

कंपनी ने पिछले साल समान तिमाही में 4,638 करोड़ रुपए का नेट प्रॉफिट दर्ज किया था। वहीं पिछले तिमाही यानी कंपनी का नेट प्रॉफिट 5,058 करोड़ रहा था। जियो का नेट प्रॉफिट तिमाही आधार पर 3 प्रतिशत बढ़ा है।

### जियो का रेवेन्यू 10 प्रतिशत बढ़कर 25,368 करोड़ रहा

ऑपरेशंस से कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 10 प्रतिशत बढ़कर 25,368 करोड़ रुपए हो गया। पिछले फाइनेंशियल ईयर की इसी अवधि में ये 22,998 करोड़ रुपए रहा था। वहीं पिछली तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 24,750 करोड़ रुपए रहा था। इस हिसाब से में कंपनी का रेवेन्यू तिमाही आधार पर 2.5 प्रतिशत बढ़ा है।




### एबीतडा दिसंबर तिमाही में 13,277 करोड़ रहा

जियो इंफोकॉम का ऑपरेटिंग प्रॉफिट दिसंबर तिमाही में 13,277 करोड़ रुपए रहा। यह इसके ठीक पिछली तिमाही में रहे 12,953 करोड़ रुपए के ऑपरेटिंग प्रॉफिट से 2.5 प्रतिशत ज्यादा है। जियो का एबीतडा मार्जिन दिसंबर तिमाही में 52.3 प्रतिशत रहा। वहीं पिछली तिमाही में कंपनी का एबीतडा मार्जिन 52.3 प्रतिशत ही रहा था।

# गूगल में एक बार फिर हो सकती है कर्मचारियों की छंटनी, सीईओ सुंदर पिचाई ने कर्मियों को किया अलर्ट

**वाशिंगटन ।**
दुनिया की सबसे बड़ी टेक कंपनी गूगल ने बड़ा एलान किया है। गूगल के सीईओ ने अपने कर्मचारियों से कहा कि आप इस साल और अधिक छंटनी के लिए तैयार रहें। बता दें, यह पहली बार नहीं है जब गूगल अपने कर्मियों को निकालने के लिए कह रहा है। कंपनी पहले भी कई बार अपने कर्मियों को निकाल चुका है।




### आंतरिक मेल से कर्मचारियों को दी गई जानकारी

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी के एक आंतरिक मेल में कहा गया है कि गूगल विभिन्न विभागों में अभी हजारों कर्मचारियों को नौकरी से निकाल सकता है। मेल के माध्यम से पिचाई ने कर्मचारियों से कहा कि कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य हैं, जिनके लिए इस प्राथमिकताओं के आधार पर निवेश किया जाएगा। निवेश की यह क्षमता हासिल करने के लिए कंपनी को कठोर विकल्प चुनने होंगे। हालांकि, पिचाई का कहना है कि यह कटौती हर टीम को प्रभावित नहीं करेगी। पिचाई ने कहा कि वे जानते हैं कि कुछ सहकर्मियों और टीमों पर इसका असर देखना सबके लिए मुश्किल होगा। लेकिन, छंटनी को सरल बनाने और कुछ क्षेत्रों में गति बढ़ाने के लिए अतिरिक्त भार घटाना ही होगा। इनमें से कई बदलावों की घोषणा की जा चुकी है।

### पिछली जनवरी में ही 12 हजार कर्मचारियों की हो गई थी छुट्टी

इससे पहले सितंबर 2023 में गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने कर्मचारियों की छंटनी की थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी ने सैकड़ों कर्मचारियों को निकाल दिया था। पिछले साल भी जनवरी में ही अल्फाबेट ने 12,000 लोगों को नौकरी से निकाल दिया था। इस फैसले के कारण अल्फाबेट के कर्मिचारियों के आकंड़ों में छह प्रतिशत की गिरवाट दर्ज की गई थी। एक प्रतिष्ठित मीडिया रिपोर्ट की मानें तो गूगल 2024 की शुरुआत में ही करीब 1000 लोगों को बर्खास्त कर चुकी है। कयास लगाए जा रहे हैं कि कंपनी अब इन कर्मचारियों की जगह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल करेगी।

# पेप्सिको ने जागृत कोटेजा को अपना नया इंडिया चीफ बनाया, इस चिप्स को लॉन्च करने में था अहम योगदान

**नई दिल्ली ।**
पेप्सिको इंडिया ने एक गतिशील और आगे की सोच वाले वैश्विक दृष्टिकोण के तहत भारत में नए नेतृत्व का एलान किया है। खाद्य और पेय निर्माता कंपनी ने पेप्सिको अफ्रीका, मध्य–पूर्व और दक्षिण अफ्रीका के वर्तमान मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी जागृत कोटेचा को अपना भारत में अपना सीईओ बनाया है। यह कदम कंपनी के निवर्तमान मुख्य कार्यकारी अहमद अल शेख को मध्य पूर्व शाखा की जिम्मेदारी दिए जाने के बाद उठाया गया है। उनका भारतीय टीम के साथ सात साल लंबा कार्यकाल रहा।

कंपनी ने कहा कि यह निर्णय एएमईएसए में नेतृत्व परिवर्तन की शृंखला के एक हिस्से के रूप में उठाया गया है और कल भारतीय कर्मचारियों को इस बारे में सूचित किया गया।

पेप्सिको के प्रवक्ता ने कहा, भारत पेप्सिको के लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है और हमारी वैश्विक रणनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पिछले छह वर्षों में, अहमद हमारे व्यवसाय को बदलने, नवाचार का कार्यान्वयन करने और चुनौतीपूर्ण परिदृश्य के माध्यम से टीम का संचालन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अफ्रीका, मध्य–पूर्व और दक्षिण एशिया के सीईओ यूजीन विलेम्सन ने एक बयान में कहा, मैं भारत की कार्यकारी टीम में जागृत का स्वागत करता हूं और मुझे यकीन है कि हम अपने भारतीय उपभोक्ताओं के बीच जागृत के नेतृत्व में सफलता के नए शिखर हासिल करेंगे।

1994 में कंपनी से जुड़े कोटेचा के पास बिक्री और ब्रांड प्रबंधक के रूप में काम करने का व्यापक अनुभव है और उन्होंने एंड–टू–एंड लाभ और हानि (पीएंडएल) जिम्मेदारी संभाली है। उन्होंने 2018 में पेप्सिको इंडिया के उपाध्यक्ष के रूप में कंपनी के उत्पादों लेज़ और कुरकुरे के इनोवेशन और ट्रांसफॉर्मेशन प्रक्रिया की देखरेख की थी। कंपनी के इस कदम का उद्देश्य अपने उत्पादों को भारतीय उपभोक्ताओं के लिए बेहतर और अनुकूल बनाना था। उन्होंने 2017 में एक और स्नैक, डोरिटोस की लॉन्चिंग का भी नेतृत्व किया था।

अमेरिका कंपनी पेप्सिको ने हैदराबाद में अपने वैश्विक व्यापार सेवा केंद्र का विस्तार करने का भी फैसला किया है, कंपनी का लक्ष्य के के 250 कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाकर 4,000 कर्मचारियों तक करना है।




### रोजगार वाले क्षेत्रों के लिए आ सकती है पीएलआई, कपड़ा-हस्तशिल्प को किया जा सकता है शामिल




**नई दिल्ली ।** विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने और रोजगार में वृद्धि के लिए सरकार अंतरिम बजट में उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना का दायरा बढ़ा सकती है। डेलॉय ने कहा, कपड़ा, आभूषण और हस्तशिल्प जैसे क्षेत्रों को भी पीएलआई के दायरे में शामिल किया जा सकता है। डेलॉय इंडिया के पार्टनर रजत वाही ने कहा, पीएलआई योजना के तहत 14 क्षेत्र हैं। इनमें से कई क्षेत्र बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा नहीं करते हैं। कम आय वाले परिवारों के साथ शहरी लोगों को भी लाभ डेलॉय ने कहा, चमड़ा, परिधान, हस्तशिल्प व आभूषण जैसे कई क्षेत्रों को योजना के दायरे में लाने की जरूरत है। ये क्षेत्र रोजगार के सबसे अधिक अवसर पैदा करते हैं। इन्हें योजना के दायरे में लाने से कम आय वाले परिवारों के साथ शहरी लोगों को भी मदद मिलेगी। ग्रामीण आय बढ़ाने के लिए करने होंगे उपाय डेलॉय ने बजट अपेक्षा रिपोर्ट में कहा, सरकार से ग्रामीण परिवारों की आय में सतत वृद्धि के उपाय करने की उम्मीद है। ग्रामीण आय बढ़ाकर महंगाई और उपभोग मांग में कमी से निपटा जा सकता है। वित्त मंत्री एक फरवरी, 2024 को अंतरिम बजट पेश करेंगी।

# मैरी क्रिसमस की लागत निकलना मुश्किल

**मुंबई (ईएमएस)।** फिल्म मैरी क्रिसमस सिनेमाघरों में रिलीज हुई है1 इस फिल्म की लागत निकलना मुश्किल हो गया है। इस फिल्म ने बीती 12 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक दी है। फिल्म को क्रिटिक और ऑडियन्स के मिक्स रिव्यू मिले हैं। श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी मैरी क्रिसमस से आलोचक बहुत ज्यादा प्रभावित हुए हैं, लेकिन यह फिल्म दर्शकों के समझ से बाहर साबित हुई है, जिसके चलते यह बॉक्स ऑफिस पर कोई कमाल नहीं दिखा पा रही है। इसके चलते इस फिल्म की लागत निकलना भी सम्भव नजर नहीं आ रहा है। 60 करोड़ की लागत में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर चार दिन में सिर्फ 11.38 करोड़ का कारोबार किया है। सिने गलियारों में बहती ठंडी हवाओं ने बताया है कि फिल्म की असफलता को देखते हुए




अब इसे जल्द ही ओटीटी प्लेटफार्म पर स्ट्रीम करने की तैयारी की जा रही है। प्राप्त समाचारों के अनुसार श्रीराम राघवन के निर्देशन में बनी मैरी क्रिसमस को ओटीटी प्लेटफार्म नेटफ्लिक्स ने खरीद लिया है। नेटफ्लिक्स जल्द ही इसके स्ट्रीमिंग की तारीख जारी कर सकता है। मैरी क्रिसमस के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन की बात की जाए तो इसका बहुत ही बुरा हाल है। फिल्म ने पहले दिन 2.55 करोड़ का कलेक्शन किया था। चार दिन में फिल्म 11.38 करोड़ का ही बिजनेस कर पाई है। ये फिल्म 60 करोड़ के बजट में बनीं है जिसे पूरा करना मुश्किल होने वाला है। हालांकि नेटफ्लिक्स की ओर से मैरी क्रिसमस को लेकर अभी तक कोई भी आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है।

# नम्रता के साथ शूटिंग करना मजेदार था : वरुण सूद

**-अपने रिश्ते के बारे में अभिनेता ने खुलकर की बात**

**मुंबई (ईएमएस)।** अपनी सह-कलाकार नम्रता सेठ से रिश्ते के बारे में अभिनेता वरुण सूद ने कहा कि वह शो के सेट पर उनके साथ मजाक करते थे, और बताया कि उनके साथ शूटिंग करना मजेदार था। सीरीज कर्मा कॉलिंग में एक्टर की सिजलिंग केमिस्ट्री से लेकर दिल छू लेने वाले पलों तक, वरुण और नम्रता शो में अहान कोठारी और कर्मा तलवार के रूप में अपनी-अपनी भूमिकाएं निभाते हुए अपना ए-गेम लेकर आए हैं। उसी के बारे में बात करते हुए वरुण ने कहा, मुझे लगता है कि नम्रता और मैं सेट पर बहुत शांत थे। क्योंकि हम दोनों मानसिक रूप से तैयार थे कि यह सबसे बड़े शो में से एक होगा जो हम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कैमरे पर जब मैं शूटिंग कर रहा था तो नम्रता के लिए मैं सिर्फ एक अच्छा व्यवहार करने वाला व्यक्ति था, मैं एक शिष्टाचार वाला व्यक्ति था जो हर



चीज का सम्मान करता है और बहुत विनम्रता से बोलता है। लेकिन कैमरे के बाहर मैं वास्तव में उसके लिए थोड़ा परेशान करने वाला था। वरुण ने आगे बताया कि कैसे वह सेट पर नम्रता के साथ प्रैंक करते थे। अभिनेता ने कहा, कई बार आउटडोर शूटिंग के दौरान मैंने उस पर कीड़े फेंक दिए। मुझे अभी पता चला है कि उसे कीड़े-मकोड़े पसंद नहीं हैं। मैं उसके साथ सबसे ज्यादा मजाक कर रहा था और उसके साथ शूटिंग करने में बहुत मजा आया। वरुण ने कहा, वह एकमात्र व्यक्ति हैं जिनके साथ मैंने अपने अधिकतम दृश्य शूट किए हैं और यह वास्तव में मजेदार था, मेरी सबसे अच्छी सह-कलाकारों में से एक निश्चित रूप से नम्रता होंगी। वरुण ने अहान कोठारी का शानदार किरदार निभाया है, जो इंद्राणी कोठारी (रवीना टंडन द्वारा अभिनीत) की आंखों का तारा है।

# इंडियन पुलिस फोर्स का फैंस को बेसब्री से इंतजार

वेबसीरीज इंडियन पुलिस फोर्स का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। बालीवुड डायरेक्टर रोहित शेट्टी की इस वेबसीरीज का फर्स्ट लुक, टीजर और ट्रेलर देखने के बाद फैंस दीवाने हुए जा रहे हैं। रोहित की इस मच अवेटेड सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी, विवेक ओबेरॉय व ईशा तलवार अहम किरदार के रूप में दिखेंगे। अब निमार्ताओं ने सिद्धार्थ के 39वें जन्मदिन पर इंडियन पुलिस फोर्स का पहला गाना बैरिया रे जारी कर दिया है। इसमें सिद्धार्थ पहली बार ईशा संग इश्क फरमाते दिख रहे हैं। गाने को सिंगर विशाल मिश्रा ने




आवाज दी है। बोल सिद्धेश पटोले ने लिखे हैं। निमार्ताओं ने गाना शेयर करते हुए लिखा, प्रेम की धुन में अपने आपको खो दो। सीरीज में सिद्धार्थ पुलिसवाले का रोल प्ले कर रहे हैं। इसमें तगड़ा एक्शन दिखेगा। सीरीज का प्रीमियर शुक्रवार को अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा।

# बेहतरीन कहानी के बावजूद 'मैं अटल हूं' कहां रह गई कम?

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने अपने जीवनकाल में सबसे पहले देश को प्राथमिकता दी। अटल जी देश के 10वें प्रधानमंत्री थे। उन्हें एक ईमानदार व्यक्ति के रूप में भी जाना जाता है। निर्देशक रवि जाधव अटल जी के जीवन पर मैं अटल हूं फिल्म बनाई जो हाल ही में रिलीज हुई है। प्रतिभाशाली अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने फिल्म में उनकी भूमिका निभाई है। बढ़िया कहानी और पंकज त्रिपाठी जैसे एक्टर्स के बावजूद फिल्म दर्शकों को पसंद नहीं आ रही है। फिल्म मैं अटल हूं में अटल बिहारी वाजपेयी के बचपन से लेकर कारगिल युद्ध का पूरा घटनाक्रम दिखाया गया है। इसमें पोखरण में परमाणु बम के परीक्षण को भी दिखाया गया है। अटल बिहारी वाजपेई असल जिंदगी में कैसे इंसान थे, वो अपने जीवन में देश के प्रति कितना सम्मान रखते थे, इसका अंदाजा इस फिल्म से लगाया जा सकता है। वह अपनी कविताओं के माध्यम से अपना संदेश बखूबी देते थे। एक कवि, पत्रकार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य के रूप में उन्होंने क्या किया, इसकी एक झलक फिल्म में देखी जा सकती है। कुल मिलाकर इस फिल्म के जरिए वाजपेयी की जीवन यात्रा का पता चलता है।

**सकारात्मक बातें** - आज की पीढ़ी अटल के राजनीतिक करियर के बारे में ज्यादा नहीं जानती। तो ये फिल्म उनके लिए खजाना साबित हो सकती है। लेकिन जो लोग उनके बारे में जानते हैं उनके लिए फिल्म कुछ खास नहीं होगी। फिल्म में दिखाई गई कहानी देखने लायक है। क्योंकि इसमें अटल के जीवन के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया है। फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। अटल जी के कॉलेज के दिन, आरएसएस में उनका योगदान, राष्ट्र धर्म पुस्तिका के लिए उनका नाम, श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के साथ उनके संबंध, अखिल भारतीय जनसंघ का गठन, पंडित नेहरू के साथ उनकी मुलाकात, राम मंदिर विवाद और कारगिल युद्ध सभी यादगार हैं। इंटरवल के बाद का एपिसोड दर्शकों को ज्यादा पसंद आता है।

**नकारात्मक पक्ष** - फिल्म में एक भी दृश्य ऐसा नहीं है जो आपकी याद में हमेशा बना रहेगा। पंकज त्रिपाठी फिल्म की जान हैं। उनकी एक्टिंग शानदार है। भले ही अटल बिहारी वाजपेई का किरदार निभाना बेहद चुनौतीपूर्ण है, लेकिन पंकज त्रिपाठी ने यह काम बखूबी किया है। अटल की कविता हो या भाषण, पंकज त्रिपाठी उसमें जान फूंकते नजर आते हैं। लेकिन फिर भी उनसे जो अपेक्षा थी उसे वे कुछ हद तक पूरा करने में सफल रहे हैं।

# अभिनेत्री नयनतारा ने माफी मांगते हुए, कहा- मैं खुद भगवान में आस्था रखती हूं

**मुंबई,(ईएमएस)।** फिल्म अन्नपूर्णी को लेकर चल रहे विवाद के बीच फिल्म अभिनेत्री नयनतारा ने सफाई दी है। उन्होंने माफी मांगते हुए कहा कि अनजाने में गलती हुई है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर माफीनामा शेयर किया है, जिसकी शुरूआत में ओम और जय श्री राम लिखा हुआ है। इसके बाद जारी किए गए माफीनामे में लिखा गया है, मैं ये लेख भारी हृदय और सत्यता के आधार पर लिख रही हूं। पिछले कुछ समय से जो भी स्थितियां हमारी फिल्म अन्नपूर्णी को लेकर उत्पन्न हुई है, मैं उन सब के संबंधित सभी देशवासियों को संबोधित करना चाहती हूं। इतना ही नहीं उन्होंने खुद को लेकर कहा कि वो भी भगवान में आस्था रखती हैं और ये सब अनजाने में की गई एक गलती है। बता दें कि साउथ की लेडी सुपरस्टार कही जाने वाली एक्ट्रेस नयनतारा बीते कुछ दिनों से अपनी फिल्म अन्नपूर्णी को लेकर चर्चा में हैं। बढ़ते विवादों के चलते फिल्म को ओटटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स से हटा भी दिया गया। एक्ट्रेस और मेकर्स के खिलाफ एफआईआर तक दर्ज करा दी गई थी। मूवी पर भगवान राम का अपमान करने का आरोप लगाया गया था। ऐसे में अब तमाम विवादों के बाद नयनतारा ने इस पूरे मामले को लेकर सफाई दी है। नयनतारा ने खुद को भगवान में आस्था रखने वाली बताते हुए लिखा, ऐसा कृत्य अनजाने में भी मेरी सोच से कोसों दूर है, क्योंकि मैं खुद एक ऐसी इंसान हूं, जो पूर्ण रूप से भगवान में आस्था रखती है और देशभर के मंदिरों का भ्रमण करती रहती है। इस मुद्दे की गंभीरता को समझते हुए मैं उन



तमाम लोगों से तहे दिल से माफी मांगती हूं, जिनकी भावनाओं को हमने ठेस पहुंचाई है। इसके साथ ही एक्ट्रेस अपनी पोस्ट के अंत में लिखती हैं, अन्नपूर्णी के पीछे हमारा उद्देश्य उत्थापन करना और प्रेरणा देना था, ना कि कष्ट पहुंचाना। पिछले दो दशकों से फिल्म इंडस्ट्री में मेरी यात्रा एक ही उद्देश्य को चरितार्थ करने में रही है एक-दूसरे से सीखने और पॉजिटिविटी को बढ़ाने में। स्नेह शुभेच्छाओं के साथ नयनतारा। जवान एक्ट्रेस ने पत्र में आगे लिखा, किसी भी फिल्म का निर्माण सिर्फ वित्तीय लाभ नहीं बल्कि उससे जुड़ा संदेश पहुंचाना है। यही बात मैं अन्नपूर्णी के लिए कह सकती हूं कि उससे संबंधित भावनाएं और मेहनत एक निर्दोष सोच के साथ की गई है, जिसका उद्देश्य जीवन की यात्रा का प्रतिबिंब दिखाना एवं दृढ़ इच्छाशक्ति से बाधाओं को दूर करना है। ईमानदारी से एक पॉजिटिव मैसेज पहुंचाने की हमारी कोशिश में हमसे अनजाने में आप लोगों की भावनाएं आहत हुईं। हमें ये बिल्कुल अंदाजा नहीं था कि पहले सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी हमारी सेंसरयुक्त फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म से हटा दिया जाएगा। मेरी व मेरी टीम का इरादा किसी की भी भावनाओं आ आस्था को ठेस पहुंचाना नहीं था। बहरहाल, अगर नयनतारा के वर्कफ्रंट की बात की जाए तो उन्हें आखिरी बार फिल्म अन्नपूर्णी में देखा गया था। इसके पहले वो शाहरुख खान की फिल्म जवान में दिखी थीं। इस मूवी के जरिए एक्ट्रेस ने बॉलीवुड में डेब्यू किया था।

# फिल्म राजा साब का बेसब्री से इंतजार

फैंस को सुपर स्टार प्रभास की अगली फिल्म राजा साब का बेसब्री से इंतजार है। यह पिछले कुछ दिनों से काफी सुर्खियां बटोर रही है। अब इसको लेकर नई अपडेट मिली है। प्रभास ने अपने इंस्टाग्राम पर इस फिल्म का पहला पोस्टर शेयर कर लोगों में जोश जगा दिया है। इसके फर्स्ट लुक पोस्टर में प्रभास नए और अतरंगी लुक में दिख रहे हैं। प्रभास लुंगी लहरा रहे हैं। प्रभास का ये साउथ इंडियन लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। काली शर्ट, लुंगी और स्लीपर पहने प्रभास को देख उनके फैंस की एक्साइटमेंट सातवें आसमान पर है। प्रभास के बैकग्राउंड में एक गली और उसमें




खूब सारी आतिशबाजी देखने को मिल रही है। प्रभास ने पोस्टर शेयर कर लिखा, इस त्योहारी सीजन में ये लीजिए द राजा साब की पहली झलक। आप सभी को शुभकामनाएं। प्रभास के लुक को देखकर लग रहा है कि नई फिल्म में वह गली के बादशाह टाइप का कोई रोल कर रहे हैं। बाकी उनका तेवर और फिल्म का टाइटल तो है ही राजा साब।

# हनु मैन बनी दर्शकों की पसन्दीदा फिल्म

तेलगू फिल्म हनु मैन दर्शकों की पसन्दीदा फेवरेट फिल्म बन चुकी है। एक्टर तेज सज्जा की इस फिल्म का बजट बहुत बड़ा नहीं है। ना ही इसमें कोई बहुत बड़ा सुपरस्टार है। गर पहले पोस्टर से दर्शकों की दिलचस्पी जगाने वाली इस फिल्म ने सिनेमाघरों में जो माहौल जमा रखा है, उसकी उम्मीद किसी को भी नहीं रही होगी। ऑरिजिनल तेलुगू वर्जन के साथ हनु मैन को हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में भी रिलीज किया गया है। तेलुगू के साथ हिंदी वर्जन से भी फिल्म की जमकर कमाई हो रही है। हनु मैन का क्रेज ऐसा है कि एक




सॉलिड वीकेंड के बाद फिल्म ने सोमवार को भी धांसू कमाई की है। सीमित बजट में बनी हनु मैन के स्पेशल इफेक्ट्स और विजुअल्स की तारीफ की जा रही है। माइथोलॉजी पर बेस्ड इस सुपर हीरो फिल्म को फैमिली ऑडियंस बहुत पसंद कर रही है।

# रियलिटी शो डांस दीवाने में नजर आएंगे सुनील


रियलिटी शो डांस दीवाने के अपकमिंग सीजन में एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित नेने के साथ एक्टर सुनील शेट्टी भी नजर आएंगे। यह सीजन डांसर्स की तीन जनरेशन्स को एकजुट करते हुए, एंटरटेनमेंट के लेवल को बढ़ाने के लिए तैयार है। इस शो में सुनील नेक्स्ट जनरेशन के डांस सुपरस्टार को ढूंढने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जजों के पैनल में शामिल सुनील और माधुरी शो में एनर्जी लाएंगे और कंटेस्टेंट के टैलेंट को नि



# फाइटर के ट्रेलर ने दर्शकों को बना दिया दीवाना

**- संवादों की हो रही है जबरदस्त तारीफ**

**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड की फिल्म फाइटर का टीजर जारी होने के बाद से दर्शकों में इस फिल्म को लेकर उत्सुकता नजर आई थी, जो ट्रेलर जारी होने के बाद परवान चढ़ गई है। ट्रेलर ने दर्शकों को फिल्म का दीवाना बना दिया है। दर्शकों द्वारा ट्रेलर में दिखाए गए संवादों की जबरदस्त तारीफ की जा रही है। ट्रेलर देखने के बाद तो सभी को यकीन हो गया कि इंडिया की पहली एरियल एक्शन फिल्म कही जा रही फाइटर में एक्शन बहुत दमदार होने वाला है। फाइटर के ट्रेलर में वो सबकुछ है जो इस गणतंत्र दिवस पर थिएटर्स में जनता की भीड़ जुटाने वाला है। फिल्म में ऋतिक और दीपिका के साथ एक दमदार कास्ट है जिसमें अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर, अक्षय ओबेरॉय और संजीदा शेख





जैसे नाम हैं। फाइटर में हवाई एक्शन तो सांस थाम लेने वाला है ही, साथ ही विजुअल्स भी शानदार लग रहे हैं। ऊपर से ऋतिक और दीपिका के किरदारों में लव स्टोरी का एंगल तो जनता को दिलचस्प लगेगा ही। मगर इसके साथ ही इस एक्शन एंटरटेनर में एक और मसाला बहुत दमदार तरीके से भरा गया है जो थिएटर्स में ऑडियंस की सीटियां और तालियां जमकर बटोरने वाला है- और ये मसाला है फिल्म के संवाद। बता दें कि गत वर्ष गणतंत्र दिवस पर पठान के जरिये सिनेमाघरों में धूम मचाने वाले निर्देशक सिद्धार्थ आनन्द एक बार फिर से गणतंत्र दिवस पर दर्शकों को देशभक्ति की नई मिसाल दिखाने जा रहे हैं।

# 'एनिमल' में रणबीर को थप्पड़ मारने के सीन को लेकर रश्मिका मंदाना ने किया खुलासा

रणबीर कपूर की एनिमल फिल्म पिछले कुछ दिनों से काफी चर्चा में है। संदीप वांगा रेड्डी के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी। फिल्म में रणबीर के साथ साउथ सुपरस्टार रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में थीं। 'एनिमल' में रश्मिका ने रणबीर की पत्नी का किरदार निभाया है।

इसी बीच फिल्म में एक सीन दिखाया जाता है, रश्मिका गुस्से में रणबीर को थप्पड़ मार देती हैं। इस सीन को लेकर रश्मिका ने एक इंटरव्यू में खुलासा किया कि रणबीर को थप्पड़ मारने के बाद वह खूब रोईं थीं। रश्मिका ने कहा, 'यह पूरा सीन एक टेक में शूट किया गया था। मुझे बिल्कुल पता नहीं था कि सीन में क्या करना है। संदीप ने मुझसे कहा कि बस सोचो कि कोई व्यक्ति ऐसी स्थिति में कैसे व्यवहार करेगा और उसके अनुसार कार्य करेगा और मैंने बिल्कुल वैसा ही किया। मुझे बस इतना ही याद है। उसके बाद सीन शूट करते वक्त मैंने क्या किया, इसके बारे में मुझे कुछ



भी याद नहीं है।" रश्मिका ने कहा कि मैं वास्तव में रणबीर को थप्पड़ मारने के उस दृश्य के बाद मैं बहुत रोइ थी। मैंने रणबीर को थप्पड़ मारा। उन पर चिल्ला रही थी। उस सीन के बाद मैं रणबीर के पास गयी और उनसे पूछा कि 'क्या आप ठीक हैं।' रश्मिका ने आगे कहा, "यह सीन एक टेक में शूट कर लिया गया। हमने इसकी शूटिंग आधे दिन में ही खत्म कर ली थी। मुझे यह बहुत अच्छा लगा और उस पल में मुझे इस बात का एहसास हुआ कि एक कलाकार होने का उच्चतम स्तर यही है। लोग हर बार इस तरह का सीक्वेंस नहीं लिखते हैं। मैं बहुत खुश हूं कि मैंने यह फिल्म और यह सीक्वेंस शूट किया। फिल्म 'एनिमल' में काफी एक्शन सीन देखने को मिले हैं। फिल्म में काफी खून-खराबा, हिंसा और बोल्ड सीन भी हैं। 'एनिमल' में रणबीर कपूर ने पहली बार हिंसक किरदार निभाया है। फि ल्म समीक्षकों के साथ-साथ फि ल्म उद्योग के कुछ कलाकारों ने फि ल्म और इसकी कहानी की आलोचना की है। फिल्म 'एनिमल' पिछले साल 1 दिसंबर 2023 को रिलीज हुई थी। फिल्म में रणबीर और रश्मिका के साथ-साथ बॉबी देओल, अनिल कपूर, तृप्ति डिमरी, सुरेश ओबेरॉय भी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म ने वर्ल्डवाइड 843 करोड़ की कमाई की है।

## सूडोकु नवताल- 6678

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | 6 | 4 |
| 1 | | | | 3 | 6 | | 9 | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | | 7 | 5 | | | | 3 |
| 3 | 7 | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6677 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7425

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | न | मू | ल्य | वा | न | ग | ल | ट |
| रा | वि | प | प्रे | क | न्या | स | द | ज | कां | भा |
| चु | मे | ष | ह | दी | छ | मि | आ | ब | वृ | ग्य |
| इं | को | ब | न | ल | वा | स | थु | ल | ष | वा |
| डि | च | मी | भ | ग | वा | न | क्रो | न | भ | न |
| य | वा | न | र | रा | क | न | ती | ण | य | र |
| द | न | र्निं | ग | ट्रे | न | र | स | सा | श | स |
| क | ह | ऊ | द | द | ब | क | फ | ग | वा | क |
| रा | म | तु | ला | या | म | प | क | वा | न | आ |
| क | गॉ | ल | प | लि | वा | कुं | भ | न | प | द |
| ज्ञा | न | वा | न | या | क | न | व्य | ब | त | म |

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'वान' शब्द लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

कोचवान, भगवान, मूल्यवान, पकवान, यशवान, ज्ञानवान, भाग्यवान, दयावान, सागवान, पहलवान

**शब्दजाल - 7424 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | का | र्या | ल | य | द | मं | सि | या | र | क |
| दा | वि | ल | ग | व | जी | त्रा | द | इ | ता | ली |
| गि | सू | शे | ल | बा | छ | ल | ता | रा | क | क |
| री | ज | च | दो | दे | ज | य | ह | न | त | चि |
| मे | खु | दो | ना | वा | लं | का | म | ग | व | कि |
| घा | द | ल | प | ल | ख | पू | ना | हि | र | त्सा |
| ल | लो | म | ड़ी | य | य | र | शौ | र | र | ल |
| य | र्ज | ल्जा | ई | धा | ब | क | चा | लो | श | य |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | न्या | या | ल | य | प | क |
| तें | भो | ज | ना | ल | य | र्त | य | बें | हा | त |
| क | दु | ल्हे | रा | नी | ल | वि | द्या | ल | य | थ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6378

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | | 7 | 4 | | | |
| 5 | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | 1 |
| | | | 6 | 4 | | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | 6 |
| | 6 | | 4 | | 3 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

**अष्टयोग 6377 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 3 | 31 | 2 | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore




# सात्विक–चिराग और प्रणय क्वार्टर फाइनल में पहुंचे खेल रत्न का डेनमार्क की जोड़ी से होगा सामना

**नई दिल्ली।**
**डेनमार्क की जोड़ी से खेलेंगे सात्विक-चिराग बीते वर्ष छह खिताब जीतने वाले सात्विक और चिराग को पहले दौर के मुकाबले यहां ज्यादा संघर्ष नहीं करना पड़ा। दोनों ही गेमों में भारतीय जोड़ी ने शुरू से बढ़त बनाकर रखी और इसे अंत तक कायम रखा। उनका क्वार्टर फाइनल में सामना डेनमार्क की पांचवीं वरीय जोड़ी किम एस्ट्रप और एंडर्स रासमुसेन के साथ होगा, जिन्होंने चीनी जोड़ी को तीन गेमों के संघर्ष में हराया।**

### प्रियांशु को प्रणय ने उलटफेर से रोका

प्रणय और प्रियांशु के बीच मुकाबला बेहद संघर्षपूर्ण रहा। प्रियांशु ने पहले दौर में 2022 के विजेता लक्ष्य सेन को पराजित कर उलटफेर किया था। यहां भी उन्होंने पहले दौर जैसी शुरूआत की और पहला गेम 22–20 से अपने नाम कर लिया, लेकिन दूसरे गेम में प्रणय ने जबरदस्त शुरुआत करते हुए 5–0 की बढ़त बना ली, लेकिन प्रियांशु हार नहीं मानने वाले थे। उन्होंने स्कोर 10–12 कर दिया।

लगा प्रियांशु यहां भी उलटफेर कर सकते हैं, लेकिन एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले प्रणय ने अपने अनुभव का पूरा इस्तेमाल करते हुए 21–14 से गेम अपने नाम कर लिया। तीसरे गेम में भी प्रणय ने शुरुआती बढ़त बनाई और अंत तक इसे कायम रखा।

### नामी खिलाड़ी हारे

वहीं टूर्नामेंट के तीसरे दिन गत विजेता थाईलैंड के कुनलावत वितिदसर्न के अलावा ऑल इंग्लैंड विजेता चीन के ली शी फेंग, जापान की पूर्व विश्व नंबर एक अकाने यामागुची को हार का सामना करना पड़ा। कुनलावत को हांगकांग के ली चेक यू ने 16–21, 22–20, 23–21 से, चौथी वरीय यामागुची को थाईलैंड की बुसानन ने 21–11, 21–19 से और जापान के कोकी वातानाबे ने चीन के ली शी फेंग को 21–14, 13–21, 21–9 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मलयेशिया के ली जी जिया ने पांचवीं वरीय इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को 21–15, 21–13 से हराया।

## न्यूज ब्रीफ

### जोंटी रोड्स ने श्रीलंका क्रिकेट से जुड़ने से किया इनकार, नियुक्ति की खबरों को बताया गलत

**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी जोंटी रोड्स ने श्रीलंका के सलाहकार कोच बनने से



इनकार कर दिया। 18 जनवरी को श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने आधिकारिक विज्ञप्ति जारी कर यह बताया था कि जोंटी रोड्स को सलाहकार कोच के रूप में नियुक्त किया गया है। अब जोंटी रोड्स ने श्रीलंका क्रिकेट से जुड़े होने से इनकार कर दिया है। एसएलसी की एक विज्ञप्ति में कहा गया था कि रोड्स को भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण और श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम के पूर्व फिजियोथेरेपिस्ट एलेक्स कोंटूरी के साथ सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया था। शासी निकाय ने इन नियुक्तियों के महत्व को बताते हुए एक विज्ञप्ति भी जारी की और कहा कि यह देश में खेल की उन्नति के लिए है। हालांकि, आधिकारिक घोषणा के एक दिन बाद जोंटी रोड्स ने स्पष्ट किया कि उन्होंने श्रीलंका क्रिकेट के साथ किसी भी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। रोड्स वर्तमान में इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपर जाइंट्स में डरबन सुपर जाइंट्स से जुड़े हुए हैं। रोड्स ने एक्स पर पोस्ट किया, यह मेरे लिए खबर है अपने तथ्य जांचें। बता दें कि रोड्स को 2015 में पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए 10 दिनों के लिए श्रीलंका के फील्डिंग कोच के रूप में नियुक्त किया गया था। बाद में, वह मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे और बाद में उसी भूमिका में पंजाब किंग्स में शामिल हो गए। इस बीच, श्रीलंका क्रिकेट की आधिकारिक घोषणा के बाद भरत अरुण ने अभी तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

### कोलिन्स इस सत्र के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगी

**मेलबर्न ।** ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिक के दूसरे दौर में हार के बाद अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी डेनिएल



कोलिन्स ने कहा है कि 2024 डब्ल्यूटीए टूर सीज़न दौरे के बाद वह खेल को अलविदा कह देंगी। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक के हाथों कोलिन्स को हार का सामना करना पड़ा है। ऑस्ट्रेलियन ओपन के अनुसार डेनिएल कोलिन्स के लिए यह अंतिम ऑस्ट्रेलियाई ओपन है, कोलिन्स के अनुसार वह इस साल के बाद खेलना बंद कर देंगी। कोलिन्स ने स्वीयाटेक से सेट और एक ब्रेक डाउन से पिछड़ने के बाद तीसरे सेट में 4–1 की बढ़त बना ली। वहीं पोलैंड की खिलाड़ी ने शानदार वापसी करते हुए रॉड लेवर एरेना में 6–4, 2–6, 6–4 से जीत हासिल की। कोलिन्स ने मैच के बाद कहा, वास्तव में यह मेरा आखिरी प्रतिस्पर्धात्मक सीजन होने जा रहा है। मैं वास्तव में नहीं जानती कि कब, लेकिन यह मेरा आखिरी सत्र होगा और मैं वास्तव में इसका इंतजार कर रही हूं। मुझे लगता है कि मेरा करियर बहुत अच्छा रहा है। इसमें निश्चित रूप से उतार-चढ़ाव रहे हैं, और मुझे लगता है कि यात्रा और शेड्यूल के साथ कोर्ट से दूर कुछ चीजें और हैं जिन्हें अब पूरा करना है। मेरे पास अन्य चीजें हैं जिन्हें मैं टेनिस के बाहर अपने जीवन में पूरा करना चाहती हूं, और मैं ऐसा करने में सक्षम होने के लिए समय निकालना चाहूंगी।

### मुंबई इंडियंस एमिरेट्स आईएलटी20 टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेगी : पूरन

**दुबई ।** मुंबई इंडियंस एमिरेट्स के कप्तान निकोलस पूरन ने कहा है कि उनकी टीम लीग आईएलटी20



क्रिकेट टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार है। छह टीमों के आईएलटी20 टूर्नामेंट में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर सहित कई दिग्गज खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। पूरन ने कहा कि मुंबई फ्रेंचाइजी का हिस्सा होना शानदार अनुभव है पर इससे बेहतर प्रदर्शन का दबाव भी पड़ता है। यह फ्रेंचाइजी करीब एक दशक से टी20 क्रिकेट से जुड़ी हुई है और हर कोई जानता है कि मुंबई सबसे अच्छी फ्रेंचाइजी में से एक है। उन्होंने कहा कि एक ग्रुप के तौर पर हम जहां तक संभव हो बेहतर प्रदर्शन कर जीत हासिल करने का प्रयास करेंगे। पूरन ने कहा कि मुंबई का प्रतिनिधित्व करना और खेलना बहुत दबाव भरा है पर यही इसका सकारात्मक पक्ष भी है। हम इस चुनौती को स्वीकार करते हैं। हम बतौर ग्रुप इस टूर्नामेंट के लिए तैयार हैं। हम उत्साहित हैं और हम सफल होना चाहते हैं हालांकि हम जानते हैं कि यह आसान नहीं रहेगा। इस टूर्नामेंट में मुंबई अमीरात के अलावा अबुधाबी नाइट राइडर्स , डेजर्ट वाइपर्स, दुबई कैपिटल्स , गल्फ जाइंट्स और शारजाह वारियर्स जैसी टीमें शामिल है। वॉर्नर, बोल्ट और ब्रावो के साथ इसमें सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, कोरी एंडरसन, दासुन शनाका, रहमानुल्लाह गुरबाज, सैम बिलिंग्स, क्रिस वोक्स और मार्टिन गुप्टिल भी खेलेंगे।

# हाई परफॉरमेंस निदेशक ने जसपाल राणा को रेंज से निकलने को कहा, मनु भाकर की तैयारियों को देख रहे थे

**नई दिल्ली ।**
विवादों में रहने भारतीय शूटिंग टीम के हाई परफॉरमेंस निदेशक पियरे ब्यूशेंप ने एक और विवाद को हवा दे दी है। शूटर मनु भाकर के कोच और एशियाई खेलों में चार स्वर्ण पदक समेत आठ पदक जीतने वाले अर्जुन अवॉर्डी, पद्म श्री शूटर जसपाल राणा ने दावा किया है कि उन्हें ब्यूशेंप ने कर्णी सिंह शूटिंग रेंज से निकल जाने के लिए कहा। जसपाल राणा का कहना है कि वह पेरिस ओलंपिक की तैयारियों में जुटीं राष्ट्रमंडल, एशियाई खेल और यूथ ओलंपिक की गोल्ड मेडलिस्ट मनु भाकर के लिए कर्णी सिंह रेंज गए थे।



### अभ्यास कर रहे शूटरों से दूर खड़े थे राणा

ब्यूशेंप ने इस दौरान राष्ट्रीय शूटिंग संघ (एनआरएआई) की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का हवाला देते हुए उनसे रेंज से बाहर जाने के लिए कहा। जसपाल का कहना है कि वह उस जगह से काफी दूर खड़े थे, जहां शूटर अभ्यास कर रहे थे, लेकिन वह मेरे पास आए और कहने लगे कि आप यहां नहीं खड़े हो सकते, आपको रेंज से बाहर जाना होगा, वरना वह एनआरएआई के साथ परेशानी में पड़ जाएंगे। जसपाल ने ब्यूशेंप से कहा कि उनसे परेशान होने की जरूरत नहीं है। वह एक अर्जुन अवॉर्डी हैं और राष्ट्रीय कोच रह चुके हैं। इस पर ब्यूशेंप ने कहा कि अभी आप राष्ट्रीय कोच नहीं है, इस लिए आप रेंज से चले जाएं।

### एनआरएआई ने कहा एसओपी का पालन हो

जसपाल का कहना है कि वह उन्हें रेंज से जाने के लिए कैसे कह सकते हैं वहीं एनआरएआई का इस मुद्दे पर कहना है कि खेल के बेहतर हित में एसओपी का पालन किया जाना चाहिए। इस बार ओलंपिक में शूटरों ने रिकॉर्ड कोटा हासिल किए हैं। यह शूटरों, प्रशिक्षकों की कठिन मेहनत और हाई परफॉरमेंस निदेशक के समन्वय से संभव हुआ है। शूटरों और निजी प्रशिक्षकों को हिदायत दी गई है कि वे कंपटीशन और शिविर के दौरान एसओपी का गहराई से पालन करें।

### मनु से कहा कोच को कहें बाहर जाएं

जसपाल राणा ने कहा कि वह इस बारे में एनआरएआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कलिकेश सिंह देव को लिखेंगे, साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय को भी इस घटना से अवगत कराएंगे। राणा ने यहां तक कहा कि उन्हें रेंज से बाहर जाने के लिए कहने के बाद उन्होंने मनु से कहा कि वह अपने कोच को रेंज से बाहर जाने के लिए कहें। राणा बीते वर्ष ही दोबारा बतौर कोच मनु के साथ जुड़े हैं।

## भारत में अपने टूर्नामेंटों का आयोजन करना चाहता है एसीबी

**मुम्बई ।** अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) भारत में अपने अंतरराष्टीय मैचों का आयोजना करना चाहता है। इसके लिए एसीबी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से बात कर उसकी अनुमति चाहता है। इससे पहले भी अफगानिस्तान टीम ने भारत में अपने टूर्नामेंट खेले हैं। अफगानिस्तान क्रिकेट टीम को अगले साल टी–20 विश्व कप के बाद जुलाई में बांग्लादेश के विरुद्ध टेस्ट और सीमित ओवरों के क्रिकेट की सीरीज खेलनी है। उसी के लिए टीम अपनी तैयारियों के लिए भारत में टूर्नामेंट खेलना चाहती है। एसीबी अपना टूर्नामेंट लखनऊ में आयोजित करना चाहता है। इससे पहले अफगान टीम ने भारत में लखनऊ, ग्रेटर नोएडा और देहरादून में अपने मुकाबले खेले हैं। एसीबी ने इसके बाद अपने टूर्नामेंट संयुक्त अरब अमीरात में भी रखे थे। पिछले साल नवंबर में एसीबी ने यूएई में अगले पांच साल तक अपनी घरेलू सीरीज कराने का करार किया था पर अब यहां होने वाले भारी खर्च को देखते हुए वह यूएई की जगह इन मैचों को भारत में आयोजित करना चाहता है। एसीबी की परेशानी ये है कि सुरक्षा कारणों से कोई भी टीम उसके यहां नहीं जाना चाहती है। ऐसे में उसे अपने सभी मुकाबले तटस्थ स्थल पर ही खेलने पड़ते हैं। आईसीसी से मान्यता मिलने के बाद से ही अफगान टीम भारत में खेलती आई है। इसके साथ ही वह अपने अंतरराष्टीय मैचों का आयोजन भी भारत में करती रही है।

# रविचंद्रन अश्विन को मिला प्राण प्रतिष्ठा समारोह का न्यौता, बीसीसीआई से ले सकते हैं एक दिन की छुट्टी



**नई दिल्ली।**
आयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए देश की बड़ी हस्तियों को निमंत्रण दिया जा रहा है। ऐसे में भारतीय क्रिकेट के पूर्व दिग्गजों के साथ-साथ वर्तमान स्टार खिलाड़ियों को भी आमंत्रण भेजा जा रहा है। भारतीय टीम के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को भी प्राण प्रतिष्ठा समारोह से लिए निमंत्रण दिया गया है।

क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर, भारतीय टीम के किंग यानी विराट कोहली, कैप्टन कूल एमएस धोनी को पहले ही अयोध्या में होने जा रहे राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का न्योता दिया जा चुका है। अब, ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को भी आमंत्रण दिया गया है। अश्विन को यह निमंत्रण चेन्नई स्थित उनके घर पर दिया गया। बता दें कि वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए हैदराबाद के लिए रवाना होंगे।

### रविचंद्रन अश्विन को मिला न्यौता

स्टार ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को यह निमंत्रण तमिलनाडु भाजपा की ओर से मिला। राज्य के बीजेपी सचिव डॉ. एसजी सूर्या और उपाध्यक्ष वेंकटरमन सी. ने अश्विन को यह निमंत्रण पत्र दिया। उम्मीद की जा रही है कि वह बीसीसीआई से इस क्रार्यक्रम में शामिल होने के लिए एक दिन की छुट्टी मांग सकते हैं। फिलहाल वह इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट की तैयारी में लगे हैं।

### 25 जनवरी खेला जाएगा पहला टेस्ट मैच

बता दें कि भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच हैदराबाद में खेला जाएगा। 25 जनवरी से इसकी शुरुआत होगी। भारतीय टीम ने इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी है। इंग्लैंड ने आखिरी बार 2012–13 में टेस्ट सीरीज जीती है। इसके बाद से उसे हर बार मात मिली है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन टेस्ट सीरीज शुरू होने से पहले ही चेतावनी दी है कि टर्निंग पिच का दांव भारत के लिए उल्टा पड़ जाएगा।

# साक्षी मलिक की अपील, बोलीं- तदर्थ समिति की राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लें पहलवान

**नई दिल्ली।**
**भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीडऩ के आरोप लगाने वाली रियो ओलंपिक की पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने पहलवानों से गुहार लगाई है कि वह तदर्थ समिति की ओर से जयपुर में कराई जाने वाली राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लें। उन्होंने पहलवानों से अपील की है कि वे निलंबित कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष संजय सिंह की ओर से कराई जा रही राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग नहीं लें। उन्होंने कहा कि तदर्थ समिति की ओर से 2 से पांच फरवरी को कराई जा रही चैंपियनशिप को सरकार से मान्यता प्राप्त है। साक्षी ने संजय सिंह के कुश्ती महासंघ का अध्यक्ष बनने के विरोध में कुश्ती से संन्यास ले लिया था।**




दरअसल, हाल ही में भारतीय कुश्ती महासंघ के निलंबन के बाद भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने खिलाड़ियों की सुविधा के लिए तीन सदस्यीय तदर्थ समिति का गठन कर दिया। मेरठ के भूपिंदर सिंह बाजवा की अध्यक्षता में समिति कुश्ती महासंघ का काम संभालेगी। समिति के सदस्यों में पूर्व हॉकी ओलंपियन एमएम सोमाया और राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता पूर्व बैडमिंटन खिलाड़ी मंजूषा कंवर शामिल हैं। भारतीय वूशु संघ के अध्यक्ष रहे बाजवा पिछली तदर्थ समिति में भी सदस्य थे। बाजवा ने एलान किया कि जनवरी में कुश्ती की जूनियर और सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप होगी। इसके बाद, ओलंपिक क्वालिफाइंग की तैयारियों के लिए राष्ट्रीय शिविर लगाया जाएगा।

# ऑस्ट्रेलिया के बाद उज्बेकिस्तान से हारा भारत अंक तालिका में सबसे नीचे टीम इंडिया

**अल रेयान ( कतर )।**
अपने पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया की मजबूत टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश करने वाली भारतीय टीम एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने दूसरे ग्रुप मैच में उज्बेकिस्तान से 3–0 से हार गई। उज्बेकिस्तान के लिए अबोसबेक फैजुल्लाएव ने चौथे मिनट, इगोर सर्जीव ने 18वें मिनट और शेरजोद नसरूल्लाएव ने हाफ टाइम से ठीक पहले गोल दागा। भारत विश्व रैंकिंग में 102वें, जबकि उज्बेकिस्तान 68वें नंबर पर है। दोनों के बीच अब तक कुल नौ मैच खेले गए हैं। इन नौ मैचों में भारत ने सिर्फ एक बार उज्बेकिस्तान को हराया है। छह मैच हारे और दो मैच ड्रॉ रहे। भारत ने 13 जनवरी को खेले गए अपने पहले मैच में खिताब के प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलिया को 50 मिनट तक गोल करने नहीं दिया था, लेकिन आखिर में उसे 0–2 से हार का सामना करना पड़ा। ऑस्ट्रेलिया ने आक्रामक रवैया अपनाया, लेकिन सुनील छेत्री की अगुआई वाली भारतीय टीम ने उसे बड़े अंतर से जीत दर्ज नहीं करने दी। भारतीय रक्षापंक्ति ने पहले हाफ में अच्छा खेल दिखाया और उज्बेकिस्तान के खिलाफ वह इसे जारी रखने की कोशिश करेंगे। उज्बेकिस्तान ने अपना पहला मैच सीरिया के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला था। भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने मैच से पहले कहा था,'उज्बेकिस्तान की टीम ऑस्ट्रेलिया की तरह मजबूत नहीं है, लेकिन वह एक अच्छी टीम है इसलिए हमारे सामने इस मैच में भी बड़ी चुनौती होगी।' पिछले एक साल में चीन, ओमान और बोलिविया जैसी टीमों को हराने वाली उज्बेकिस्तान की टीम सीरिया के खिलाफ पिछले मैच में मौकों का फायदा नहीं उठा पाई थी। हालांकि, उन्होंने इसकी भरपाई भारत के खिलाफ कर दी। भारत और उज्बेकिस्तान के बीच इससे पहले 2001 में कुआलालंपुर में मर्डेका कप में मैच खेला गया था, जिसमें उज्बेकिस्तान की टीम ने 2–1 से जीत दर्ज की थी। उज्बेकिस्तान पिछले सात मैच में भारत से नहीं हारा है।



## जर्मनी से पेनल्टी शूटआउट में हारा भारत

# अब ओलंपिक में जगह के लिए जापान से होगा सामना

**रांची ।**
भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच ओलंपिक क्वालिफायर के सेमीफाइनल में जर्मनी के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में हार का सामना करना पड़ा। निर्धारित समय में दोनों टीमें 2–2 से बराबरी पर थीं और मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंच गया, जहां भारत जर्मनी से 3–4 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ जर्मनी ने इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया। हालांकि, भारत के लिए राहत की बात यह है कि अगर टीम तीसरे–चौथे स्थान के मैच में जापान को हरा देती है तो उसके पास ओलंपिक में अपना स्थान पक्का करने का मौका होगा।

**पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करेंगी शीर्ष तीन टीमें** – इस टूर्नामेंट से शीर्ष तीन टीमें पेरिस खेलों के लिए क्वालिफाई करेंगी। दुनिया की पांचवें नंबर की टीम जर्मनी फाइनल में अमेरिका से भिड़ेगी। शूटआउट में सविता ने दो बेहतरीन बचाव किए, लेकिन नवनीत कौर, नेहा गोयल, संगीता कुमारी और सोनिका सडन डेथ में गोल करने से चूक गईं और जर्मनी को पेरिस खेलों का टिकट दिला दिया। मैच में पहला गोल जर्मनी ने दागा। उसने 15वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर ड्रैग फ्लिक से गोल अर्जित किया। हालांकि, यह बढ़त ज्यादा देर तक नहीं चली, क्योंकि 27वें मिनट में भारत ने गोल दाग स्कोर 1–1 से बराबर कर दिया। जर्मनी ने चौथे क्वार्टर में 57वें मिनट में गोल दाग एक बार फिर से बढ़त हासिल की। ऐसा लग रहा था कि टीम इंडिया के हाथ से यह मैच आसानी से निकल जाएगा, लेकिन 59वें मिनट में भारत की ओर से गोल आया और स्कोर 2–2 से बराबर हो गया। हालांकि, फिर पेनल्टी शूटआउट में टीम इंडिया हार गई।



**अमेरिका ने सेमीफाइनल में जापान को हराया** – इससे पहले अमेरिका ने पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए शानदार प्रदर्शन की बदौलत पूर्व एशियाड चैंपियन जापान को 2–1 से हराकर एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालिफायर के फाइनल में प्रवेश किया था और साथ पेरिस ओलंपिक में स्थान सुनिश्चित किया। जापान ने अमिरू शिमाडा के 38वें मिनट में किए गए गोल से बढ़त हासिल की, लेकिन फिर अमेरिका ने एशले होफमैन (52वें मिनट) और एबिगेल टैमर (55वें मिनट) के पेनाल्टी कॉर्नर से किए गोल की बदौलत जीत हासिल की।

जापान ने शुरू से ही आक्रामक हॉकी खेली जिससे उसे दूसरे ही मिनट में पहला पेनाल्टी कॉर्नर मिल गया, लेकिन टीम इस मौके का फायदा नहीं उठा सकी। अमेरिका ने कई बार सर्कल के अंदर सेंध लगाई, लेकिन जापानी रक्षापंक्ति अडिग रही। अमेरिका को 11वें मिनट में पहला पेनाल्टी कॉर्नर मिला और जापानी गोलकीपर एका नाकामुरा ने इसे नाकाम कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी जापान ने आक्रामक खेल जारी रखा और 17वें मिनट में दूसरा पेनाल्टी कॉर्नर हासिल किया।

तीसरे क्वार्टर में दोनों टीमें कोशिश करती रहीं, पर कोई गोल नहीं हुआ।एक गोल से पिछड़ रही अमेरिका ने अंतिम क्वार्टर में जापानी डिफेंस पर दबाव बनाया और उसकी योजना कारगर रही। उसने दो मिनट के अंदर दो पेनाल्टी कॉर्नर हासिल कर इन्हें गोल में बदलकर जीत हासिल की। टूर्नामेंट में अभी तक अमेरिका को हार का सामना नहीं करना पड़ा है।

জনতাৰ চৰকাৰ | my GOV मेरी सरकार

सत्यमेव जयते

Government of Assam
Department of Food, Public Distribution and Consumer Affairs





As per decision of Assam Cabinet

# Ensuring food security - yet another promise fulfilled by Government of Assam

## 16 - 25 January 2024

## Distribution of new Ration Cards

In every new Legislative Assembly Constituency



**Benefits of Ration Card**

- Antyodaya Anna Yojana (AAY) ration card holders receive 35 kg of free rice per month and each member of Priority Household (PHH) receives 5 kg of free rice per month. All new Ration Card holders will get this benefit from January 2024.
- Every ration card holder will get free medical services up to ₹5 lakh per annum through Ayushman Card under Ayushman Bharat Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana and Ayushman Assam Mukhya Mantri Jan Arogya Yojana.
- Ration card holders who currently do not have LPG connections will get free LPG connections under the Pradhan Mantri Ujjwala Yojana (PMUY). Under the Ujjwala scheme, beneficiaries initially receive gas stove, pipe, regulator and cylinder with gas weighing 14.20 kg or two cylinders with gas weighing 5 kg free of charge. On refilling the next time, the beneficiary can avail ₹300 off from the total cost of LPG as cash back.

Chief Guest
**Dr Himanta Biswa Sarma**
Chief Minister, Assam

| | | |
|---|---|---|
| No. 47 Mazbat | 21-01-2024 | 11 AM |
| No. 97 Nazira | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 100 Jorhat | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 104 Dergaon | 23-01-2024 | 3 PM |

## Schedule for distribution of ration cards in new Legislative Assembly constituencies

| Number and Name of new LAC | New Ration Cards as on 16-12-2023 | New beneficiaries as on 16-12-2023 | Minister or other official to be present | Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| No. 6 Golakganj | 7,575 | 29,394 | Shri Sanjoy Kishan, Minister | 24-01-2024 | 12 PM |
| No. 7 Gauripur | 9,568 | 40,558 | | 24-01-2024 | 10 AM |
| No. 8 Dhubri | 10,955 | 52,429 | | 23-01-2024 | 12 PM |
| No. 9 Birsing Jarua | 15,866 | 71,372 | | 23-01-2024 | 10 AM |
| No. 11 Mankachar | 11,702 | 80,842 | Shri Ranjeet Kumar Dass, Minister | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 12 Jaleswar | 7,041 | 16,531 | Shri Ashok Singhal, Minister | 25-01-2024 | 3 PM |
| No. 13 Goalpara West (ST) | 4,948 | 11,656 | | 25-01-2024 | 1 PM |
| No. 14 Goalpara East | 19,258 | 50,710 | | 25-01-2024 | 11 AM |
| No. 19 Sidli Chirang(ST) | 9,574 | 48,657 | Smti Nandita Gorlosa, Minister | 21-01-2024 | 10 AM |
| No. 21 Bhowanipur-Sorbhog | 13,233 | 45,626 | Smti Nandita Gorlosa, Minister | 21-01-2024 | 2 PM |
| No. 22 Mandia | 10,979 | 32,594 | Shri Ranjeet Kumar Dass, Minister | 21-01-2024 | 3 PM |
| No. 23 Chenga | 6,530 | 20,810 | Shri Jayanta Mallabaruah, Minister | 21-01-2024 | 10 AM |
| No. 27 Chamaria | 11,736 | 45,895 | Shri Chandra Mohan Patowary, Minister | 23-01-2024 | 3 PM |
| No. 28 Boko Chaygaon (ST) | 12,090 | 46,819 | | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 29 Palasbari | 11,536 | 46,362 | | 24-01-2024 | 3 PM |
| No. 31 Rangia | 8,912 | 36,058 | | 21-01-2024 | 3 PM |
| No. 32 Kamalpur | 10,818 | 38,859 | Shri Jayanta Mallabaruah, Minister | 21-01-2024 | 3 PM |
| No. 34 Dimoria (SC) | 6,883 | 23,220 | Smti Ajanta Neog, Minister | 25-01-2024 | 2 PM |
| No. 35 New Guwahati | 6,814 | 20,196 | | 25-01-2024 | 11 AM |
| No. 36 Guwahati Central | 7,521 | 23,150 | Shri Chandra Mohan Patowary, Minister | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 38 Barkhetri | 9,657 | 37,119 | Shri Jayanta Mallabaruah, Minister | 21-01-2024 | 1 PM |
| No. 43 Tamulpur (ST) | 10,116 | 46,883 | Smti Nandita Gorlosa, Minister | 23-01-2024 | 10 AM |
| No. 44 Goreswar | 4,016 | 22,280 | Shri U.G. Brahma, Minister | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 47 Mazbat | 12,362 | 37,737 | Chief Minister, Assam & Shri Pramod Boro, CEM, BTR | 21-01-2024 | 11 AM |
| No. 49 Sipajhar | 11,600 | 31,822 | Smti Nandita Gorlosa, Minister | 23-01-2024 | 2 PM |
| No. 53 Laharighat | 14,079 | 35,227 | Shri Pijush Hazarika, Minister | 21-01-2024 | 11 AM |
| No. 54 Morigaon | 10,420 | 31,211 | Shri Sanjoy Kishan, Minister | 21-01-2024 | 11 AM |
| No. 59 Barhampur | 5,604 | 35,186 | Shri Keshab Mahanta, Minister | 23-01-2024 | 1 PM |
| No. 60 Nagaon-Batadraba | 5,704 | 28,522 | | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 67 Tezpur | 6,740 | 29,668 | Shri Pijush Hazarika, Minister | 25-01-2024 | 11 AM |
| No. 69 Naduar | 3,037 | 14,830 | | 24-01-2024 | 2 PM |
| No. 70 Biswanath | 10,663 | 38,937 | | 24-01-2026 | 11 AM |

| Number and Name of new LAC | New Ration Cards as on 16-12-2023 | New beneficiaries as on 16-12-2023 | Minister or other official to be present | Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| No. 71 Behali (SC) | 5,597 | 23,298 | Shri Pijush Hazarika, Minister | 23-01-2024 | 3 PM |
| No. 72 Gohpur | 8,671 | 33,326 | | 23-01-2024 | 12 AM |
| No. 73 Bihpuria | 4,912 | 22,426 | Shri Atul Bora, Minister | 25-01-2024 | 1 PM |
| No. 74 Ranganadi | 7,070 | 22,444 | | 25-01-2024 | 11 AM |
| No. 75 Nowboicha (SC) | 10,475 | 37,782 | | 24-01-2024 | 1 PM |
| No. 76 Lakhimpur | 10,517 | 50,945 | | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 82 Doom Dooma | 5,641 | 26,760 | Shri Bimal Borah, Minister | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 83 Margherita | 6,923 | 28,665 | | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 84 Digboi | 4,088 | 18,228 | | 23-01-2024 | 3 PM |
| No. 90 Duliajan | 5,612 | 21,351 | Shri Jogen Mohan, Minister | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 91 Tinkhong | 6,888 | 30,053 | Shri Bimal Borah, Minister | 21-01-2024 | 2 PM |
| No. 92 Naharkatia | 5,951 | 24,703 | Shri Jogen Mohan, Minister | 23-01-2024 | 02 PM |
| No. 95 Demow | 10,493 | 47,335 | Shri Jogen Mohan, Minister | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 97 Nazira | 7,150 | 34,584 | Chief Minister, Assam & Dr Ranoj Pegu, Minister | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 100 Jorhat | 6,328 | 23,103 | Chief Minister, Assam & Smti Ajanta Neog, Minister | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 101 Mariani | 7,545 | 25,161 | Dr Ranoj Pegu, Minister | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 104 Dergaon | 3,984 | 8,993 | Chief Minister, Assam & Smti Ajanta Neog, Minister | 23-01-2024 | 3 PM |
| No. 108 Bokajan (ST) | 9,247 | 39,123 | Shri Tuliram Ronghang, CEM, KAAC | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 109 Howraghat (ST) | 5,605 | 22,637 | | 21-01-2024 | 11 AM |
| No. 111 Rongkhang (ST) | 4,159 | 19,448 | | 25-01-2024 | 11 AM |
| No. 112 Amri (ST) | 6,893 | 26,898 | | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 113 Haflong (ST) | 6,887 | 27,722 | CEM, NCHAC | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 114 Lakhipur | 11,153 | 45,851 | Shri Jayanta Mallabaruah, Minister | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 117 Borkhola | 8,208 | 29,219 | Shri Jayanta Mallabaruah, Minister | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 118 Silchar | 8,822 | 29,300 | Dr Numal Momin, Deputy Speaker, ALA | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 121 Hailakandi | 8,163 | 45,012 | Shri Jayanta Mallabaruah, Minister | 23-01-2024 | 3 PM |
| No. 122 Algapur Katlicherra | 8,702 | 45,458 | Dr Numal Momin, Deputy Speaker, ALA | 25-01-2024 | 11 AM |
| No. 123 Karimganj North | 6,522 | 33,826 | Shri Parimal Suklabaidya, Minister | 23-01-2024 | 11 AM |
| No. 124 Karimganj South | 5,767 | 36,150 | | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 125 Patharkandi | 6,263 | 36,970 | Dr Numal Momin, Deputy Speaker, ALA | 24-01-2024 | 11 AM |
| No. 126 R K Nagar | 6,202 | 36,993 | Shri Parimal Suklabaidya, Minister | 24-01-2024 | 3 PM |

**All new Ration Card holders can avail their free rice from 16th January'24 to 31st January'24**

*-- Janasanyog /D/16610/ 23*

| Households covered | Beneficiaries covered | New beneficiaries | New ration cards |
|---|---|---|---|
| 66,38,399 | 2,31,88,213 | 42,85,745 | 10,73,489 |

Published by **Directorate of Information and Public Relations, Assam** | Connect with us @diprassam | dipr.assam.gov.in